ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • फाल्गुन कृष्ण पक्ष 01 • विक्रम संवत 2079 • सोमवार, 06 फरवरी 2023 • वर्ष-24 • अंक-07 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50





सिद्धार्थ-कियारा की शादी में 'नो फोन... पेज 12 पर


# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इज्जत देना जानते हैं : सरयू राय

*सरयू राय...नाम तो सुना ही होगा। चार दशक से ज्यादा का वक्त बीत गया राजनीति करते हुए। दामन पर एक भी दाग नहीं। साफ रहते हैं, साफ बोलते हैं। जहां गलत दिखता है, वहां चुप नहीं रहते। अमूमन किसी को छेड़ते नहीं। किसी ने छेड़ा तो छोड़ते भी नहीं। वह वाहिद राजनेता हैं, जिन्होंने सारी जिंदगी संघ की विचारधारा को ध्यान में रख कर राजनीति की और इन दिनों निर्दलीय विधायक होने के बावजूद वह कहते हैं कि हेमंत सोरेन को मैं बहुत मानता हूं, क्योंकि वह संस्कारी हैं, इज्जत देना जानते हैं। स्थानीयता के साथ-साथ कई विषयों पर राष्ट्रीय नवीन मेल के स्थानीय संपादक आनंद सिंह ने उनके निवास पर बातचीत की। पेश हैं, प्रमुख अंशः-*

- एक कार्यकर्ता के रूप में भाजपा मुझसे हाथ-पैर भी दबाने को कहती तो मैं दबा देता पर अपमान बर्दाश्त करना संभव नहीं
- मेरे हर कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीरें लगी होती हैं



**सवाल-नियोजन नीति को लेकर बहुत ज्यादा शोर-शराबा मच रहा है। क्या आप भी मानते हैं कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहीं कोई गड़बड़ी कर दी है? राज्यपाल ने वापस कर दिया है...**

**जवाब-**इस नीति को शुद्ध मन से नहीं बनाया गया है। प्रतिक्रिया में बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र में है और केंद्र से बहुत दबाव पड़ने लगे, मुख्यमंत्री से ईडी की पूछताछ हुई। उनके नजदीकी लोग हैं, उनको पुलिस ने पकड़ा जेल में भेजा, एक माहौल बना और इसमें मुझे लगता है कि मुख्यमंत्री जी को ये लगा कि अपने अखाड़े में मुझे खेलने को मजबूर कर रहे हैं, तो क्यों न हम अपने अखाड़े में इनको खींचें? अपना नैरेटिव तय करें। तो इसलिए मुख्यमंत्री जी ने 1932 का खतियान, नियोजन नीति, स्थानीय नीति, पिछड़े वर्ग का आरक्षण, इन बातों को कहा। साथ ही बातें प्रचारित भी हुईं और इन बातों को आने से भारतीय जनता पार्टी बैकफुट पर भी चली गई। यह मुख्यमंत्री की सफलता है, उनकी रणनीति सफल हुई है। जहां तक मेरिट का सवाल है, यह कहीं भी खरा नहीं उतरेगा। इनके विधि विभाग ने ही कहा है कि नियम संगत नहीं है, संविधान संगत नहीं है और राज्यपाल ने भी लौटा दिया है।

आपको याद होगा कि पिछले साल बजट सत्र चल रहा था तो 23 मार्च को मैंने ही अपने भाषण में कहा था कि मुख्यमंत्री जी, 1932 की खतियान का शोर-शराबा हो रहा है। आपको लगता है कि यह उचित है तो आप इसे लागू कर दीजिए। हमलोगों की तरफ से कोई विरोध नहीं होगा। अपने जवाब में मुख्यमंत्री जी ने कहा था कि 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता नहीं तय की जा सकती। यह संभव नहीं है। कोर्ट ने पहले ही 1932 के खिलाफ फैसला दिया है। अब उसके दो-तीन महीने के बाद पलट गए। दो-तीन महीने में ऐसी स्थिति पैदा हुई कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को लगा कि वह खा जाएंगे। मुख्यमंत्री हट जाएंगे, ये इन्हें गिरा देंगे, पार्टी तोड़ देंगे और ये जो माहौल बना तो इस माहौल में प्रतिक्रिया स्वरूप उन्होंने इस बात को कहा है। इन्होंने एक ही बात इसमें अतिरिक्त कहा है जो बाबूलाल मरांडी के समय हुआ था। उस समय हाईकोर्ट की पांच जजों की पीठ ने खारिज करते हुए स्पष्ट रूप से पैमाना तय कर दिया कि इसके आधार पर स्थानीय नीति तय करिए। इन्होंने नया मोड़ एक ही डाला कि अब हम आग्रह कर रहे हैं केंद्र सरकार से कि इसे नौंवी अनुसूची में डाला जाए। नौवीं अनुसूची में 99.9 प्रतिशत रेवेन्यू के मामले हैं, राजस्व के कामों में बदलाव हुआ। एकाध हैं जो तमिलनाडु सब से हैं जो इसके अतिरिक्त है। यह जानने के बाद भी उन्होंने नौंवी अनुसूची में डालने को कहा। वह चाहते थे कि हम गेंद भारतीय जनता पार्टी के पाले में डाल दें कि साहब हमने तो कर दिया है अब आप करिए इसको और इसी रणनीति के तहत उन्होंने इसे किया है। हर व्यक्ति जानता है कि जिस रूप में किया गया है वह संभव नहीं है। 2013 में भी मुख्यमंत्री थे और अर्जुन मुंडा जी की सरकार को इन्होंने गिराया और इसी आधार पर कि हम स्थानीय नीति 1932 को लागू करेंगे। उस समय भी लागू नहीं कर पाए। पिछले साल भी इन्होंने विधानसभा में कहा कि यह संभव नहीं है। तो बदली हुई राजनीतिक परिस्थिति है और भ्रष्टाचार के मामलों का दवाब है, इसलिए उन्होंने जनता के बीच यह संदेश दिया कि इन लोग मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप इसलिए लगा रहे हैं ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### मनी लाउंड्रिंग मामले में डीसी रामनिवास से आज दूसरी बार पूछताछ

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन व उससे अर्जित राशि की मनी लाउंड्रिंग के मामले में जिले के डीसी रामनिवास यादव से ईडी सोमवार को पूछताछ करेगी। रामनिवास यादव से पहली बार 23 जनवरी को तकरीबन सात घंटे पूछताछ हुई थी। पहली बार पूछताछ में ईडी को कई तथ्यों पर डीसी जानकारी नहीं दे पाए थे, ऐसे में ईडी ने उन्हें छह फरवरी को फिर से एजेंसी के समक्ष हाजिर होने को कहा था।

### इरफान अंसारी से पूछताछ आज

**रांची।** झारखंड में सरकार गिराने की साजिश से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में ईडी सोमवार को कांग्रेस के निलंबित विधायक इरफान अंसारी से पूछताछ करेगी। पूर्व में ईडी ने 13 जनवरी को इरफान अंसारी को रांची के जोनल ऑफिस बुलाया था। लेकिन स्वास्थ्य कारणों से इरफान ने दो सप्ताह का वक्त एजेंसी से मांगा था, इसके बाद एजेंसी ने उन्हें 6 फरवरी की सुबह 11 बजे एजेंसी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है।

### खतरे में नेपाल सरकार

**काठमांडू।** नेपाल में जोड़-तोड़ से बनाई गई चीन समर्थक प्रचंड-सरकार खतरे में पड़ गई है। नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने रविवार को सत्ताक के गठबंधन से समर्थन वापस ले लिया। फूट पड़ने से तीन मंत्रियों ने इस्तीफे दे दिए। इसी के साथ नेपाल सरकार संकट में आ गई दिखती है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, नेपाल के सत्तारूढ़ गठबंधन से हटने का फैसला आरएसपी ने रविवार को किया, जब प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने आरएसपी के तेजतर्रार अध्यक्ष रबी लामिछाने को गृह मंत्री के रूप में बहाल करने से इनकार कर दिया।

# डिजिटल स्ट्राइक

## सरकार ने बैन किए 200 से ज्यादा चीनी मोबाइल एप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने एक बार फिर चाइनीज एप पर डिजिटल सर्जिकल स्ट्राइक कर दी है। अब सुरक्षा के हवाले से सरकार चाइनीज लिंक वाले 200 से ज्यादा एप को बैन कर दिया है। इन एप में 138 बेटिंग एप और 94 लोन एप शामिल है। गृह मंत्रालय से जानकारी आई है कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इन चाइनीज लिंकवाले एप को तत्काल और आपातकालीन आधार पर प्रतिबंधित और ब्लॉक करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय ने छह महीने पहले ही 288 चाइनीज लोन एप का नजर रखना शुरू किया था। इनमें से 94 एप ऐसे हैं जो, एप स्टोर पर उपलब्ध हैं और अन्य एप थर्ड पार्टी लिंक के माध्यम से काम कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को इस सप्ताह गृह मंत्रालय से इन एप्स को ब्लॉक करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इन एप्स को ब्लॉक करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी लोन एप ब्लैकमेलिंग और यूजर्स की निजी जानकारी चुराने को लेकर सरकार की नजर पर हैं। ये एप बिना किसी कागजी कार्रवाई और बिना केवायसी के लोन देने का ऑफर देते हैं। ऐसे में लोगों को इन एप से लोन लेना सबसे आसान और फास्ट प्रोसेस लगती है और लोग इनका शिकार हो जाते हैं। कई बार तो लोग कर्ज और ब्लैकमेल से परेशान होकर सुसाइड तक कर लेते हैं।

### खुफिया एजेंसियों ने कार्रवाई करने की सिफारिश की




**रिपोर्ट** के अनुसार, तेलंगाना, ओडिशा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के साथ-साथ केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से इन एप्स के खिलाफ कार्रवाई करने की सिफारिश की है। जिसके बाद इन चाइनीज लिंक वाले 138 बेटिंग एप और 94 लोन एप को तत्काल और आपातकालीन आधार पर प्रतिबंधित और ब्लॉक किया गया है।

# गिरिडीह में अलग-अलग दुर्घटना में चार मरे, सात घायल

**गिरिडीह।** रविवार को गिरिडीह जिले में अलग-अलग दुर्घटनाओं में चार व्यक्ति की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बगोदर थाना क्षेत्र के हेसला में जीटी रोड पर एक मछली लदी गाड़ी एक ट्रक से टकरा गई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। वहीं, गिरिडीह-डुमरी पथ पर पाण्डेयडीह के पास दो छोटी गाड़ी की टक्कर में 2 व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि छह लोग घायल हो गये। जबकि पीरटांड़ थाना पुलिस ने बताया कि सभी घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। इधर, गिरिडीह जिला मुख्यालय से 1.7 किलोमीटर दूर बनियाडीह सीसीएल की बंद पड़ी कोलियरी में कोयला के अवैध खनन के दौरान दम घुटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शव को बरामद कर लिया गया है। इस मामले में अवैध खनन करनेवालों के विरुद्ध पुलिस छापेमारी कर रही है।

# झारखंड से गायब हो जाएगी भाजपा

### झामुमो ने पूछा : सीएम पर करप्शन के आरोप लगाने वाले गृहमंत्री अडाणी मुद्दे पर क्यों हैं चुप?

### अडाणी के मुद्दे पर ईडी, इनकम टैक्स वाले क्यों हो गए हैं खामोश?

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के शीर्ष नेताओं के झारखंड दौरे को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सवाल उठा दिया है। पार्टी ने कहा है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता ने भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया, तभी से भाजपा नेताओं में व्याकुलता व्याप्त थी। व्याकुलता यह थी कि कैसे दोबारा झारखंड में प्रवेश करें। झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव में भाजपा कोल्हान में तो समाप्त हो गयी। संथाल से भी करारा जवाब मिला। अब ऐसा लग रहा है कि भाजपा पूरे झारखंड से ही खत्म हो जाएगी। यही कारण है कि केंद्रीय




गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह लगातार झारखंड का दौरा कर रहे हैं।

यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भट्टाचार्य ने कहा : अमेरिका की वित्तीय शोध करने वाली एक कंपनी हिंडनबर्ग ने अपने 103 पन्नों की रिपोर्ट में अडाणी समूह की कार्यशैली पर सवाल उठाया। रिपोर्ट में दावा किया गया कि अडाणी समूह दशकों से शेयरों के हेरफेर और अकाउंट की धोखाधड़ी में शामिल है। इससे अडाणी की कंपनियों में निवेश करनेवाली भारतीय बैंकों और एलआईसी को भी झटका लगा है। निवेशकों को भी चिंता सता रही है। इस मामले को लेकर संसद में भी खूब हंगामा हुआ। भाजपा नेताओं को तो स्वतः आगे बढ़कर पूरे मामले की जांच की मांग करनी चाहिए। हम मांग करते हैं कि इस वित्तीय घोटाला पर सर्वोच्च न्यायालय संज्ञान ले और इसे लेकर एक निष्पक्ष जांच शुरू करे।

भट्टाचार्य ने अमित शाह के देवघर दौरे को लेकर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा : देश के सहकारिता मंत्री अमित शाह नैनो फर्टिलाइजर के लिक्विड प्लांट का शिलान्यास करने देवघर आए थे। जिस जमीन पर यह प्लांट लगेगा, वहां पहले साबुन बनाया जाता था। यह टाटा कंपनी का था। बाद में जब कंपनी का विलय दूसरी मल्टीनेशनल कंपनी में हुआ, तो जमीन जियाडा के पास आयी। उसी जमीन पर 2016 में खेल शुरू हुआ। जमीन एक खास शख्स को हस्तांतरित हुआ। फिर टारगेट ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# अपनी आशा को दूसरा सोना

खेलो इंडिया यूथ गेम्स

### खेल निदेशक, कोच सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने जताई खुशी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मध्य प्रदेश में खेली जा रही पांचवीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स में रविवार को 800 मीटर (यूथ, बालिका) दौड़ में झारखंड की आशा किरण बारला ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। आठ प्रतिभागियों के बीच आशा ने यह सफलता हासिल की है। भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी की कैडेट और पूर्व में जेएसएसपीएस, रांची की कैडेट रही आशा की सफलता पर खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, कोच आशू भाटिया और प्रभात तिवारी सहित




विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने खुशी जताई है। उल्लेखनीय है कि आशा किरण बारला ने इसके पूर्व तीन फरवरी को खेलो इंडिया यूथ गेम्स के 1500 मीटर स्पर्धा में 4:43:50 सेकेंड का समय लेते गोल्ड मेडल जीता था। उसने पिछले वर्ष पंचकुला में आयोजित चौथे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भी गोल्ड मेडल प्राप्त किया था।

# भगवान एक, वर्ण व्यवस्था पंडितों ने बनाई : भागवत

**एजेंसी। मुंबई**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि हमारे समाज के बंटवारे का ही फायदा दूसरों ने उठाया। इसी का फायदा उठाकर हमारे देश में आक्रमण हुए और बाहर से आये लोगों ने फायदा उठाया। हिन्दू समाज देश में नष्ट होने का भय दिख रहा है क्या? यह बात आपको कोई ब्राह्मण नहीं बता सकता। यह आपको ही समझना होगा। हमारे आजीविका का मतलब समाज के प्रति भी जिम्मेदारी होती है। जब हर काम समाज के लिए है तो कोई ऊंचा, कोई नीचा, या कोई अलग कैसे हो गया? भगवान ने हमेशा बोला है कि मेरे लिए सभी



एक हैं। उनमें कोई जाति, वर्ण नहीं है। लेकिन पंडितों ने श्रेणी बनाई, वो गलत थी। देश में विवेक, चेतना सभी एक है। उसमें कोई अंतर नहीं। बस मत अलग-अलग हैं। धर्म को हमने बदलने की कोशिश नहीं की। संत रोहिदास, तुलसीदास, कबीर, सूरदास से ऊंचे थे, इसलिए संत शिरोमणि थे। संत रोहिदास शास्त्रार्थ में ब्राह्मणों से भले नहीं जीत सके, लेकिन उन्होंने लोगों के मन को छुआ और विश्वास दिया कि भगवान हैं। पहले सत्य, करुणा, अंतर पवित्र, सतत परिश्रम और चेष्टा यह 4 मंत्र संत रोहिदास ने समाज को दिए। संत रोहिदास ने कहा- धर्म के अनुसार कर्म करो। पूरे समाज को जोड़ो, समाज के उन्नति के लिए काम करना- यही धर्म है। सिर्फ अपने बारे में सोचना और पेट भरना ही सिर्फ धर्म नहीं है।

भागवत ने कहा कि आज की परिस्थिति पर ध्यान दीजिए। किसी भी हाल में धर्म ना छोड़िए। संत रोहिदास समेत ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

सरकारी कर्मचारियों को होली से पहले बड़ी खुशखबरी

# 4 प्रतिशत बढ़ेगी महंगाई भत्ता!

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार की ओर से सरकारी कर्मचारियों के लिए बेहद बड़ी खुशखबरी आने वाली है। केंद्र सरकार अपने एक करोड़ से ज्यादा सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए महंगाई भत्ता बढ़ा सकती है। सरकार की ओर से महंगाई भत्ता मौजूदा 38 फीसदी से बढ़ाकर 42 फीसदी किया जा सकता है। इस आशय के लिए तयशुदा फॉर्मूले के तहत महंगाई भत्ते में पूरे 4 फीसदी का इजाफा किया जा सकता है। केंद्र सरकार के जरिए महंगाई भत्ता यानी डियरनेस एलाउंस और डियरनेस रिलीफ यानी महंगाई राहत में हर साल पहली जनवरी और पहली जुलाई से बढ़ोतरी करने का नियम चल रहा है। मौजूदा महंगाई भत्ते में




सरकार 4 फीसदी का इजाफा कर सकती है और अगर ऐसा होता है तो केंद्रीय कर्मचारियों का डीए सीधा 4 फीसदी तक बढ़ जाएगा। केंद्र सरकार अपने एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए मंहगाई भत्ते (डीए) को मौजूदा के 38 फीसदी से चार फीसदी अंक बढ़ाकर 42 फीसदी कर सकती है।

**आलोचना** राजनीतिक दल बजट की आलोचना करते हुए बनाते रहे हैं मुद्दा

# मुद्दा बन गया है विशेष राज्य के दर्जे की मांग!

**एजेंसी। पटना**

बिहार के विशेष राज्य का दर्जा देने की यहां के राजनीतिक दलों की काफी पुरानी मांग है। वैसे, राजनीतिक दल इसे सुविधानुसार उठाते रहे हैं और समय-समय पर इसे ठंडे बस्ते में भी डालते रहे हैं। वैसे, प्रत्येक केंद्रीय आम बजट के पेश होने के पहले और बाद में यह मुद्दा जरूर गर्म होता है। केंद्र सरकार से बाहर रहे राजनीतिक दल इसी मांग को मुद्दा बनाते हुए बजट की आलोचना करते रहे हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश आम बजट के बाद बिहार के कई राजनीतिक दलों ने इस मांग को फिर से ठंडे बस्ते से निकाला है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी एनडीए से अलग होने बाद विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर मुखर दिख रहे।



मोदी सरकार द्वारा पेश आम बजट को निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि बिहार को इस बजट से निराशा हाथ लगी है और एक बार फिर विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की अनदेखी की गयी है। समावेशी विकास का सपना बिहार जैसे राज्यों को आगे बढ़ाये बिना संभव नहीं है।

गौरतलब है कि नीतीश कुमार की पार्टी जब भी केंद्र सरकार में सहयोगी रही, इस मुद्दे को लेकर मुखर नहीं होती। इधर, बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी कहते हैं कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है बिहार को ठगने का काम किया जा रहा है। इस बीच हालांकि भाजपा के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने साफ लहजे में कहा कि जब लालू प्रसाद और नीतीश कुमार केंद्र में ताकतवर मंत्री थे, तब बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिला पाये? उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की पहल पर तत्कालीन वित्त मंत्री चिदम्बरम ने विशेष राज्य के मुद्दे पर इंटर मिनिस्ट्रियल ग्रुप बनाया था और रघुराम राजन कमेटी ने भी इस पर विचार किया था। ग्रुप और कमेटी, दोनों ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग स्वीकार नहीं की। सुशील मोदी ने कहा कि 14 वें और 15 वें वित्त आयोग की रिपोर्ट ने तो विशेष राज्य की अवधारणा को ही खारिज कर दिया।

### विशेष राज्य के दर्जे की मांग को लेकर होती रही है सियासत

**इसमें** कोई शक नहीं की बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग को लेकर सियासत होती रही है। औद्योगिकीकरण, सामाजिक एवं भौतिक आधारभूत संरचना के मामले में भी प्रदेश बहुत पिछड़ा है। इसके मद्देनजर पिछले कई सालों से राजनीतिक दल बिहार को विशेष श्रेणी राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग करते रहे हैं। यह मांग संपूर्ण बिहार की चाहत उस समय बनी जब मई, 2010 में नीतीश कुमार ने हस्ताक्षर अभियान चलाया था। करीब 1.25 करोड़ बिहारवासियों के हस्ताक्षर हासिल किए गए और इन्हें राष्ट्रपति को सौंपा गया। इसके बाद 4 नवम्बर, 2012 को गांधी मैदान में अधिकार रैली आयोजित कर नीतीश कुमार ने इस मुद्दे को उठाया। विशेष दर्जा को उन्होंने बिहार का अधिकार बता सभी पिछड़े राज्यों को इस श्रेणी में शामिल करने की मांग की थी। वैसे, एनडीए से बाहर होने के बाद नीतीश कुमार एक बार फिर से इस मुद्दे को हवा देने में जुटे हैं। वे हालांकि यह भी कहते रहे हैं कि इस मांग को उन्होंने कभी छोड़ा नहीं है और वह इसकी निरंतर मांग करते रहे हैं, इसके लिए अभियान तक चलाया है।

# युवा भारत की युवा पीढ़ी के लिए कुछ भी असंभव नहीं : पीएम मोदी

## खेल महाकुंभ से प्रतिभाओं को निखारने में मिलती है मदद

**एजेंसी। जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि 'जयपुर महाखेल' खेल प्रतिभा का उत्सव है और इस तरह के प्रयासों से खेलों के प्रति जिज्ञासा बढ़ती है। उन्होंने यह भी कहा कि खेल महाकुंभ जैसे आयोजनों से खेल प्रतिभाओं को निखारने में मदद मिलती है। आजादी के अमृत महोत्सव में देश नई परिभाषा गढ़ रहा है और नई व्यवस्था बना रहा है। देश में आज पहली बार खेलों को भी सरकारी चश्मे से नहीं, बल्कि खिलाड़ियों की नजर से देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा भारत की युवा पीढ़ी के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। हम युवाओं को खेलों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। टॉप्स



जैसी पहल से युवाओं को प्रमुख खेल आयोजनों की तैयारी करने में मदद मिल रही है। पीएम मोदी ने जयपुर महाखेल में मेडल जीतने वाले और इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रत्येक खिलाड़ी, कोच और उनके परिजनों को बहुत-बहुत बधाई दी। उन्होंने कहा कि आप सब खेल के मैदान में केवल खेलने के लिए न उतरें, आप जीतने के लिए भी उतरें और सीखने के लिए भी उतरें। राजस्थान की धरती तो अपने युवाओं के जोश और सामर्थ्य के लिए ही जानी जाती है। इतिहास गवाह है इस वीर धरा की संतान रणभूमि को भी अपने शौर्य से खेल का मैदान बना देती है। इस राज्य ने देश को कितनी ही खेल प्रतिभाएं दी हैं, जिन्होंने मेडल देकर देश की शान को बढ़ाया। आज देश में खेल प्रतिस्पर्धाओं और महाकुंभों का जो सिलसिला शुरू हुआ है, वो एक बड़े बदलाव का प्रतिबिंब है। केंद्र सरकार अब जिला स्तर और स्थानीय स्तर तक पर स्पोर्ट्स सुविधाएं बना रही है। अब तक देश के सैकड़ों जिलों में लाखों युवाओं के लिए स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है।

# 2024 के चुनावों में भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती होंगे हेमंत सोरेन

**शंभूनाथ। रांची**

वर्ष 2023 और 2024 झारखंड के लिए सियासी नजरिए से बेहद अहम साल साबित होने वाले हैं। अभी 2023 की शुरूआत हुई है और राज्य की रामगढ़ विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर सियासी माहौल में सरगर्मी घुल गई है। आने वाले तीन-चार महीनों के भीतर राज्य में 49 नगर निकायों के चुनाव संभावित हैं। वर्ष 2024 के पूर्वार्ध में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं और उत्तरार्ध यानी नवंबर-दिसंबर में झारखंड विधानसभा के भी चुनाव कराए जाएंगे। इन सभी चुनावों के समीकरण बहुत हद तक इस फैक्टर पर तय होंगे कि एनडीए और यूपीए- दोनों खेमों के घटक दलों के बीच आपसी एकता किस हद तक बन पाती है। झारखंड के मौजूदा सियासी परिध्श्य में यह फैक्ट भी आईने की तरह साफ है कि झारखंड के मौजूदा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन सभी चुनावों में एक अहम धुरी होंगे। आइए, अब सिलसिलेवार तरीके से इन सभी चुनावों के लिए बन रही परिस्थितियों पर चर्चा करते हैं। बात सबसे पहले रामगढ़ विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव की, जहां आगामी 27 फरवरी को वोट डाले जाने हैं। इस सीट पर 2019 में जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस की ममता देवी को हजारीबाग जिले की कोर्ट ने एक आपराधिक मामले में सात साल की सजा सुनाई थी और इसके बाद उनकी विधायकी निरस्त कर दी गई थी। इस वजह से यहां उपचुनाव कराए जा रहे हैं। झारखंड में एनडीए फोल्डर की पार्टी आजसू ने यहां गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता देवी को प्रत्याशी बनाया है। वह 2019 के विधानसभा चुनाव में भी आजसू की प्रत्याशी थीं, लेकिन पराजित हो गई थीं। इस चुनाव में एनडीए फोल्डर में फूट पड़ गई थी। आजसू और भाजपा दोनों ने अपने प्रत्याशी उतार दिए थे। इस बार आजसू प्रत्याशी को भाजपा का भी समर्थन है।यहां दूसरे खेमे यानी यूपीए की बात करें, तो इस बात पर सहमति है कि यहां कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारेगी और उसे झामुमो और राजद का समर्थन हासिल होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद इस उपचुनाव में दिलचस्पी ले रहे हैं। उनका पैतृक गांव गोला प्रखंड के नेमरा में है, जो रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का ही हिस्सा है। कांग्रेस प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार में भी हेमंत सोरेन का आना तय माना जा रहा है। 2019 के बाद राज्य में चार विधानसभा सीटों दुमका, बेरमो, मधुपुर और



मांडर में अलग-अलग वजहों से उपचुनाव कराए गए और चारों उपचुनावों में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन (यूपीए) ने एका बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की है। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के बाद राज्य में सभी 49 नगर निकायों के चुनाव कराने की घोषणा की जा सकती है। ये चुनाव बीते दिसंबर में ही प्रस्तावित थे, लेकिन मेयर के पदों पर एकल आरक्षण पर विवाद के कारण सरकार ने चुनाव टाल दिए थे। अब इस मसले पर सरकार निर्णय ले चुकी है और सब कुछ ठीक रहा तो अप्रैल-मई में चुनाव करा लिए जाएंगे। हालांकि नगर निकायों के चुनाव दलीय आधार पर नहीं होंगे, लेकिन इसके बावजूद यूपीए-एनडीए दोनों खेमों के बीच अपने-अपने समर्थकों की जीत सुनिश्चित करने के लिए जोरदार आजमाइश होगी। पिछले नगर निकाय चुनावों में जीत दर्ज करने वालों में भाजपा समर्थकों की तादाद सबसे ज्यादा थी।इस बार हेमंत सोरेन की अगुवाई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर नगर निकायों के महत्वपूर्ण पदों के लिए साझा प्रत्याशी उतारने की संभावनाओं पर चर्चा हो रही है। 2024 में होने वाले सबसे बड़े चुनाव यानी लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए और यूपीए दोनों ने राज्य में अपने-अपने पक्ष में सियासी समीकरण तैयार करने की संभावनाओं और रणनीतियों पर काम शुरू दिया है। भाजपा के शीर्ष चुनावी रणनीतिकारों में एक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीते 7 जनवरी को झारखंड के चाईबासा में विजय संकल्प रैली के साथ राज्य में चुनावी अभियान का आगाज कर दिया।इस रैली में अमित शाह के निशाने पर कांग्रेस नहीं, हेमंत सोरेन ही रहे। इसकी वजह यह है कि झारखंड में भाजपा या एनडीए के सामने सबसे बड़ी चुनौती हेमंत सोरेन हैं। हेमंत सोरेन ने भी अमित शाह के प्रहारों का जवाब देने में देरी नहीं की। उन्होंने अमित शाह की रैली के 17 दिन बाद 24 फरवरी को चाईबासा में खतियानी जोहार यात्रा के तहत बड़ी रैली की। सोरेन ने इस रैली में साल 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए कहा कि इस यात्रा के माध्यम से वे सभी का आशीर्वाद लेने आए हैं। उन्होंने कहा कि 15 साल दीजिए, झारखंड गुजरात से ऊपर रहेगा। यहां से मनुवादियों, बिहारियों और उत्तरप्रदेश के लोगों को खदेड़ दिया जाएगा।झारखंड में आदिवासी वोट बैंक पर सोरेन और उनकी पार्टी की मजबूत पकड़ है। भाजपा जानती है कि वह इस वोट बैंक को दरकाने में जितनी सफल होगी, लोकसभा के साथ-साथ 2024 में ही होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में उसकी राह उतनी आसान होगी। दूसरी तरफ हेमंत सोरेन राज्य में सरकार चलाते हुए आदिवासियों और झारखंड के मूल निवासियों से जुड़े जमीनी और भावनात्मक मुद्दों पर एक के बाद एक महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं।1932 के खतियान पर आधारित डोमिसाइल पॉलिसी, ओबीसी-एससी-एसटी आरक्षण में वृद्धि, निजी कंपनियों में 40 हजार तक की पगार वाले पदों पर झारखंड के स्थानीय लोगों के लिए 75 फीसदी आरक्षण जैसे फैसलों का इस्तेमाल वह तुरुप के पत्ते की तरह कर रहे हैं। हेमंत सोरेन सरकार के कई फैसलों पर पूरी तरह सहमत न होने के बावजूद राज्य में कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां उनके साथ खड़ी हैं। इसकी वजह यह कि ये दोनों पार्टियां जानती हैं कि फिलहाल झारखंड में झामुमो के बगैर चुनावी राजनीति में टिके रह पाना मुश्किल है।झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में इनमें से 11 सीटों पर भाजपा और एक पर एनडीए फोल्डर की पार्टी आजसू ने जीत दर्ज की थी। इस बार एनडीए के लिए यह परिणाम दोहरा पाना बड़ी चुनौती है। पिछले लोकसभा चुनाव के वक्त राज्य में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार थी। अभी राज्य में झामुमो की अगुवाई वाले गठबंधन की सरकार है।अगर कोई अप्रत्याशित स्थिति नहीं बनी तो यह सरकार वर्ष 2024 तक कायम रह सकती है और ऐसे में यहां सोरेन की अगुवाई में ज्यादा बेहतर संसाधनों के साथ चुनाव लड़ने का फायदा यूपीए को मिल सकता है। पिछले लोकसभा चुनाव में यूपीए फोल्डर के तहत चार दलों राजद, झामुमो, कांग्रेस और झारखंड विकास मोर्चा ने 14 में से 13 सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ा था।

## 10 फरवरी तक खुला रहेगा राजभवन

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस के निर्देश पर राजभवन उद्यान आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन के लिए अब 10 फरवरी 2023 तक खुला रहेगा। इसके साथ ही अब आंगतुक 4.30 बजे तक राजभवन उद्यान का भ्रमण व परिदर्शन कर सकेंगे। गौरतलब हो कि पूर्व में राजभवन उद्यान आम नागरिकों के भ्रमण व परिदर्शन हेतु 31 जनवरी से 7 फरवरी तक खोलने का निर्णय लिया गया था। और उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक था।

## उमेडंडा पारपोखर में रविदास जयंती मनाई गयी

**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड के उमेडंडा पारपोखर में 647 वां रविदास जयंती धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी बुढ़मू प्रखंड के पश्चिमी जिला परिषद सदस्य रामजीत गांझू ,बुढ़मू प्रखंड के प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, प्रदेश मंत्री भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सह पूर्व प्रत्याशी कांके विधानसभा क्षेत्र के कमलेश राम मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## सैलानियों से लूटपाट मामले का खुलासा दो नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

मारंगहादा थाना क्षेत्र के रीमिक्स फॉल घूमने आए रांची के युवक-युवतियों से एक फरवरी की शाम में हुई लूटपाट मामले में संलिप्त दो नाबालिगों सहित सभी पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधियों की निशानदेही पर पुलिस ने सैलानियों से लूटी गई उनकी पल्सर एनएस मोटरसाइकिल, निकॉन कंपनी का डीएसएलआर कैमरा, तीन मोबाइल, पर्स और लूट में प्रयुक्त दो बाइक को बरामद कर लिया है। पकड़े गए दोनों नाबालिगों को निरूद्ध किया गया, जबकि गिरफ्तार तीनों आरोपियों में खूंटी थाना क्षेत्र के सिदया गांव निवासी हरीश चंपिया, तोरपा रोड कटहल टोली निवासी आशीष लोंगा और अड़की उपमु टोली निवासी विष्णु स्वांसी को न्यायिक हिरासत में रविवार को जेल भेज दिया गया। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एक फरवरी को रांची से दो बाइक और एक स्कूटी से तीन युवक और तीन युवतियां रिमिक्स फॉल घूमने आए थे। उसी दिन खूंटी में रहनेवाले पकड़े गए पांचों अपराधी भी दो बाइक से रिमिक्स फॉल घूमने गए थे। रीमिक्स फॉल में रांची के युवक-युवतियों के पास बड़ा कैमरा देख आरोपितों ने उन्हें लूटने का प्लान बनाया। रीमिक्स फॉल घूमने के बाद शाम में जब वे सभी युवक-युवतियां वापस रांची लौट रहे थे, तो रास्ते में एक निर्जन स्थान पर कैमरा पकड़े युवक-युवती के बाइक को लुटेरों ने रोक लिया और पिस्टलनुमा लाइटर की नोक पर उनकी मोटरसाइकिल, कैमरा मोबाइल, पर्स आदि लूटकर जंगल के रास्ते फरार हो गए। इस संबंध में उसी दिन मारंगहादा थाने में मामला दर्ज होने के बाद एसपी अमन कुमार ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मामले के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में एक एसआइटी का गठन किया। गठित टीम द्वारा तकनीकी शाखा के सहयोग और अनुसंधान के क्रम में मिली जानकारी के आधार पर घटना के 72 घंटे में लूट के मामले में शामिल सभी पांच आरोपितों को पकड़ कर मामले का खुलासा कर लिया।

## रणविजय नाथ शाहदेव की 83 वीं जयंती मनायी गयी

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में झारखंड आंदोलन के ऐतिहासिक स्थल बहुबाजार, चर्च रोड में स्व रण विजय नाथ शाहदेव की 83 वीं जयंती मनाई गई.उनके आदर्श व बहुबाजार प्रांगण में 1970 में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के बाद झारखंड आंदोलन के पुरोधा

रण विजय नाथ शाहदेव ने झारखंड आंदोलनकरियॉं के साथ कई बार यहाँ बैठके कर चुके। अलग राज्य के आंदोलन में रण विजय नाथ शाहदेव के कृतित्व पर चर्चा कर गौरवंतित किये। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो, प्रधान महासचिव अजीत मिंज, अनुशासन समिति के अध्यक्ष भुनेधव केवट, सयोजि का सरोजनी कच्छप, दिवाकर साहू, मो नासीम, जयदीप मिंज सहित अन्य उपस्थित थे।

## हिमकर श्याम को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के लेखक और शायर हिमकर श्याम को साहित्य शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए कुसुम विहार मोराबादी स्थित शांति इन्क्लेव में आयोजित समारोह में दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन जीना समूह की ओर से किया गया। संस्था के चैयरमैन राश दादा 'राश' ने हिमकर श्याम को प्रतीक चिह्न, वंदन-वस्त्र और पुष्पगुच्छ दे कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हरेराम त्रिपाठी 'चेतन' ने की। विशिष्ट अतिथि अंकुश्री, मुख्य कनक किशोर एवं निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने हिमकर श्याम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप -प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना से हुई। 'जीना चाहता हूं मरने के बाद फाउंडेशन - एक भारत ' के चेयर मैन राश दादा राश ने कहा कि जीना समूह साहित्य, कला, संस्कृति और समाज के विकास के लिए 51 वर्षों से कृत संकल्पित है। हिमकर श्याम गजल की दुनिया के चर्चित हस्ताक्षर हैं। मानवीय संवेदनाओं से जुड़े मुद्दों को अपनी रचनाओं में उठाते रहे हैं। हमारी संस्था उन्हें सम्मानित कर हर्षित है। राश दादा राश द्वारा आगत अतिथियों का अभिनंदन स्मृति चिह्न, अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ से किया गया। हिमकर श्याम विगत तीन दशक से लेखन



और पत्रकारिता में सक्रिय हैं। उन्हें बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन की ओर से शताब्दी सम्मान सहित कई सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। साहित्य शिखर सम्मान से अलंकृत किए जाने पर वरिष्ठ साहित्यकारों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। बधाई देनेवालों में रामजन्म मिश्र, जेबी पांडेय और कामेश्वर 'निरंकुश' शामिल हैं। मौके पर कवियों ने काव्य-पाठ कर समारोह को रस और आनंद प्रदान किया। विनोद सिंह 'गहरवार' ने कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद-ज्ञापन अंकुश्री ने किया। कार्यक्रम में सरोज श्रीवास्तव, पूजा राश, संजय कुमार वर्मा, मयार्दा पुरुषोत्तम, डॉ इड़ा, मधुकर श्याम, शक्ति, रविकर, लता, असीम, अनुष्का, अक्षिता, विवेक, गणेश आदि उपस्थित थे।

## हक और मांगों को लेकर ओबीसी मोर्चा करेगा राज्यव्यापी आंदोलन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के चिंतन बैठक में ओबीसी समुदाय को हाशिए पर डाले जाने एवं हिस्सेदारी से वंचित करने पर चर्चा की गई। धुर्वा स्थित वाईवीएन बीएन पब्लिक स्कूल में आयोजित चिंतन बैठक में सबसे पहले मंडल मसीहा शरद यादव को उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि संविधान के अनुसार ओबीसी को मुख्यधारा में लाने के लिए कई व्यवस्थाएं हैं। लेकिन सरकार उसे लागु ना कर ओबीसी समुदाय को हाशिए पर डाला जा रहा है। उसी को लेकर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा राज्य में हिस्सेदारी रथ यात्रा निकालेगी। उन्होंने कहा कि ओबीसी समुदाय को उनके संवैधानिक हक अधिकार नहीं मिल रहे हैं मामले पंचायत चुनाव, नगर निकाय चुनाव जातीय जनगणना,




ओबीसी आरक्षण, सरकारी नौकरी में क्रीमी लेयर, निजीकरण मे आरक्षण, ओबीसी के लिए बजट में प्रावधान करने, ओबीसी के बैकलॉग पदों को नहीं भरा जाना, स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय नहीं बनाए जा रहे हैं। यह ओबीसी समुदाय के प्रति सरकार की उदासीनता को दशार्ता है। उपरोक्त विषयों पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों के गंभीर चिंतन मंथन के बाद राज्यव्यापी आंदोलन करने की सहमति जताई। बैठक में एक स्वर से गंभीर चिंता जाहिर किया गया कि पंचायत चुनाव में ओबीसी के लगभग 7000 प्रतिनिधियों का अधिकार छिन गया अब शहरी नगर निकाय चुनाव में भी ओबीसी का प्रतिनिधियों के अधिकार छीनने का काम किया जा रहा है। संविधान के तहत ओबीसी के मिले अधिकार लागू नहीं किए जा रहे हैं।श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर प्रेम नंदन मंडल प्रदेश महासचिव अजय मेहता हजारीबाग जिला अध्यक्ष जीतेश्वर मेहता, डॉ दिलीप सोनी, सज्जाद हुसैन अंसारी आनंद कुमार मिथिलेश कुमार सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा कार्तिक केसरी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका कुमारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संत रविदास जयंती

**सिल्ली।** सिल्ली थाना के समीप रविवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो , जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, पुर्व जिप उपाध्यक्ष चित्तरंजन महतो, मुखिया सीमा कुमारी गोंझु समेत अन्य लोगों ने संत रविदास के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विधायक ने कहा कि आदमी अपने कर्म से ही छोटा-बड़ा होता है न कि धन या जाति से। रविदास जी ईश्वर के अनन्य भक्त थे, लेकिन वे अपने कार्य को ही ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा मानते थे। उन्होंने कुरीतियों के खिलाफ हमेशा आवाज उठाई थी। गरीबों व दलितों के हित में उनके द्वारा किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर हमसब देश में बढ़ रही सांप्रदायिकता एवं टूट रहे भाईचारे को रोकने के लिए कार्य करें।

## 71 वां नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान में रविवार को दोपहर 12:30 बजे से 3 बजे तक 646वीं संत रविदास जयंती एवं माघी पूर्णिमा के सुअवसर पर सत्संग,भजन संकीर्तन भंडारा कर 646वीं संत रविदास जयंती एवं माघी पूर्णिमा भव्य रुप से मनाई गई श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट ने संत रविदास जयंती,माघी पूर्णिमा के अवसर पर 71वां नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के वितरण संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम (आश्रम) मंदिर, पुंदाग के परिसर मे किया। आज रविवार दिनांक 5 फरवरी 2023 को माघी पूर्णिमा एव 646 वीं संत रविदास जयन्ती के सुअवसर पर राँची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी



(आश्रम) मंदिर मे राँची शहर के प्रतिष्ठित समाचार पत्र देशप्राण के निदेशक एव सीईओ ने अपनी धर्म पत्नी संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी शिव भगवान अग्रवाल, सुरेश कुमार चौधरी के द्वारा वहा के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर परिसर के आसपास के लगभग 1500 सौ से ज्यादा श्रद्धालुओ, मंदिर के सामने से गुजरने वाले राहगीरों एव बच्चों के बीच 71 वाँ नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे संयुक्त रुप से उद्घाटन कर वितरण की शुरूआत की गई। संस्था के सदस्यों ने आज श्री राज श्यामा (श्री राधा कृष्ण) भगवान गुरु महाराज और प्रणामी समाज के गुरु महाराज की फोटो पर चंदन वंदन माल्यार्पण आरती कर अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहा उपस्थित महिलाओ और पुरूष श्रद्धालुओ को चंदन का तिलक कर भजन संकीर्तन कर आज 71 वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया।

## भाजपा कार्यालय में मनाई गई संत रविदास जयंती

**खूंटी।** भाजपा एससी मोर्चा के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास की जयंती रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। मोर्चा के कार्यकताओं ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र नायक की। योगेन्द्र ने कहा कि संत रविदास ने मन, कर्म तथा वचन से समाज में फैली कुरीतियों, जातिवाद, बड़े-छोटे के भेद को मिटाया। वह एक समाज सुधारक तथा मनुष्य रूप में ईश्वर के अवतार थे। उनके कर्म से ही उन्हें संत शिरोमणि की उपाधि मिली। जिला उपाध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि संत रविदास धर्म के पथ पर चलने वाले महान पुरुष थे। उनके विचार और सिद्धांत हमेशा प्रासंगिक और मानव जीवन के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे।

**महोत्सव** — चार दिवसीय प्रतिभा दर्शन महोत्सव का हुआ समापन

## कई मनमोहक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

रंगारंग कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण के साथ चारों दिवसीय प्रतिभा दर्शन महोत्सव का समापन हो गया। खेलगाव लगाम में रविवार को आयोजित महोत्सव के अंतिम दिन सभी प्रतियोगिताओं के फाइनल मैच खेले गए। प्रतिभा दर्शन महोत्सव के चैंपियन टीमों एवं सफल प्रतिभागियों को गूंज परिवार के संरक्षक सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो एवं अन्य अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। महिला फुटबॉल में प्रतियोगिता में सुरुद महिला फुटबॉल क्लब नामकुम ने डब्लूएफसी तमाड़ को 1 गोल से हरा कर चैंपियन बना। मेन ऑफ दा टूनामेंट पुनिता कुमारी एवं मैनऑफ दा मैच सुरुद की यमुना कुमारी को दिया गया। वहीं क्रिकेट के फाइनल मुकाबला में गोड़ाडीह एलेवन ने प्रेम एलेवन बड़ा मुरी को




6 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। मैनऑफ दा सीरीज छोटू को दिया गया।चैस चैंपियनशिप में संदीप देबनाथ ने जीमूत प्रसाद को हरा कर जीत दर्ज की। कबड्डी में कस्तूरबा सिल्ली को हरा कर रजरप्पा प्रोजेक्ट विजयी रही।बॉलीबॉल में एडवांस क्लब बोकारो ने टाटीसिलवे को हरा कर चेम्पियन बना। फुटबॉल प्रतियोगिता में दीपक ब्रदर्स ने बी नवाडीह को ट्रॉय ब्रेकर में 5/4 में हरा कर चैपियन बना।मैंन ऑफ दा सीरीज दीपक ब्रदर्स के किशोर कुमार तथा मैन ऑफ मैच करात को दिया गया। अंतिम दिन टुसु (चौडल) प्रदर्शनी, फैंसी ड्रेस और झांकी समेत एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं हुईं। विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण अतिथियों द्वारा किया गया।

**प्रतिभा दर्शन महोत्सव में विभिन्न खेलों के परिणाम इस प्रकार रहा:** 1500 मी दौड़ - प्रथम संजय कुमार महतो, द्वितीय संजय महतो, तृतीय विक्की महतो। 800 मी - प्रथम संजय कुमार महतो, द्वितीय संजय महतो, 400 मी दौड़- संजय कुमार महतो, द्वितीय टिंकू कुमार महतो,तृतीय चंदन महतो। 200 मी दौड़ - प्रथम दीपक महतो, द्वितिय चंदन महतो, तृतीय बबलू कालिंदी। 100 मी दौड़ - प्रथम आशीष कुमार महतो, द्वितीय सरितन कुमार बर्मा, तृतीय प्रशांत कुमार। 200 मी दौड़ बालिका वर्ग -प्रथम लखिमनी कुमारी, द्वितीय काजल कुमारी, तृतीय रिंकी कुमारी। 200मी दौड़ ओपन टुऑल- प्रथम आशीष कुमार, द्वितीय श्रितन कुमार बर्मा, तृतीय विशाल कुमार महतो,100मी दौड़ ( हाई स्कूल गर्ल) - प्रथम निकिता कुमारी, द्वितीय अंजना कुमारी, तृतीय नेहा कुमारी, 100मी दौड़ (हाई स्कूल बालक)- प्रथम दीपक महतो, द्वितीय बिपिन कुमार, तृतीय विकी रजवार रहे।

## प्रदूषण कम करने के लिये जागरूकता रैली

**सिल्ली।** स्विच आन फॉउंडेशन कोलकाता एवं सिल्ली पॉलिटेक्निक के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सिल्ली में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। पॉलिटेक्निक के प्राचार्य समित शर्मा ने पॉलिटेक्निक परिसर से झंडा दिखाकर साईकिल रैली को रवाना किया। रैली रांची पुरूलिया मुख्य पथ से बुंडू मोड़ तक गयी। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने लोगों को प्रदूषण कम करने के लिये साइकिल का उपयोग करने के लिये लोगों को जागरूक किया। प्रिंसिपल समीर शर्मा ने बताया कि यह रैली वातावरण में प्रदूषण कम करने के लिये प्रेरणा स्त्रोत है। लोग वाहनों की जगह सम्भव जगहों पर साइकिल का भी उपयोग करें इससे न केवल प्रदूषण कम होगा बल्कि स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। इस मौके पर रैली में कालेज के प्रिंसिपल समीर शर्मा, स्विच आन फाउंडेशन के सिल्ली कोडीनेटर महेश विश्वकर्मा समेत कालेज के दर्जनो विद्यार्थी शामिल हुए।

## हिंदुत्व को एकजुट करने का कार्य अतिसुंदर है: संजय सेठ



**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**

नामकुम के कुटियातु पंचायत के कुटियातु गांव में हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठान महोत्सव का यज्ञ समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची के सांसद संजय सेठ जी भाग लिए। जिसे ग्रामीणों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस पर सांसद ने ग्रामीणों को धन्यवाद दिया और अपने संबोधन में कहा कि यह हिंदुत्व को एकजुट करने का अतिसुंदर कार्य है ऐसे ही हमसभी को आगे भी इस तरह का कार्य करनी चाहिए तभी हमारी हिन्दुत्व समाज मजबूत बनी रहेगी, इस मौके पर उपस्थित आरती कुजूर प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष, खिजरी संसाद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अशोक नायक,मुन्ना बड़ाईक, शंकर सिंह मुंडा, रमाअवतार केरकेट्टा, समीर राय, दिलीप कुमार साहू , गोरखनाथ सिंह, तुलसी गोप, कन्दरू महतो, रघुनाथ महतो, सुबोध सिंह, सहदेव सिंह, आंनद सिंह, तोने उरांव, बन्धना लकड़ा एवं कई अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

## शैक्षणिक भवन व क्षेत्रीय भाषा प्रयोगशाला का शिलान्यास

**मांडर।** मांडर कॉलेज परिसर में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा निमार्णाधीन योजना से नए शैक्षणिक भवन एवं क्षेत्रीय भाषा प्रयोगशाला के निर्माण कार्य का शिलान्यास मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की एवं रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हाद्वारा संयुक्त रूप से किया गया।यह निर्माणकार्य 9 करोड़ 567 लाख लागत की है जो इस कॉलेज के लिए वरदान साबित हो सकती है।

## कांग्रेस प्रखंड कमेटी की बैठक

**मांडर।** मांडर प्रखंड पंचायत भवन के सामने कांग्रेस पार्टी के प्रखंड कमेटी की बैठक मंगा उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई।इस बैठक में मुख्य रूप से मांडर विधान सभा प्रभारी ईश्वर कुमार आंनद उपस्थित हुए और उन्होंने कहा कि दिनांक 9.2.2022 से होने वाली हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को बुथ से लेकर पंचायत तक जन जन तक पहुंचाना है।

## NEWS इन ब्रीफ

### अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी सात फरवरी को करेंगे भिक्षाटन

**रांची।** झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा चिकित्साकर्मी अपनी मांगों को लेकर सात फरवरी को भिक्षाटन करेंगे। पिछले 12 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे 21 में से 12 लोग अबतक अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। किसी भी विभागीय पदाधिकारी या सरकार की ओर से किसी प्रकार की वार्ता नहीं हुई, जिससे अनुबंध कर्मियों में रोष है। बताया जाता है कि प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह की हालत अब भी गंभीर है। उनका इलाज रिम्स में चल रहा है। अन्य का सदर हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से कोई सुधि नहीं ली गई है। अनशनकारियों ने कहा कि आमरण अनशन लगातार चल रहा है।

### योगदा आश्रम में विशेष सत्संग का आयोजन

**रांची ।** योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप के अध्यक्ष तथा आध्यात्मिक प्रमुख श्रीश्री स्वामी चिदानन्द गिरि ने रविवार को रांची योगदा आश्रम में आयोजित विशेष सत्संग को सम्बोधित किया। योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया, राँची की पहल पर रांची योगदा आश्रम में सत्संग का आयोजन हुआ जिसमें लगभग एक हजार लोगों ने हिस्सा लिया। रांची योगदा आश्रम के स्वामी ईश्वरानंद गिरि ने बताया कि परमहंस योगानन्द जी कि शिक्षाएँ आज भी प्रासंगिक और उपयोगी हैं।

### शिविर में 35 यूनिट रक्त का संग्रह

**रांची।** मेकॉन की सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था मजलिस और वोलेंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन(वीबीडीए) के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को मेकॉन परिसर स्थित जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रक्तदान के प्रति महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। शिविर में 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिसमें एक दर्जन महिला रक्तदाता शामिल थीं। रिम्स ब्लड बैंक की डॉ कविता देवघरिया और उनकी टीम ने रक्तदाताओं से रक्त संग्रहित किया।

### भाजपा अपनी जमीनें `तलाशने में जुटी

**रांची।** झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लगता है कि अब झारखंड में चुनाव नजदीक है। इसी वजह से एक माह में दो बार केंद्रीय मंत्री अमित शाह का दौरा हुआ है। अपने दौरे के दौरान मंत्री लोभ लुभावने वादे लोगों से कर रहे है। एक तरह से अच्छी बात है कि झारखंड केंद्रीय मंत्रियों को बेहतर लग रहा है। श्री भट्टाचार्य रविवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। कहा कि पिछले चुनाव में कोल्हान पूरी तरह से साफ हो चुका था। संथाल ने भी करारा जवाब दिया था।भाजपा को झारखंड की जनता ने करारा जवाब दिया था।

### तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला का हुआ समापन

# खेत-खलिहान से ही राज्य का होगा विकास



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला का समापन रविवार को हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष, झारखंड रविन्द्रनाथ महतो ने संबोधन में कहा कि स्थानीय किसान दुनिया के अन्य देशों से अधिक मेहनती है। हमारे किसान ज्यादा श्रम करते हैं और अधिक पसीना बहाते हैं लेकिन उन्हें अपनी कृषि लागत का उचित मूल्य अब भी नहीं मिल पाता है। किसान खेती से विमुख हो रहे है। ऐसे में किसानों को अधिक सम्मान देने, कृषि विज्ञान से जोड़ने और उनकी खेती-किसानी की बाधाओं और समस्यायों के त्वरित समाधान की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों को फसल बबार्दी का तुरंत मुवाबजा देने और फसलों का उचित न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलने की जरुरत बताई। कहा कि झारखंड सरकार किसानों के हित में अनेकों योजनाओं को कार्यान्वित कर रही है। सरकार ने फसल बर्बादी राहत योजना, कृषि ऋण की माफी, आशीर्वाद योजना, बीमा योजना और मुख्य मंत्री पशुधन योजना आदि कार्यक्रमों से किसानों का कल्याण करने का प्रयास कर रही है। विधान सभा अध्यक्ष ने किसानों के कृषि ऋण का लचीला और मजबूत लिंक पर जोर दिया और विवि को किसानों और बैंक के साथ मजबूत लिंक स्थापित करने में सहयोग देने की अपील की। कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा मोटे अनाजों की खेती और आहार में बड़े पैमाने पर इनका उपयोग किया जाता था। खुशी की बात है कि आजादी के अमृत वर्ष में मोटे अनाजों को पुनः बढ़ावा देने का प्रयास हो रहा है। मिलेट के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार और वैश्विक बाजार स्थापित करने की जरुरत है। इससे स्थानीय किसानों को बढ़िया लाभ का अवसर मिलेगा। बीएयू वैज्ञानिक झारखंड के किसानों के उत्थान की दिशा में बढ़िया कार्य कर रहे है। प्रदेश के खेती-किसानी को आगे बढ़ाने की ओर सभी लगे है। राज्य के खेत झ खलिहान की समृद्धि से ही झारखण्ड राज्य का विकास की परिकल्पना साकार होगी।

#### मौसम के उतार-चढ़ाव से बीमारियां बढ़ सकती हैं



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के एग्रोटेक किसान मेला में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर यू एस वर्मा को एग्रोटेक मेला में उपस्थित कृषक बंधुओं पुरुष-महिलाओं, अधिकारियों व छात्रों को अपने स्वास्थ्य को कैसे अच्छा रखा जाए इसके संबंध में सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया गया। डॉ. उमाशंकर वर्मा ने इस ठंड के मौसम में अधिक परेशान करने वाली बीमारियों में सर्दी खांसी जुकाम निमोनिया पतले दस्त बुखार हाथ पांव में ठंड लग कर सुन हो जाना, हाथ पांव और जोड़ों व शरीर में दर्द बढ़ जाना सर में रूसी हो ना सूखे चर्म रोग होना, हृदय रोग उच्च रक्तचाप हृदयाघात वाली बीमारियों से सतर्क रहने की सलाह दिए। डॉक्टर वर्मा ने कहा कि अभी ठंड का मौसम गया नहीं है कभी ठंड बढ़ जा रही है कभी कुछ कम हो जा रही है ऐसे में इन रोगों से परेशानियां अधिक होने की संभावना बनी रहती है।

## प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची स्थित सूचना भवन सभागार में आकाशवाणी के प्रादेशिक समाचार एंकाश द्वारा रविवार को प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर आकाशवाणी रांची के केन्द्र निदेशक दुर्गाचरण हेम्ब्रम, पत्र सूचना कार्यालय के एडीजी अखिल कुमार मिश्रा, समाचार एकांश के प्रमुख अब्दुल हमीद, संवाददाता शिल्पी, समाचार वाचक पूनम केरकेट्टा तथा भारतीय सेवा के सेवानिवृत अधिकारी नीरजनाथ पाठक और क्रिस्टोफर टेटे समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। इस मौके पर अंशकालिक संवाददाताओं और कैजुअल न्यूज एडिटर तथा कैजुअल समाचार वाचकों को समाचार संपादन, समाचार प्रेषण और समाचार वाचन के संबंध में कई टिप्स दिये गये। साथ ही साथ अमृत महोत्सव क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## उपविजेता बन लौटी झारखंड वुडबॉल टीम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को झारखंड राज्य वुडबॉल संघ कि ओर महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय लीग वुडबाल चैंपि यनशिप 2023 में उप विजेता बनकर रांची लौटी झारखंड वुडब ल कि टीम का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के अध्यक्ष श्री राज कुमार पोद्दार, अन्नू पोद्दार, सचिव गोविंद झा, आशुतोष द्विवेदी, राजीव रंजन जी ने कांके रोड स्थित दुर्गा मंदिर के समक्ष राजू पोद्दार जी के फार्म हाउस में सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर वुडबॉल टीम के कप्तान बंटी टोप्पो, निकीत खलखो, राजू गोप, विधान उरांव, मनीष उरांव, शिवम श्रीवास्तव समेत सभी खिलाड़ियों को मिठाई एव उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर सभी ने खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य के कामना भी की। यह जानकारी अमन ने दी।

### रामनगर चुटिया में विहिप ने मनाया रविदास जयंती

**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद रांची महानगर के रामनगर चुटिया में महानगर अध्यक्ष कैलाश केशरी की अध्यक्षता में चुटिया स्थित प्राचीन राम मंदिर परिसर में रविवार को संत रविदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त सहमंत्री और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रंगनाथ महतो ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया। मौके पर रंगनाथ महतो ने कहा कि संत रविदास का जीवन सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में जाना जाता हैं। उनका जन्म एक चर्मकार कुल में हुआ था और अपने पैतृक कार्य करते भी उन्हें किसी प्रकार का हीन भावना कभी नहीं लाया और कार्य किया। उन्होंने मुगल काल के अनेक अत्याचारों को सहा और अपने चमत्कारिक गुणों से सभी को परास्त कर हिन्दू संस्कृति का झंडा गाड़ा।

## बुधिया जी की 119वीं जयंती मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी महाविद्यालय प्रांगण में रविवार को इसके संस्थापक स्व. गंगा प्रसाद बुधिया की 119वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मारवाडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ,मारवाड़ी शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार बंका, श्री श्याम मंदिर हरमू रोड के महामंत्री विश्वनाथ नरसरिया, ब्राह्मण सभा के किशन शर्मा, कन्या पाठशाला के सचिव वेद प्रकाश बागला, अग्रवाल सम्मेलन के प्रभाकर अग्रवाल, चिन्मय मिसन के राजेश शर्मा, विहिप के ओ पी लाल ने अपने अपने उद्गार व्यक्त कर सृजन शील गंगा प्रसाद बुधिया जी के वृहद सामाजिक जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सचिव शुभम मंत्री ने प्राचार्य के साथ बुधिया परिवार के व ट्रस्ट के सचिव अरुण बुधिया को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद बंका ने कहा न हमे सिर्फ सरकार के योजना भरोसा ही नही बल्कि गंगा प्रसाद बुधिया के कार्य पद्धति से सिख लेने की आवश्कता है जिससे शिक्षा के क्षेत्र में समाज के हर तपके का विकाश हो इसके लिए ट्रस्ट कॉलेज के विकास में हर सभंव मदद करेगा। प्राचार्य ने कहा पूरा समाज गंगा प्रसाद बुधिया जी व पूरे ट्रस्ट के आभारी है जिन्होंने इस महाविद्यालय की स्थापना की।लाखों छात्र छात्राओ अभी तक यहां से शिक्षा प्राप्त कर देश विदेश में नाम रोशन कर रहे है। इस समारोह में मारवाडी कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज , एन एस एस के छात्र -छात्राए उपस्थित थे। इस सारस्वत श्रद्धांजलि सह गंगा प्रसाद बुधिया जयंती समारोह में मनोज रुहिया, सुरेश जैन, मनोज चौधरी, महाबीर बोरा आयुष बुधिया, रजनी बुधिया, कौशल राजगढ़िया, विश्वजीत बोस, विष्णु कांत खेमका, जय प्रकाश अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, समीर निरंजन, रमेश शर्मा, प्रमोद माली सहित सैकड़ों छात्र छात्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन ट्रस्ट के सचिव अरुण बुधिया व मंच संचालन पूजा कुमारी ने किया। अंत में धन्यबाद ज्ञापन प्रोफेसर इंचार्ज डॉ आर आर शर्मा ने किया।

### सरहुल के सरकारी अवकाश में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**रांची।** झारखंड में आदिवासियों का प्राकृतिक पर्व सरहुल 24 मार्च को मनाया जाएगा लेकिन झारखंड सरकार, रांची विश्वविद्यालय और झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 23 अप्रैल को अवकाश दिया है। इस पर नाराजगी प्रकट की गयी है। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा और सरना धर्म गुरु डॉ. प्रवीण उरांव ने इसपर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह सरकारी अफसरों की लापरवाही का बड़ा उदाहरण है। झारखंडी पर्व-त्योहार को लेकर सरकारी कैलेंडर और अवकाश सूची में ऐसी त्रुटि कैसे और कहां से हुई। यह गंभीर विषय है। यह लापरवाही आदिवासी समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। इसको लेकर वे डॉ. उरांव कार्मिक विभाग, रांची विश्वविद्यालय और झारखंड एकेडमिक काउंसिल को पत्र लिख चुके हैं लेकिन अब तक इसमें सुधार नहीं किया गया है।

### सालभर में शिक्षकों के 39 पद हो जाएंगे रिक्त

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में सालभर में शिक्षकों के 39 पद रिक्त हो जाएंगे। विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों व कॉलेजों से अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक इतने शिक्षकों की सेवानिवृत्ति होने जा रही है। इनमें एक यूनिवर्सिटी प्रोफेसर, 11 एसोसिएट प्रोफेसर और 27 सहायक प्राध्यापक शामिल हैं। इसके अलावा 15 शिक्षकेतर कर्मियों की भी सेवानिवृत्त होगी। इधर, विश्वविद्यालय को बैकलॉग नियुक्ति से लगभग सौ से अधिक नए शिक्षक मिले हैं। उम्मीद है कि इस वर्ष राज्य सरकार से रोस्टर क्लीयर होने के बाद शिक्षकों के नियमित पदों पर भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। नन टीचिंग पदों के लिए राज्य सरकार की ओर से सभी विश्वविद्यालयों के लिए रोस्टर क्लीयर किया जा चुका है।

## अमर बाउरी ने रविदास जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संत शिरोमणि रविदास की 647वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि कवि रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा को 1376 ईस्वी को उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर के गोबर्धनपुर गांव में हुआ था। रविदास चर्मकार कुल से होने के कारण जूते बनाते थे। ऐसा करने में उन्हें बहुत खुशी मिलती थी और वे पूरी लगन और परिश्रम से अपना कार्य करते थे। उन्होंने कहा उनका जन्म ऐसे समय में हुआ था जब उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मुगलों का शासन था। चारों ओर अत्याचार, गरीबी, भ्रष्टाचार और अशिक्षा का बोलबाला था। उस समय मुस्लिम शासकों द्वारा प्रयास किया जाता था कि अधिकांश हिन्दुओं को मुस्लिम बनाया जाए। संत रविदास की ख्याति लगातार बढ़ रही थी, जिसके चलते उनके लाखों भक्त थे। उन्होंने अपने दोहे के माध्यम से भी धर्म परिवर्तन को नकारा। कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री जीतू चरण राम, नीरज पासवान, सीताराम रवि, जोगेन्द्र लाल, राजीव राज लाल, सीमा पासवान, रंजन पासवान, खुदा राम, कमलेश राम, राकेश राम, सतेंद्र रजक, संदीप कुमार, बिनोद राजन, कमलेश किशोर, उपेन्द्र रजक, नीरज नायक, संजय रविदास, करन नायक आदि मौजूद रहे।

### हत्या और चोरी की बाइक खरीदने के मामले में दो गिरफ्तार

**रांची।** दशम फॉल थाना पुलिस ने हत्या करने और चोरी की बाइक खरीदने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में शिवचरण मुंडा और रवि सिंह मुंडा शामिल है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 27 जनवरी को अनिल महतो का शव दशम फॉल थाना क्षेत्र से बरामद किया था। मामले को लेकर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए बुंडू एडीपीओ अजय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। एसपी ने बताया कि टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी सहायता से हत्या के आरोपित शिवचरण मुंडा और रवि सिंह मुण्डा को गिरफ्तार किया। इसके पास से लूटी गयी बाइक बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

## सेस्टोबॉल नेशनल सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को रांची श्री चैती दुर्गा मंदिर भूताहा तालाब परिसर में सेस्टोबॉल एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में सेस्टोबॉल नेशनल सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री चैती दुर्गा मंदिर के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, छात्र क्लब ग्रुप के वरीय संरक्षक संजय सिंह लल्लू, सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष उदय सिंह, छात्र क्लब कला संस्कृति एवं खेलकूद मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर शर्मा,संरक्षक सुजाता भकत,ऑल इंडिया पावर लिफ्टिंग संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार गुप्ता, भगवा सेना रांची महानगर अध्यक्ष पिया बर्मन आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश यादव, सचिव रशीद अंसारी एवं कैप्टन शुभम दुबे ने किया। कार्यक्रम में विगत दिनों बेंगलुरु में तीन दिवसीय (30 सितंबर से 2 अक्टूबर 2022 तक) चौथी सीनियर नेशनल सेस्टोबॉल चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था जिसमें सेस्टोबॉल एसोसिएशन ऑफ झारखंड सहित देश के 22 राज्यों में भाग लिया था।

**लाभ** देश की आजादी के 75 वर्षों के इतिहास में पहली बार हुआ है

# सीधे लाभुकों के खाते में जा रही है राशि



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश की आजादी के 75 वर्षों के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है, जब केंद्र प्रायोजित 300 योजनाओं की राशि सीधे लाभुकों के खाते में जा रही है। बीच में कोई बिचौलिया नहीं है। कोई कागजी कोरम भी नहीं है और यह संभव हुआ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी सोच से। वर्ष 2023- 24 का बजट देश के हर वर्ग का बजट है। कोई ऐसा वर्ग या क्षेत्र इस बजट से अछूता नहीं है। यह आजादी के अमृत काल का अमृत बजट है। उक्त बातें रांची के सांसद श्री संजय सेठ ने रविवार को अपने केंद्रीय कार्यालय में पत्रकार वार्ता के क्रम में कहीं। आम बजट के बाद सांसद अपने केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। सांसद श्री सेठ ने कहा कि यह बजट मुख्य रूप से किसान, ग्रामीण विकास, महिला विकास और सशक्तिकरण, विश्वकर्मा, मध्यमवर्ग, एमएसएमई, स्वास्थ्य, शिक्षा और युवा वर्गों को प्रोत्साहन, स्वरोजगार के लिए समर्पित बजट है। इसके साथ ही श्री अन्न यानि मोटा अनाज की खेती को प्रोत्साहन, इस देश के नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए, देश के छोटे किसानों के स्वास्थ्य के लिए और देश की मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए तीनों ही के लिए लाभप्रद है। सांसद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए 48000 करोड़ रुपए का बजट रखा गया था, जिसे बढ़ाकर 79590 करोड किया गया। यह 66% की वृद्धि देश के गरीबों को आवास उपलब्ध कराएगी। बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और आवास व्यवस्थाओं में सुधार के लिए देश के 500 प्रखंड मुख्यालयों में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम आरंभ किया जा रहा है। श्री सेठ ने जनजातीय समाज के विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाने और उसे अमलीजामा पहनाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान के लिए 3 लाख 50 हजार आदिवासी बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए 740 एकलव्य मॉडल विद्यालय की स्थापना, साथ ही 38,800 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति का रास्ता साफ हुआ है। इससे न सिर्फ जनजाति समाज के बच्चों में बड़ा बदलाव आएगा बल्कि रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वहीं सहकारिता और विश्वकर्मा के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव तैयार की जाने वाली है।

### ईडी के अधिकारी को कंसल्टेंसी कंपनी के निदेशक ने दी धमकी

**रांची।** ईडी अधिकारियों को एक व्यक्ति ने धमकी दी है। इसके बाद ईडी ने बीके हाई-टेक कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक बिक्रम कुमार पांडे के खिलाफ रांची के एयरपोर्ट थाने में शिकायत दर्ज करायी है। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार ईडी ने इस कंपनी से कुछ मैनपावर हायर किए थे, जो गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस पर रजिस्टर्ड है। कंपनी ने करीब 16 लोगों को ईडी के रांची जोनल ऑफिस के लिए आउटसोर्स किया था। ईडी कंपनी को उनके वेतन और किराये पर ली गयी आउटसोर्स कंपनी के कर्मियों की भविष्यनिधि (पीएफ) राशि सहमति के अनुसार भुगतान कर रही थी। ईडी हर कर्मचारी को औसतन 16 हजार रुपये दे रही थी। लेकिन इन कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी ने उनके पीएफ का पैसा जमा नहीं किया।

## चलती कार में लगी आग, क्यूआरटी ने जान पर खेलकर बचाई जान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची एसएसपी के क्विक रिस्पांस टीम ने एक मासूम सहित पांच लोगों को जिंदा जलने से बचा लिया, जलती हुई कार से एसएसपी की स्पेशल टीम ने एक महिला दो मासूम बच्चे और एक व्यक्ति को रेस्क्यू कर लिया। घटना आइटीबीपी के पास स्थित रिंग रोड की है।

**क्या है पूरा मामला :** रांची के रातू थाना क्षेत्र के रहने वाले दामोदर गोप अपने एक रिश्तेदार के यहां एक समारोह में भाग लेने के लिए सपरिवार रांची के बोडिया जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार आइटीबीपी कैंप के पास है क्रॉस कर रही थी उसी दौरान अचानक कार का ब्रेक फेल हो गया , कार का ब्रेक फेल होते ही अचानक कार के इंजन में आग भी लग गई। दामोदर गोप अपने किसी तरह आइटीबीपी कैंप के पास ही अपनी कार को रोकने में कामयाब हुए। इस दौरान कार के इंजन आग अपने चपेट में ले चुकी थी। कार में आग लगने की वजह से चारों दरवाजे लॉक हो गए दामोदर चाह कर भी कार का दरवाजा नहीं खोल पा रहे थे वही अंदर बंद उनकी पत्नी और बच्चे भयभीत होकर चीख रहे थे।

**एसएसपी कियूआर्टी ने किया रेस्क्यू :** कार रुकने के बाद स्थानीय लोग किसी तरह सभी कार सवारों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे थे, इसी दौरान रांची एसएसपी किशोर कौशल की स्पेशल टीम उसी रास्ते से गुजर रही थी। जैसे ही उन्हें कार में आग लगने की सूचना मिली स्पेसल टीम के प्रवीण तिवारी ,कृष्णा और विनय भागे भागे मौके पर पहुंचे और कार के शीशे को तोड़ कर अपनी जान पर खेलते हुए पूरे परिवार को कार से बाहर निकाला। 5 मिनट के अंदर ही जलकर राख हो गई। चलती कार में आग लगने की वजह से थोड़ी देर के लिए रांची रिंग रोड के पास अफरा-तफरी मची रही ,एसएसपी की स्पेशल टीम ने बेहतरीन काम करते हुए सभी कार सवारों की जान बचाई। मिली जानकारी के अनुसार एसएसपी को स्पेशल टीम के सदस्य प्रवीण तिवारी, कृष्णा उरांव और विनय टेटे हाल के दिनों में उग्रवादियों की हलचल को देखते हुए रांची के ग्रामीण इलाकों में नियमित गश्त कर रहे हैं ।उसकी गश्त के दौरान उन्हें आग लगी कार की जानकारी मिली , जिसके बाद उन्होंने आग में फंसे परिवार वालों को बाहर निकालकर उनकी जान बचाई।

## NEWS इन ब्रीफ

### झरिया विधायक की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

**रांची।** झरिया की कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की गाड़ी रविवार को ओरमांझी-रामगढ़ के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी आगे और पीछे दोनों तरफ से क्षतिग्रस्त हुई है। दुर्घटना में किसी को चोट नहीं आयी है। बताया जाता है कि विधायक रविवार को धनबाद से रांची जा रही थी। उनकी गाड़ी के पीछे दूसरी गाड़ी चल रही थी और आगे एक बस जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही गाड़ी ने विधायक की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। इसके चलते विधायक की गाड़ी आगे चल रही बस से टकरा गई। इस घटना में विधायक की गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार इसमें कोई चोटिल नहीं हुआ है।

### हादसे में जिओ कंपनी के एक कर्मी की मौत

**दुमका।** जामा थाना क्षेत्र के सिलंदहा गांव के पास सड़क हादसे में जिओ कंपनी के कर्मी राजेश यादव (25) की शनिवार देर रात मौत हो गई। बताया जाता है कि राजेश अपने पैतृक गांव सरैयाहाट से दुमका अपने घर नगर थाना क्षेत्र के राखबानी आ रहा था। रास्ते में जामा थाना क्षेत्र के सिलंदहा गांव के पास रोक फोन से बात करने के क्रम में पीछे से पिकअप वैन ने धक्का मार दिया। गंभीर अवस्था में राजेश यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। मेडिकल कॉलेज से बेहतर इलाज के लिए बाहर जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया।

### हत्या के विरोध में कैंडल मार्च

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के मासीयातु ग्राम में बीते दिनों हुए एक 40 वर्षीय सुनीता देवी की निर्मम हत्या के विरोध में बालूमाथ के प्रबुद्ध जन सड़क पर उतर आए। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने हाथों के तख्ती लिए कैंडल मार्च शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च बालूमाथ मुख्यालय स्थित शहीद चौक (मुरपा मोड़ )से चलकर थाना चौक होते हुए न्यू बस स्टैंड से पुनः वापस थाना चौक पहुंची। और मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की । ग्रामीणों ने इस हत्या का कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सुनीता देवी के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

### रितिका इंटरप्राइजेज का शुभारंभ

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित बाजार तांड़ के शिव मंदिर के समीप रितिका इंटरप्राईजेज लघु उद्योग का शुभारंभ रविवार को पंडित अविनाश पांडेय के द्वारा विधिवत पुजन कर किया गया। वहीं लघु उद्योग का संचालक अमन कुमार ने कहा कि हमारे लघु उद्योग में कॉपी बनाया जायेगा जो उचित व सस्ते दामों में ग्राहकों को उपलब्ध कराया जायेगा। वहीं श्री कुमार ने आगे कहा कि हमारे जिला में कॉपी का दुकानदार जब बाहर से कॉपी मंगवाता है तो लातेहार पहुंचने तक कॉपी का ट्रांसपोर्टिंग का खर्च बढ़ जाता है जिस कारण कॉपी का मुल्य भी बढ़ जाता है जो ग्राहकों को देना पड़ता है।

### जमादोहर गांव में जेजेबीए के तत्वावधान में हुई ग्रामीणों की बैठक

# वन अधिकार कानून दी गई जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
गरजा पंचायत अंतर्गत जामादोहर राजस्व ग्राम में वन अधिकार कानून 2006 के तहत रविवार को ग्राम सभा की बैठक ग्राम सभा अध्यक्ष सिलास डुंगडुंग की अध्यक्षता में किया गया। इस विशेष मौके पर झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन एवं ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार को आमंत्रित किया गया था।मौके पर खुशीराम कुमार ने कहा कि वन अधिकार अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 भारत सरकार का एक महत्वाकांक्षी और जनहित का कानून है। वनों की बंदोबस्ती के समय लोगों को वनों पर अपने परंपरागत अधिकारों की अनदेखी



करने के कारण जो ऐतिहासिक अन्याय हुआ है उसी को दूर करने के लिए यह कानून बना।लेकिन दुर्भाग्य है सरकार द्वारा अभी तक सामुदायिक अधिकार का पट्टा देने के लिए पहल नहीं कर रही है।अभी वर्तमान में देखा जाय तो हमारी अस्मिता और जीविका से जुडी हुई वन भूमि एवं हमारी दखल की गैरमजरूआ जमीन सहित नदी नाला सभी लैण्ड बैंक में है।सरकार यथाशीघ्र लैंड बैंक को निरस्त कर हमें अपने मालिकाना हक दे।क्योंकि जल जंगल जमीन हमारी भाषा,संस्कृति के साथ साथ जीवन से जुड़ी हुई अभिन्न अंग है।इसके वगैर जिन्दगी जीने की कल्पना करना बेकार है।विगत में सरकार द्वारा जो वन पट्टा दिया गया है जिसमें हमारे सभी अधिकारों से वंचित रखा है।इस बैठक में सभी लोगों ने संकल्प लिये कि पेड़ों की कटाई को हर हाल में रोकना होगा एवं जंगलों में आग लगाने से बचाना होगा और वनों का सरंक्षण, संवर्धन और प्रबंधन करना होगा। इस बैठक में एलोन सोरेंग, रोशनी केरकेट्टा, चार्लस बारला, संदीप केरकेट्टा, गुलसन बघवार, सुशील डुंगडुंग, निस्टोर टेटे, एमरंग कुल्लू, रावेल डुंगडुंग, पुनु सिंह, रामकुमार सिंह, सुभन सिंह, अपलुस एक्का, लोरेंग चेलेक्केला,विजय जस्टिन डुंगडुंग सहित राजस्व ग्राम के लोग उपस्थित थे।

### जीत कुने डो ग्रेडिंग का आयोजन



**रांची।** झारखण्ड जीत कुने डो मार्शल आर्ट्स के तत्वावधान में जीत कुने डो कलर बेल्ट टेस्ट हटिया स्थित निफ़्ट में आयोजित किया गया। ग्रेडिंग संस्था के अध्यक्ष गुलाम अब्दुल कादिर तथा प्रशिक्षक सिफु बिस्वजीत कर्माकर के द्वारा लिया गया। स्कूल कि वार्षिक परीक्षा को देखते हुए 11 बजे कार्यक्रम का समापन किया गया। ग्रेडिंग में सफल प्रतिभागियों की सूची आगामी माह निकाली जाएगी।

### टाटा मोटर्स का नेशनल एक्सचेंज कार्निवल शुरू

**रांची।** टाटा मोटर्स ने अपने ग्राहकों के लिए नेशनल एक्सचेंज कार्निवल शुरू किया है। यह कार्निवल देशभर से 250 शहरों में शुरू हो रहा है और 15 फरवरी 2023 तक चलेगा। इस मेगा कार्निवल के दौरान ग्राहक टाटा मोटर्स की किसी भी डीलरशिप में जाकर टाटा की सभी कारों और यूवी पर आकर्षक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। ग्राहकों को चुनिन्दा मॉडलों पर 60,000 रुपये तक का एक्सचेंज बेनेफिट्स भी मिलेगा। 12-दिनों तक चलने वाले इस एक्सचेंज एवं अपग्रेड कैंपेन के दौरान पूरे देश में ग्राहकों को टाटा की सभी कारों और यूवी पर आकर्षक फायदे दिये जाएंगे।

### शिविर में 35 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



**रांची।** मेकॉन की सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था मजलिस और वोलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन(वीबीडीए) के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मेकॉन परिसर स्थित जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर रक्तदान के प्रति महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। शिविर में 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिसमें एक दर्जन महिला रक्तदाता शामिल थीं। रक्तदान शिविर में रिम्स ब्लड बैंक की डॉ.कविता देवघरिया और उनकी टीम के सहयोगियों ने रक्तदाताओं से रक्त संग्रहित किया । शिविर के सफल संचालन में मजलिस संस्था के रुद्रनाथ साहा, अरुप चक्रवर्ती, गुलाब मोहम्मद चौधरी, किशोर चक्रवर्ती, अमिताभ दासगुप्ता, केएम रॉय, सोमेन किस्कू एवं वीबीडीए के सचिव तुषार कांति शीट, तरुण घोष, सुभाष चटर्जी, विवेक रॉय, सुकृत भट्टाचार्य सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## साइबर क्राइम : कुसुम विहार कॉलोनी में दो लाख की ठगी, प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
साइबर अपराधी लगातार नए-नए हथकडें अपना कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ताजा मामला बरियातू थाना क्षेत्र का है। मोरहाबादी के कुसुम विहार कॉलोनी में श्री साईं कनक स्मृति अपार्टमेंट में रहने वाले विनय चौधरी को एप डाउनलोड कराकर उनके खाते से दो लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। ठगों ने इस वारदात को बीते दो और तीन फरवरी को अंजाम दिया। इसकी जानकारी उन्हें चार फरवरी को उनके मोबाइल पर आए मैसेज से मिली। इसके बाद विनय सीधे बरियातू थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। पुलिस जिस खाते में साइबर ठगों ने राशि ट्रांसफर की है, उसकी जानकारी निकाल रही है।

#### पैसा वापसी के लिए करवाया था एप डाउनलोड

मूलरूप से बिहार के मधुबनी के रहने वाले विनय चौधरी ने बताया कि उबर से एक कैब बुक कराया था। राशि भी ऑन लाइन जमा कर दी थी। इसके बाद वह कैब का कैंसिल कर दिया। राशि वापस करने के लिए उन्होंने गूगल से एक मोबाइल नंबर निकालकर फोन किया। लेकिन उस नंबर पर बात नहीं हुई। दो फरवरी को उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन किया। उनसे पैसा वापसी के लिए एक लिंक भेजकर रीसूट दोस्त एप डाउनलोड करवाया। इसके बाद फोन पे पर जाने की सलाह दी। जैसे ही वह फोन पर गए उनके यूनियन बैंक के खाते से 20 हजार और 80 हजार उड़ गए। अगले दिन तीन फरवरी को फिर से उनके दूसरे खाते से 50 हजार, 45 हजार, 25 सौ और 25 सौ रुपए की निकासी की। इसकी जानकारी उन्हें उनके मोबाइल पर आए मैसेज से हुई। उन्होंने तुरंत बैंक में खाता को ब्लॉक करवाया। इसके बाद थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया।

## रंगारंग कार्यक्रम में भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा पंचायत अंतर्गत डुमरडीह गांव में सरस्वती पूजा के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष संदेश एक्का झारखंड पार्टी अध्यक्ष मतियस बागे सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के द्वारा रिबन काटकर की गई । इस मौके पर झारखंड के कई जगहों से आए हुए मशहूर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी और उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया लोगों को संबोधित करते हुए सपा नेता संदेश एकता ने कहा कि इस क्षेत्र में ऐसे आयोजन करने से सभी लोगों का आपसी सौहार्द्र बढ़ता है और हमारी संस्कृति जो विलुप्त हो रही उसे बचाने में मदद मिलती है।उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए सभी लोगों को पहल करने की बात कही। साथ ही कहा कि वर्तमान समय में क्षेत्र का जो गतिविधि है पूरी तरह से रुक गई। इसलिए एक बार इस क्षेत्र के विकास के लिए झारखंड पार्टी का सहयोग करें ताकि आने वाले चुनाव में इस क्षेत्र में विकास की गंगा बहा सकें उन्हें अपने पिता पूर्व मंत्री एनोस एक्का के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जब से उनके पिता क्षेत्र से जाना हुआ है तब से लेकर अब तक इस क्षेत्र में जो भी गति थी वह पूरी तरह से स्थिर हो गई।

## बिना अनुमति के ही दो दर्जन पेड़ काटे गए, यह गलत हुआः सरयू

**रांची।** झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता खरकई एवं स्वर्णरेखा नदी के संगम दोमुहानी के समीप कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना के मुख्य अभियंता, की अनुमति प्राप्त होने के बारे में झूठा प्रचार कर रहे हैं। मैं मुख्य अभियंता अशोक कुमार द्वारा उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम को इस संबंध में लिखे गये पत्र की छायाप्रति संलग्न कर रहा हूं। प्रासंगिक कार्यों को मुख्य अभियंता ने खंड-क और खंड-ख में विभाजित किया है। खंड 'क' में प्रस्तावित किसी भी कार्य को करने के लिए मुख्य अभियंता ने अनुमति नहीं प्रदान किया है।

#### स्पष्ट है कि इस बारे में बन्ना गुप्ता सफेद झूठ बोल रहे हैं

मुख्य अभियंता ने अपने पत्र के खंड-'ख' में वर्णित कार्य को किये जाने की स्वीकृति दी है। इनमें से कोई भी कार्य महत्वपूर्ण नहीं हैं। तटबंध से नदी की ओर पहले से ही सीढ़ी बनी हुई है, मूर्ति विसर्जन के लिए अस्थायी कुंड विसर्जन के समय विगत दो वर्षों से बनाये जाते है। तट पर पौधरोपण भी पहले से ही किया हुआ है। विडंबना है कि बन्ना गुप्ता के निर्देश पर दोमुहानी से लेकर कांदरबेड़ा पुल तक तटबंध पर लगे करीब दो दर्जन से अधिक वृक्षों को जेसीबी से काट दिया गया है और मेरिन ड्राइव तटबंध पर यहां उगी हुई झाड़ियों को भी जेसीबी से साफ कर दिया गया है। यह नियम विरूद्ध कार्य है। स्लूइस गेट से गंदा पानी को अस्थायी गड्ढे में डालकर प्राकृतिक तौर पर साफ करने का वहां कोई स्थान नहीं है। मुख्य अभियंता ने धार्मिक अनुष्ठान हेतु पूर्व निर्मित प्लेटफार्म की तर्ज पर नये प्लेटफार्म का निर्माण करने की अनुमति दिया है, जो नियमानुसार सही नहीं है। आश्चर्य है कि बन्ना गुप्ता द्वारा की गई घोषणा में शामिल कार्यों के लिए मुख्य अभियंता ने कोई अनुमति नहीं दिया है। मुख्य अभियंता ने इस संबंध में गत 2 फरवरी को हुई बैठक की कार्यवाही के आधार पर जल्दबाजी में निर्णय लेकर अपने स्तर से उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम को पत्र लिखा है, जो उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। मैं पहले से कहता रहा हूं कि बिना सक्षम प्राधिकार के नदी के पेट में कोई भी छेड़छाड़ करना गलत है। मुख्य अभियंता के पत्र से साबित हो गया है कि बन्ना गुप्ता ने आवश्यक प्राधिकार से अनुमति लिए बिना पिछले 10 दिनों से वहां नदी के पेट पर छेड़छाड़ कर रहे है। मुख्य अभियंता को इसका संज्ञान लेना चाहिए। जिन कार्यों की अनुमति वे उपायुक्त को लिखे पत्र में दे रहे हैं, उन कार्यों की संभाव्यता का प्रतिवेदन मुख्य अभियंता को पहले तैयार करना चाहिए। ऐसा लगता है कि मंत्री बन्ना गुप्ता के पीछे कोई निहित स्वार्थी समूह खड़ा हो गया है जो सरकार का धन अनुपयोगी कार्यों के लिए अनियमित तरीका से खर्च कराना चाह रहा है।

### हत्या कर शव फेंकने के मामले में दो गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस ने दशमफॉल थाना क्षेत्र के नवाडीह कटिंग एनएच के पास अनिल महतो की हत्या कर शव फेंकने के मामले का खुलासा कर लिया है। अपराधियों ने बाइक लूटने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया है। मामले में पुलिस ने तमाड़ निवासी शिव चरण मुंडा और अड़की के रवि सिंह मुंडा को गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी ने बताया कि आरोपी शिव चरण और अनिल के बीच दोस्ती थी। दोनों ही डोरंडा इलाके में किराए के मकान लेकर मजदूरी का काम किया करते थे। अनिल ने हाल के दिनों में एक बाइक खरीदी थी। उस बाइक पर आरोपी शिव चरण की नजर थी। उसने बाइक लूटने का प्लान बनाया। बीते 27 जनवरी को अनिल को तमाड़ मेला देखने के लिए ले गया। इस दौरान उसने एक बेंत भी खरीदा। उस बेंत को उसने पेड़ के पीछे पहले ही छिपाकर रख दिया।

## सशिविमं ने मनाया 36 वां स्थापना दिवस का वार्षिक महोत्सव




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सरस्वती शिशु / विद्या मंदिर सलडेगा में विद्यालय स्थापना दिवस सह वार्षिकोत्सव विद्यालय के 36 वर्ष पूरे होने पर विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सिमडेगा बादल राज तथा विशिष्ट अतिथि सुभाषचंद्र दुबे प्रांत शिक्षा प्रमुख ,श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखंड के द्वारा सरस्वती माता,भारत माता तथा सृष्टि का गर्भस्थल ओउम के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर तथा पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत परेड तथा घोषदल के साथ किया गया। आगत अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने कराया। अतिथियों का तथा कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों का स्वागत संस्कृत भाषण के जरिए सुमन्त सिंह, हिंदी भाषण के जरिए शिल्पा कुमारी तथा अंग्रेजी भाषण के जरिए भारती कुमारी ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण कर विद्यालय ध्वजारोहण किया गया। विशिष्ट अतिथि द्वारा मशाल प्रज्ज्वलन कर किया गया विद्यालय में विभाजित शिवाजी दल, एकलव्य दल , आरूणि दल तथा भरत दल के छात्र छात्राओं द्वारा परेड तथा योग प्रदर्शन किया गया ।सभी के द्वारा बनाए गए तंबुओं का निरीक्षण भी किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष लहरु सिंह द्वारा विद्यालय इतिहास पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि सुभाषचंद्र दुबे द्वारा श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखंड के कार्य उद्देश्य के बारे में जानकारी दिया गया। इस अवसर पर मीडिया कर्मियों को तथा सामाजिक कार्य में अग्रणी कई जानी-मानी हस्तियों को भी सम्मानित किया गया।

### बस और बाइक की सीधी टक्कर में दो युवकों की मौत

**लातेहार।** जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के महुआडांड़ लोध फॉल मुख्य पथ में रविवार शाम को हामी मोड़ के समीप बस और बाइक की सीधी टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्वघटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घायल को इलाज हेतु अस्पताल भेजा वही शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए लातेहार भेज दिया। मिली जानकारी अनुसार लोध फॉल से टूरिस्ट बस महुआडांड़ लौट रही थी। महुआडांड़ से बाइक में सवार हो तीन युवक उरुम्बी गांव लौट रहे थे। इसी दौरान हामी मोड़ के समीप बस और बाइक की सीधी टक्कर हो गई। जिसमें आशिफ कुजूर (35) पिता निकोदिप कुजूर उरुंबी थाना महुआडांड़, उदय कुमार (33) जवाहरनगर कुसमी (छग) की मौके पर ही मौत हो गई।

**सम्मानित** | बुंदेला राजपूत समाज ने किया महती आमसभा का आयोजन

# जगन्नाथ-सिंदुआरी गुरुद्वारा मठ के विकास पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
रविवार को बुंदेला राजपूत समाज का महती आमसभा मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय दिग्घी के प्रांगण में चय-प्रगणा बुंदेला राजपूत समाज शिरोमणि सह अध्यक्ष निरंजन प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मंच का संचालन श्याम प्रसाद सिंह ने किया। आमसभा में ओडिसा जगन्नाथपुरी पिठौरिया शाही स्थित ऐतिहासिक धरोहर चय-प्रगणा बुंदेला समाज का नए मठ के संरक्षण और विकास का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। सामाजिक परिचर्चा के पूर्व बुंदेला राजपूत समाज के अध्यक्ष को माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर



सम्मानित किया गया। इसके पश्चात आठ कोस चय प्रगणा के मनोनीत बारह तपा के तपेदारों को माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जगन्नाथपुरी मठ विकास समिति के सदस्य सुनील कुमार सिंह ने जानकारी दी कि बुंदेला समाज के मठ की जमीन संबंधी विवाद न्यायालय में पहुंच गया है। इसके समाधान के लिए समिति को संसाधनयुक्त बनाने, मठ के संरक्षण और विकास के लिए ट्रस्ट बनाने की बात कही गई। इसी तरह सिंदुअरी राम-जानकी गुरुद्वारा मठ के विकास का निर्णय लिया गया। यहां भी भूमि का सीमांकन कराकर स्वामित्व उचित माध्यम को सौंपे जाने और सर्वसम्मति से मठाधीश की ताजपोशी का निर्णय लिया गया। इसके अलावे जगन्नाथपुरी मठ के विकास हेतु बारह तपा के प्रत्येक घर से सौ रुपए चंदा लेकर समिति के संयोजक शिवसेवक प्रसाद सिंह को समर्पित करने की बात कही गई। आमसभा में समाज के सेवानिवृत शिक्षक रामचंद्र सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, रामवृक्ष सिंह, मालेश्वर प्रसाद सिंह, पूर्व मुखिया अर्जुन सिंह, शंभू प्रसाद सिंह, विभूतिनाथ सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, अश्विनी कुमार सिंह, मुरलीधर सिंह, सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, अनिल कुमार सिंह, देव कुमार सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह, संजय सिंह चैपारण, रामकुमार सिंह, बारह तपा के सभी तपेदार आदि उपस्थित थे।

## माता भद्रकाली, कुलेश्वरी व बागेश्वरी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**
माघ पूर्णिमा के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध माता भद्रकाली मंदिर इटखोरी, हंटरगंज स्थित कुलेश्वारी मंदिर, गिद्धौर प्रखंड के बलबल बागेश्वरी मंदिर व पत्थलगडा के लेंबोईया पहाड़ी पर अवस्थित भगवती मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हर वर्ष के भांती इस वर्ष भी उपरोक्त मंदिरों के अलावे टंडवा प्रखंड के चुंदरु मंदिर व सिमरिया के भवानी मठ मंदिर में दूर दराज से श्रद्धालु भारी संख्या में पूजा अर्चना करने पहुंचे थे। वहीं श्रद्धालुओं ने इटखोरी महाने नदी के उत्तर वाहिनी के तट पर स्नान के बाद मां भद्रकाली का दर्शन-पूजन किया। माता भद्रकाली मंदिर में अहले सुबह से ही कतारबद्ध होकर पुरे दिन



श्रद्धालुओं द्वारा पूजा करेन का क्रम जारी रहा। माता भद्रकाली के दर्शन के उपरांत श्रद्धालुओं ने कोठेश्वरनाथ, पंचमुखी हनुमान, बुद्ध विहार, राधा कृष्ण कुंज मंदिर आदि देवालयों में जाकर पूजा अर्चना किया। भीड़भाड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन समिति के साथ स्थानीय पुलिस भी थानेदार निरंजन कुमार मिश्रा के दिशा निर्देशन पर चैकस रही। इसी प्रकार कुलेश्वरी पहाड़ी पर अवस्थित मंदिर, चुंदरु धाम स्थित सूर्य मंदिर, गिद्धौर के बलबल गर्म कुंड स्थित बागेश्वरी मंदिर व लेंबाइया पहाड़ी पर अवस्थित भगवती मंदिर में पूजा अर्चना किया।

# संत रविदास के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत : चंद्रप्रकाश चौधरी




संत शिरोमणि रविदास ने समाज के बीच प्रत्यक्ष प्रमाण देकर धर्म और भाईचारे का संदेश दिया हैः चंद्रप्रकाश चौधरी

फोटो 01 संत रविदास को नमन करते सांसद व अन्य

रामगढ़। रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड नंबर 32 अंतर्गत कुरुम में युवा अंबेडकर क्लब द्वारा संत शिरोमणि रविदास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, आजसू नेता लालबिहारी महतो, सत्येंद्र सिंह उपस्थित हुए। स्थानीय लोगों ने सांसद को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर चंद्रप्रकाश चौधरी ने सर्वप्रथम संत रविदास के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया। संत रविदास की जयंती के उपलक्ष्य पर मुख्य अतिथि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आदमी अपने कर्म से ही छोटा-बड़ा होता है न कि धन या जाति से। चौधरी ने कहा कि रविदास जी ईश्वर के अनन्य भक्त थे। लेकिन वे अपने कार्य को ही ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा मानते थे। उन्होंने कुरीतियों के खिलाफ हमेशा आवाज उठाई थी। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने युवा पीढ़ी से संत रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा जैसी प्रसिद्ध कहावत को संत शिरोमणि ने समाज के बीच प्रत्यक्ष प्रमाण देकर धर्म और भाईचारे का संदेश दिया था। विदित हो कि हिन्दू पंचांग के अनुसार माघ माह की पूर्णिमा के दिन गुरु रविदास जयंती मनाई जाती है। मौके पर जगदीश राम, हरिनारायण राम, अमरनाथ सिंह, मनोज कुमार रंजन, शशि कुमार, रीना देवी, सरोजनी देवी, बिंदु देवी, अशेश्वर राम, रजनीकान्त सिंह, अविनाश कुमार रवि, पंकज महली, विक्रम महली, सूरज राम, प्रदीप रवि, अनिल रवि, सुनील रवि, विकास रवि, राहुल रवि, जगदीश राम, संतोष मुंडा, नेवालाल राम, हुकुमनाथ रवि सहित अन्य मौजूद थे।

## बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनायी गयी संत रैदास जयंती

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में संत शिरोमणि सतगुरु रैदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई।इस निमित विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वधान में धार्मिक पर्यटन स्थल सूरजकुंड धाम में भव्य तरीके से संत रैदास के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर जयन्ती मनाया गया ।वही विहिप के मंत्री सत्येंद्र भारती ने कहा सामाजिक कुरीतियों और जात पात को दूर कर तथा सामाजिक प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देने वाले संत शिरोमणि सतगुरु रैदास जी की जयंती हम लोग प्रत्येक वर्ष मनाते हैं।वहीं शिलाडीह पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र पांडेय ने कहा संत रैदास अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महान व्यक्ति थे। सामाजिक एकता और समरसता के प्रति बताये गए मार्गदर्शन पर हम सभी को चलना है। इनका विचार काफी सराहनीय है ।वही बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा संत रैदास जयंती हम सभी प्रत्येक वर्ष काफी हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं । इन्होंने जाति पाती से उठकर उच्च विचार दिया तथा सभी को एक सूत्र में बंधने का प्रयास किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी संत ने रैदास के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कहा कि हमें इनके बताये मार्गदर्शन पर चलने की



आवश्यकता है ।कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के मंत्री सत्येंद्र भारती,प्रचार प्रसार प्रमुख धीरज गुप्ता,सांसद प्रतिनिधि केदार साव, बेलकपी मुखिया ललिता देवी, पंसस राजकुमार गिरी,रविंद्र पांडेय, सूरज देव प्रजापति,बाबूलाल पाण्डेय,भाजपा मंडल महामंत्री रविंद्र ठाकुर, सुनील पांडेय,देवेन्द्र पाण्डेय, मुखिया अब्बास अंसारी,पंसस अर्जुन तुरी, सुरेश रविदास,महेश रविदास, संत रविदास, अनिल रविदास, सुरेंद्र दास समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विहिप कार्यकर्ताओं ने संत शिरोमणि रैदास की जयंती मनाई

**बरही ।** विहिप कार्यक्रताओ ने संत रैदास की 600वीं जयंती संत शिरोमणि के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ मनाई । इस अवसर पर कई विहिप और आरएसएस के कई कार्यकर्ता मौजूद थे । उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए आरएसएस के क्षेत्रीय सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू ने कहा कि संत रैदास के जीवन की कई छोटी-छोटी घटनाओं से समय तथा वचन के पालन सम्बन्धी उनके गुणों का पता चलता है। उन्होंने ऊँच-नीच की भावना तथा ईश्वर-भक्ति के नाम पर किये जाने वाले विवाद को सारहीन तथा निरर्थक बताया । वे स्वयं मधुर तथा भक्तिपूर्ण भजनों की रचना कर भाव-विभोर होकर सुनाते थे। वह सदा ईश्वर एक है के सिद्धांत को मानते थे । वेद, कुरान, पुराण आदि ग्रन्थों में एक ही परमेश्वर का गुणगान किया गया है। उनका विश्वास था कि ईश्वर की भक्ति के लिए सदाचार, परहित-भावना तथा सद्व्यवहार का पालन करना अत्यावश्यक है। अभिमान त्याग कर दूसरों के साथ व्यवहार करने और विनम्रता तथा शिष्टता के गुणों का विकास करने पर उन्होंने बहुत बल दिया।

## बरहीः अंबेडकरनगर में संत रैदास की मनाई गई जयंती, शोभा यात्रा आज

**बरही ।** रविवार को जिला परिषद बस स्टैंड स्थित डाक बंगला परिसर में अंबेदकर क्लब बाराटांड़ की ओर से संत शिरोमणि रैदास की 600वी जयंती धूमधाम से मनाई गई । कार्यक्रम की शुरूआत संत रैदास की पूजा पाठ , हवन और भजन इत्यादि कार्यक्रम से हुआ । पूजन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम सह सभा का आयोजन किया गया । जिसका संचालन संजय रविदास ने किया । कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भीम आर्मी एकता मिशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज सहित



ओम नर्सिंग होम के संचालक उमेश कुमार दास, एकता मिशन के प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण अंबेदकर, अर्जुन राम, छोटन ठाकुर आदि शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने लोगों को अपने हक और अधिकार के लिए एकजुटता बनाए रखने की अपील किया । उन्होंने बाबा साहब और संत रैदास की पुस्तकों को पढ़ने की भी सलाह दी । कहा कि जब तक लोग जागेंगे नहीं अपने अधिकार को समझेंगे नहीं तब तक दमन और शोषण होता रहेगा । कार्यक्रम में अतिथियों ने भी अपने विचार रखें । सबों ने संत शिरोमणि की आदर्श पर चलने का संकल्प भी लिया । कार्यक्रम सफल बनाने में साधु शरण दास, मनोज रविदास, बिरेंद्र रविदास, छोटी रविदास, सूरज दास आदि सहित कई लोगो ने अपनी महत्वपूर्ण भुमिका निभाई । कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से सैकड़ों की संख्या में बच्चे, नौजवान, बुजुर्ग, स्त्री व पुरुष शामिल हुए ।

## मतदान केंद्रों पर चुनाव पाठशाला आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप के तहत रविवार को 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों पर बीएलओ व आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं द्वारा चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने चुनाव पाठशाला में भाग लिया। मौके पर बीएलओ एवं आंगनवाड़ी सेविका व सहायिकाओं के द्वारा सभी को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई एवं सभी से आगामी 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। इसके साथ ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर आयोजित चुनाव पाठशाला के दौरान मतदाता जागरूकता शपथ का भी आयोजन किया गया।

## बरही में 29 जनवरी से मो. हसन लापता, सनहा दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
पिछले 29 जनवरी से बरही थाना क्षेत्र से मो हसन पिता धनपत लापता है । प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी बरही थाना ने दिया । जारी विज्ञप्ति के अनुसार उक्त व्यक्ति हरियाणा के नुन्हू जिला अंतरगर्त थाना पिंगवान के खानपुर घाटी का रहने वाला है । इसकी शारीरिक संरचना 5 फिट 4 इंच लंबा शरीर दुबला पतला रंग सांवला है। जो सफेद रंग का पेंट और मिट्टी रंग का जैकेट पहना हुआ है ।इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी



ललित कुमार ने गुमशुदा व्यक्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त होने पर बरही थाना के मोबाइल संख्या 9431706315 पर सूचना देने की अपील की है ।

## शिक्षक की मांग को लेकर ग्रामसभा आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के डाकडीह स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डाकडीह के परिसर में रविवार को ग्रामसभा का आयोजन किया गया जिसका संचालन मनोज चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि उमेश कुमार,पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, प्रबंधन समिति अध्यक्ष बजरंग साव, समाजसेवी दर्शन सोनी, टुकलाल नायक आदि उपस्थित थे। बैठक में उक्त विद्यालय के दिवंगत सहायक अध्यापक शंभू चंद्रवंशी के निधन के पश्चात ग्रामीणों एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने परिजनों के




आर्थिक तंगी को देखते हुए दिवंगत शिक्षक की पत्नी अनीता देवी को सहायक शिक्षक पर नियुक्ति की मांग की है। ग्रामीणों के मुताबिक दिवंगत शिक्षक के छोटे छोटे बच्चे हैं। अब उनके समक्ष विकट आर्थिक स्थिति उत्पन्न हो गई है। साथ ही उनके बेटे ऋषि कुमार गंभीर रोग से पीड़ित है जिन्हें तत्काल इलाज की जरूरत है। वहीं लोगों ने बताया कि विधवा अनिता देवी ग्रेजुएट हैं जिन्हें सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त किया जा सकता है। प्रमुख प्रतिनिधि उमेश कुमार और मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव ने हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## बाबा रामदेव के कार्यक्रम को लेकर सूरजकुंड धाम में बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूरज कुंड धाम में रविवार को एक बैठक आयोजित किया गया ।बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी सुनील पांडेय ने किया ।वहीं उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि आगामी अप्रैल में हजारीबाग में तीन दिवसीय स्वामी रामदेव का कार्यक्रम है,उसी बीच सूरजकुंड धाम में भी स्वामी रामदेव का 1 दिन का कार्यक्रम रखा जाय। जिसपर लोगों ने एक साथ सहमति जताई। वही प्रखंड के योग गुरु महेंद्र प्रसाद ने कहा कि सांसद अन्नपूर्णा देवी से मिलकर स्वामी रामदेव का एक दिवसीय कार्यक्रम सूरजकुंड धाम में सुनिश्चित कराया जाए ताकि यहां के लोगों को योग के संबंध में बेहतर जानकारी प्राप्त हो सके । कहा कि बाबा रामदेव के आने से सूरजकुंड धाम का कायाकल्प निश्चित रूप से होगा । यहां के लोगों का सहयोग हुआ तो हम सब मिलकर अप्रैल में ही तीन दिवसीय योग का कार्यक्रम रखेंगे। मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी ने कहा कि हमारे क्षेत्र के लिए यह सौभाग्य की बात होगी कि स्वयं बाबा रामदेव आकर योग के गुर सिखाएंगे। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के मंत्री सत्येंद्र भारती आदि लोग उपस्थित थे।

## स्कूल में विदाई व आशीर्वाद समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में वर्ग दशम व बारहवीं के छात्र- छात्राओं को विद्यालय परिवार के द्वारा विदाई सह आशीर्वाद समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार,शिक्षा पदाधिकारी रामजी प्रसाद,प्राचार्य भानु प्रताप सिंह,भीखो प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद, गंगपाचो हाई स्कूल के प्राचार्य युगल ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया।वहीं समीक्षा पंडित, दीक्षा दानी, अनुप्रिया कुमारी ने गणेश वंदना कर छात्रों के उज्ज्वल भविष्य कि कामना की। थाना प्रभारी बच्चों को संबोधित करते हुए



कहा कि आने वाले समय में बहुत सी कठिनाई आएगी उस पर अपने गुरुजनों के आशीर्वाद और परिश्रम के बल पर विजय प्राप्त करना है। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने कहा कि मेरे प्यारे छात्रों,अपने अनुभव के अनुसार आपको अपने जीवन में बहुत सी कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा जिसे अपने आत्मविश्वास से ही जीता जा सकता है। प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सफल और मूल्यवान व्यक्ति बनो।

## गिरिडीह में चाल धंसने से मजदूर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**
**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ओपेनकास्ट माइंस के समीप रविवार को अवैध रूप से कोयला चोरी करने के दौरान चाल धंसने से एक मजदूर की मौत हो गयी। उसकी पहचान महुआटांड निवासी प्रकाश पासवान के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सीसीएल ओपेनकास्ट माइंस के ठीक पीछे अवैध कोयला खदान में कोयला काटने का काम चल रहा था। इसी दौरान चाल धंस गया और मजदूर उसमें दब गया। घटना के बाद उसके साथ गए मजदूर और खंता संचालक वहां से फरार हो गए। मामले की सूचना पर स्थानीय मुखिया शिवनाथ साव और वार्ड सदस्य जगदीश घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। सूचना पर मुफ्फसिल थाना पुलिस के पदाधिकारी ओपी सिंह और सीसीएल के कर्मी भी वहां पहुंचे। स्थानीय लोगों की सहायता से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने मौके पर मौजूद मृतक के भाई राजू पासवान से पूछताछ की। उसने बताया कि सुबह में ही कुछ लोग आए और उसके भाई को काम करने के लिए ले गए। सुबह 10 बजे उसे यह सूचना मिली कि उसका भाई खंता में दबा गया।

**बेहतर प्रदर्शन**

डीएवी में 9वां वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

## हंसराज हाउस ओवरऑल चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
डीएवी पब्लिक स्कूल में नौवां वार्षिक खेल महोत्सव का रंगारंग समापन हुआ । कार्यक्रम का आगाज शनिवार को हुआ था । जिसमे खो खो, कबड्डी, दौड़, ऊंची छलांग, लंबी कूद आदि जैसे कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न हाउस के बच्चो ने अपने हाउस मास्टर की अगुवाई में बेहतरीन प्रदर्शन किया । जिन्हे शनिवार को समापन समारोह में ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के सम्मान के साथ हुआ । उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने बताया कि डीएवी ने गुणवतापूर्ण शिक्षा के साथ स्पोर्ट्स और कल्चरल एक्टिविटी जैसे विभिन्न



कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चो के चहुंमुखी विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहा है । हाल ही में संपन्न हुए डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में उनके विद्यालय के तीन बच्चो ने आर्चरी इत्यादि में सिल्वर और गोल्ड अवार्ड से सम्मानित होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में भी कैरियर की असीम संभावनाएं हैं बशर्ते वह नियमित और समर्पित होकर प्रयास किया जाए । पुरस्कार वितरण के पूर्व विद्यालय के बच्चो ने भी सामूहिक फ्यूजी नृत्य प्रस्तुत कर आगंतुकों और अभिभावकों का अभिवादन किया । इसके साथ ही पुरस्कार वितरण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । जिसमे विभिन्न प्रतियोगिता में सैकड़ों विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और मेडल देकर उपस्थित अतिथियों के हाथो सम्मानित किया गया । जिसमे एलकेजी से द्वितीय वर्ग में विवेकानंद हाउस के यूकेजी की छात्रा दीपिका कुमारी और हंसराज हाउस के कक्षा प्रथम के छात्र श्रीकांत सार्थक, कक्षा तृतीय से द्वादश ग्रुप में दयानंद हाउस के कक्षा नौ( अ) की सुहानी कुमारी और उसी कक्षा के हंसराज हाउस के शौमदीप कौशिक ने पूरे प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में बतौर स्पेशल गेस्ट जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, डीएवी चतरा के प्राचार्य एस सी अहमद, डीएस डॉ पी ज्ञानी सहित कोबरा 203 के अमरेंद्र प्रताप, एलएमसी सदस्य इंद्रदेव यादव, मनोज केसरी, अश्विनी शर्मा आदि सहित कई अभिभावक मौजूद थे । मंच का संचालन राजेश कुमार सिन्हा और विजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया कार्यक्रम सफल बनाने में शिक्षक राजेश कुमार सिंह, रविंद्र पांडे लल्लन यादव, निर्मल प्रसाद, प्रतिक आनंद पांडे, अनिल कुमारआदि ने भूमिका निभाई ।

अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति की बैठक

## सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का लिया गया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
दहेज, नशा आदि कुरीतियों से समाज को निजात दिलाने के उद्देश्य से अल्पसंख्यक कल्याण समिति की बैठक धनवार के मदरसा जामिया फैजुर रशीद में संपन्न हुआ । जिसमें उच्च तालीम, सामाजिक एकता और जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चाएं हुई। उपस्थित लोगो को आश्वस्त किया गया कि पठन पाठन में आनेवाले समस्याओं को दूर करने के लिए अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति सदैव तैयार है । बैठक में उपस्थित बतौर मुख्यातिथि आवेश खान ने कहा कि मेडिकल, इंजीनियरिंग, वकालत जैसे उच्च तालीम के लिए झारखंड सुपर 40 के तहत वह नि शुल्क पढ़ाएंगे । सभी ने एक सुर में आधी रोटी खाएंगे फिर भी अपने बच्चों को पढ़ाएंगे का



नारा लगाया। कहा कि समाज में गंगा यमुनी तहजीब को कायम रखने में कोई भी कसर नही छोड़ेंगे । किसी भी मामले को आपस में मिल बैठकर हल करेंगे । मौके पर उपस्थित लोगों ने भी अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के सदस्य बनने की इच्छा जाहिर किया। बैठक में मुख्यातिथि सहित विशिष्ट अतिथि विस अध्यक्ष मो कयूम, मो इकबाल रजा, अब्दुल इम्तियाज, तौकीर रजा, सस्थापक सदस्य पप्पू खान, मो सेराज हाजी, मो मकसूद, मो निजामुद्दीन मुफ़्ती, अब्दुल रशीद, निखहत अफसाना खातून, आफरीन अशनेहा, प्रवीण शबिशता, प्रवीण नूर जहाँ प्रवीण, सीमा प्रवीण आदि सहित कई लोग उपस्थित थे ।

NEWS इन ब्रीफ

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो व्यक्ति की मौत, दो घायल

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के समशेरा मोड़ के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बोलबा प्रखंड मुख्यालय के समशेरा मोड़ के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दो मोटरसाइकिल काफी रफ्तार में सीधी टक्कर हुई जिससे एक व्यक्ति सरोज नेगी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि रजनीकांत यादव उर्फ मुन्नू को सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचाने के बाद मौत हो गई बताया जा रहा है कि अकाश सिंह एवं विकास सिंह गंभीर रूप से घायल हैं। उनका सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाज चल रहा है।

### संघ का मंडल स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के किलेशेरा गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वधान में मंडल स्तरीय सम्मेलन का किया गया आयोजन इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिमडेगा जिला के तत्वधान में खेल योग, प्राणायाम, बौद्धिक प्रवचन एवं अन्य कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर त्रिलोचन प्रधान ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्थापना से लेकर अबतक के इतिहास को बताया। वहीं संदीप नाग के द्वारा संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए लोगो को प्रेरित किया। संजीत कुमार ने शाखा लगाकर योग प्रणायाम कराया। इस मौके पर गुमला जिला प्रमुख त्रिलोचन प्रधान जिला शारीरिक प्रमुख संदीप नाग, संजीत कुमार, बोलबा मंडल के गौरीशंकर सिंह, हीरालाल प्रधान, फाल्गुन नायक, चक्रधर महानंदिया, मधु तिर्की के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

### अज्ञात वाहन की धक्के से व्यक्ति की मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमडेगा रांची मार्ग सरईपानी जंगल के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से देर शाम एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रवि प्रकाश ने बताया कि व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। संभवत कयास लगाया जा रहा है कि व्यक्ति सड़क पार कर रहा था इसी बीच किसी बड़े मालवाहक ने अपनी चपेट में ले लिया और फरार हो गया। इधर बताया गया कि मृत व्यक्ति के माथे हाथ पैर सहित शरीर के कई अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगी है, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि उसके शव को पोस्टमार्टम कराते हुए शीतगृह में रखा गया है और शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी।

### दो पक्षों में शराब के नशे में विवाद, एक जख्मी

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो ग्राम में एक ही समुदाय के दो पक्षों में शराब के नशे में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसपर सोवन उरांव ने टांगी से प्रहार कर संतोष उरांव को जख्मी कर दिया। घायल संतोष ने घटना के पश्चात सेन्हा थाना पहुंच घटित घटना की जानकारी सेन्हा थाना में दिया। वहीं घायल संतोष कुमार को देखते हुए उसे इलाज हेतु सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र सेन्हा भेजा गया। बताया जाता है कि सीठीयो निवासी स्वर्गीय चैतू उरांव के 29 वर्षीय पुत्र संतोष उरांव तथा स्वर्गीय रती उरांव के पुत्र सोवन उरांव के बीच शराब सेवन के बाद किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। लेकिन संतोष उरांव ने बताया की हम बैठे हुए थे। तभी सोवन उरांव टांगी ले कर आया और मेरे सिर पर अचानक प्रहार कर दिया जिससे मेरे सिर में चोटें आई है। वहीं पुलिस इस मामले को लेकर जांच में जुट गई है।

## माघ पूर्णिमा : रामरेखा धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भक्तों ने किए भगवान के विग्रहों के दर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
श्रीरामरेखाधाम में रविवार को माघ पूर्णिमा के मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने धाम के पवित्र धनुष कुंड में स्थान कर गुफा मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने मंदिर में स्थापित भगवान राम, लक्ष्मण एवं माता सीता के साथ-साथ शिवलिंग एवं समीप में स्थिति हनुमान मंदिर, शिवालय के साथ-साथ गरूड़ स्तंभ एवं रामरेखा बाबा की समाधि पर में पूजा-अर्चना की। इधर श्रद्धालुओं का आगमन देर शाम तक होते रहा। इधर माघ पूर्णिमा मेला के मौके पर धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के मद्देनजर धाम विकास समिति के द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए थे। गुफा मंदिर में अधिक भीड़ नहीं हो,इसके लिए बारी-बारी से व थोड़े अंतराल पर श्रद्धालुओं को प्रवेश की अनुमति दी जा रही थी। इधर माघ पूर्णिमा के मौके पर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह दिखा गया। बड़ी संख्या में लोग निजी वाहन से तो कई लोग पैदल ही धाम में पहुंचे। राऊरकेला एवं ओड़िशा,छतीसगढ़ बंगाल, से भी धाम में लोग पहुंचे थे। इधर धाम में वाहनों के लिए पड़ाव के प्रबंध किए गए थे, जहां समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। मौके पर सुरक्षा के लिए पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। इधर, धाम परिसर में मेला भी लगा। खिलौने, पूजा सामग्री, बर्तन, दैनिक इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं के कई दुकान सजाए गए थे। इसके अलावा नाना प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल व टेंट लगाए गए थे। पूजा-अर्चना से निवृत होने के बाद लोगो ने मेला का लुत्फ उठाया।। मौके पर विधि व्यवस्था की जानकारी लेने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी शक्तिकुंज, अंचल अधिकारी अमित कुमार एवं थाना प्रभारी रंजीत महतो पहुंचकर विधि व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी ने धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कमी ना हो इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही कहा कि धाम की पवित्रता बनाए रखने के लिए सभी लोग सहयोग करें इस दौरान रामरेखा धाम विकास समिति के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रहे।

### नगर भवन में भव्य तरीके से मनायी गयी संत रविदास जयंती

## संत शिरोमणि रविदास जी के विचार आज भी प्रासंगिक : डीसी




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
स्थानीय नगर भवन में संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह का भव्य आयोजन की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने दीप प्रज्वलित कर एवं संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। समारोह में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने बतलाया कि संत शिरोमणि रविदास जी के विचार आज भी प्रासंगिक है। जिला प्रशासन सामाजिक विकास के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। हमने लोहरदगा के होनहार छात्रों के लिए जो विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए बाहर नहीं जा सकते हैं, अर्थिक स्थिति ठीक नहीं है उनके लिए मेडिकल, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट इत्यादि कोचिंग की निःशुल्क व्यवस्था जिला प्रशासन की ओर से की गई है। जिसका लाभ उठायें। प्रशासन से जुड़कर सामाजिक उत्थान करें जिससे देश का विकास होगा। पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने बतलाया कि समाज के विकास के लिए शिक्षा रूपी हथियार को अपनाना होगा। विकास का सबसे बाधक नशापान है, इसका त्याग करें। रविदास जी के विचारों को अपने जीवन मे समावेशित करें। रोजगार का सृजन करें, हम सभी अपने कर्म से समाज की व्यवस्था बदल सकते हैं। कार्यक्रम को रविदास विकास मंच के सलाहकार राजमोहन राम, सचिव बुधन राम, उपाध्यक्ष रामचरण राम, एस बी आई के पूर्व शाखा प्रबंधक बिरसा उरांव, राजी पड़हा के सोमे उरांव, नगर सचिव लखन राम, विनोद राम, रामजतन राम, दशरथ राम ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चुन्नी राम एवं संचालन नगर अध्यक्ष अरुण राम ने किया। इस अवसर पर विश्वनारायण राम, संतन राम, रघुबीर राम, गोपाल राम, कृष्णा राम, गजन राम, हरि राम, दिनेश राम, आशुतोष राम, भरत राम, सरोज राम, अशोक राम, संतोष राम, नरेश राम, मनोज राम, महेंद्र राम, अनिल दास, रामप्रताप राम, लक्ष्मण राम, दयानंद राम, बरतु राम, मंजू कुमारी, उर्मिला देवी, सुनीता देवी, सीता देवी, जगमनी देवी, ज्योति देवी, जमुना देवी, यशोदा देवी सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कुडू कोलसिमरी में भटककर आया हिरन



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड में कोलसिमरी ग्राम में एक हिरण जंगल से भटक कर पहुंच गया था। जिसे वहां के ग्रामीणों ने संरक्षण में लेकर फारेस्ट विभाग के हवाले कर दिया। जो गलती से जंगल से भटक कर गांव की तरफ आ गया था। जिसे गांव वालों ने सुरक्षित पकड़ के रखा था और सूचना मिलते ही फॉरेस्ट विभाग को संपर्क किया। हिरण को सुरक्षित उनके हवाले कर दिया। कोलसिमरी ग्रामीणों की लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा किया गया। जिन्होंने एक जानवर की जान बचा कर प्राकृतिक सारंक्षण में सहयोग के साथ कोमल पशु की जान बचाई है। लोगों में हिरन को देखने के लिए कौतुहल बना रहा।

## सड़क निर्माण कार्य में लगा जेसीबी पलटा

### ऑपरेटर ने कूदकर बचाई अपनी जान



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
थाना क्षेत्र के चंदवा गढ़गांव में पथ निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी मशीन पलट गया। जिसमें जेसीबी का ऑपरेटर बाल बाल बचा। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव चंदवा गढ़गांव में पथ निर्माण के दौरान जेसीबी मशीन से कार्य कराया जा रहा था। इसी दरमियान जेसीबी मशीन पलटा गया। जिसमें ऑपरेटर बाल बाल बचा। बताया जाता है कि जेसीबी मशीन के ऑपरेटर ने जेसीबी मशीन अनियंत्रित होते ही सूझ बूझ दिखाते हुए मशीन से कूद कर खुद को सुरक्षित किया। जेसीबी ऑपरेटर हजारीबाग निवासी इसराइल अंसारी के पुत्र शाहिल अंसारी बताया जा रहा है। विदित हो कि कंडरा मेन रोड से चंदवा गढ़गांव तक पथ निर्माण किया जाना है। जिसमें कार्य आरम्भ है। कार्य के दौरान ही रविवार को जेसीबी मशीन के ऑपरेटर मशीन का जेक लगाना भूल गया था। जिसके कारण यह हादसा होने की बात बताई जा रही है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि कार्य के दौरान पथ के किनारे का मिट्टी भसक गया जिसके कारण मशीन पलटी हुआ है। बताया जाता है कि घटना के समय अगल बगल में किसी का नही होने के कारण बड़ी हादसा टल गया। पथ निर्माण कार्य किसी विभाग से एवं किस संवेदक के माध्यम से किया जा रहा है इसकी जानकारी देने से लोग कोताही बरत रहे है। घटना के पश्चात दूसरे जेसीबी मशीन का सहारा लेते हुए क्षतिग्रस्त जेसीबी को उठाया गया।

### बीडीओ ने पीडीएस डीलर के साथ कि बैठक

## 14 फरवरी तक शत-प्रतिशत आधार सीडिंग के दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा सदर प्रखंड कार्यालय सभागार में रविवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार की अध्यक्षता में सदर प्रखंड अंतर्गत आने वाले सभी पीडीएस राशन डीलरों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सभी लोगों को आधार सीडिंग कार्य से संबंधित बारी-बारी से जानकारी ली तथा उन्होंने 14 फरवरी तक शत प्रतिशत आधार सीडिंग कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार राशन कार्ड को लेकर विशेष पखवाड़ा चला रही है। जिसमें कई प्रकार के कार्यक्रम किए जाएंगे। जिसके तहत जिला के उपायुक्त के निर्देश अनुसार शत-प्रतिशत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आधार कार्ड सीडिंग का कार्य जो छूटा हुआ है उसे पूरा करनी है। उन्हें सभी संबंधित राशन डीलरों को जल्द से जल्द इस कार्य को पूरा करने संबंधित बात कही। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शंकर रविदास ने भी इस मामले की विस्तृत जानकारी लेते हुए सभी लोगों को कार्य में लग जाने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने बताया कि इस पखवाड़े के अंतर्गत कई नए राशन कार्ड लोगों के लिए जोड़ा जाएगा। इसके अलावा जो संपन्न परिवार है उसे हटाने का काम साथ-साथ आधार से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उन समस्याओं का निदान करने के लिए सरकार की ओर से यह पखवाड़े की शुरूआत की गई है। मौके पर प्रमोद प्रसाद, मुकेश पंडा, मुतुर्जा हुसैन, मेराज खान, सहित सदर प्रखंड अंतर्गत आने वाले सभी पीडीएस राशन डीलर उपस्थित रहे।

## क्रिकेट खेलने से अनुशासन व नेतृत्व क्षमता का विकास : अलोक राय

### क्रिकेट से आती है आपसी सद्भावना भाईचारा की शिक्षा : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा सुपर डिविजन क्रिकेट लीग का फाइनल मैच बी.एस .कॉलेज स्टेडियम में क्रिकेट ट्रेनिंग सेंटर ए और एल सी.सी.बी के बीच खेला गया। जिसमें क्रिकेट ट्रेनिंग सेंटर ए ने एल. सी.सी बी को 77 रनो से पराजित कर दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट क्रिकेट ट्रेनिंग सेंटर ए ने निर्धारित 40 ओवरों के मैच में खेलते हुए 29 ओवरों में 158 रन बनाकर ऑल आउट हो गई टीम की ओर से जितेंद्र कुमार ने 57 प्रेम कुमार ने 34 जय अजीत चौबे ने 17 और गौतम सिंह राजपूत ने 11 रनों का योगदान दिया। एल सी सी बी की ओर से पंकज गुप्ता ने 35 रन देकर 4 विकास कुमार गिरि ने 24 रन देकर दो अमित कुमार गुप्ता ने 20 रन देकर दो तथा आशुतोष सिंह ने 27 रन देकर एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलते हुए एल सी सी बी की टीम 22 .2 ओवरों में 81 रन बनाकर ऑल आउट हो गई टीम की ओर से अमित कुमार 35 तथा सुधांशु सिंह ने 14 रन को छोड़कर किसी भी बल्लेबाज का कोई खास योगदान नहीं रहा। क्रिकेट ट्रेनिंग सेंटर की ओर से बॉलिंग करते हुए आदित्य कुमार ने 6. 2ओवरों में 11 रन देकर छह विकेट लिया विकास कुमार नायक ने 3 विकेट तथा जतिन ने एक विकेट लिया। इसके पहले मैच का विधिवत उद्घाटन लोहरदगा के एसपी आर राम कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया और कहा की क्रिकेट भद्र लोगों का खेल है जहां सद्भावना और आपसी भाईचारा की शिक्षा प्रदान करती हैं, वहीं जिला सचिव अलोक रॉय ने कहा की खेल मे हार जीत लगा रहता हैं हार और जीत से दोनों टीमों को शिक्षा लेने की आवश्यकता हैं। क्रिकेट समर्पण की भावना का खेल है।

## सुनील मेहता ने सेन्हा प्रखंड के पहाड़ी क्षेत्र का किया दौरा

### 12 को रांची पहुंचेंगे तेजस्वी यादव, लोहरदगा से भी जायेगे कार्यकर्ता

**लोहरदगा।** बिहार के उपमुख्यमंत्री के झारखंड रांची में 12 फरवरी को आगमन को लेकर लोहरदगा जिला राष्ट्रीय जनता दल जिलाअध्यक्ष सुनील मेहता ने रविवार को सेन्हा प्रखंड के पहाड़ी क्षेत्र का दौरा कर कार्यकर्ताओं से तेजस्वी यादव के स्वागत में रांची पहुंचने का आह्वान किया है। इसके मद्देनजर सुनील मेहता ने सेन्हा प्रखंड के आराहसा, महुगाव, निरहू चरहू, तुरीया डीह, हेसाग इत्यादि गावों का दौरा किये। मेहता के साथ जिला पदाधिकारी शिवशंकर मांझी, एकरामुल अंसारी, संजय प्रसाद, हीरालाल गुप्ता एवं महेश भगत भी थे। मेहता ने सेन्हा प्रखंड के अध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि आगामी 12 को बिहार के उपमुख्यमंत्री के रांची आगमन पर ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता गण को लेकर रांची पंहुचे।

## ट्रैक्टर ट्रॉली, थ्रेसर मशीन के टायर में आगजनी करनेवाले तीन गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा के डोका ग्राम में ट्रैक्टर टोली व थ्रेसर मशीन के टायर में आगजनी घटना को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए तीन आरोपीयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान डोका गांव निवासी जगदीश लकड़ा के 22 वर्षीय पुत्र हेमंत लकड़ा, प्रसाद उरांव के 19 वर्षीय पुत्र नितेश उरांव तथा स्वर्गीय जयराम उरांव के 19 वर्षीय पुत्र धनंजय उरांव के रूप में किया गया है। सभी आरोपियों को मेडिकल जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेजा गया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के नेतृत्व में पु0आ0नि0 शर्मा भगत ने कारवाई करते हुए तीन आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर व थ्रेसर मालिक ईश्वर साहू के आवेदन पर कांड संख्या 17/23 दर्ज कर धारा 435 427 आईपीसी के तहत कारवाई करते हुए डोका ग्राम से तीन आरोपी का संलिप्ता की पुष्टि हुई है।

**बैठक** भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए विधायक सीपी सिंह ने कहा

## मात्र 44%राशि ही खर्च कर पाई है राज्य सरकार




**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
प्रखंड के अन्तर्गत बड़की चांपी के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीर उरांव के अध्यक्षता में कार्यसमिति की बैठक हुई। मौके पर झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सह रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि बिना नियोजन नीति लाये 1932 के खतियान अधारित स्थानीय नीति का लाना, संविधान के प्रावधानों के विपरीत एवं सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व के आदेशों की अवहेलना है। जिसके परिणामस्वरूप गत दिनों महामहिम राज्यपाल महोदय ने विधायक पुनर्विचार हेतु सरकार को लौटा दिया। झारखंड के चालू वितीय वर्ष मे दिसंबर तक 97259 करोड़ योजना बजट मे मात्र 25305 करोड़ यानी मात्र 44%राशि ही झारखण्ड सरकार खर्च की पायी है। हेमंत सोरेन सरकार की मंशा जनता की सेवा करना नही अपितु कमिशन खोरी को बढ़ावा देना है। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में आदिवासियों के उत्थान के लिए कभी सोंचा ही नहीं। अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार मे आदिवासियो के समग्र विकास के लिये अलग से आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बजट मे आदिवासियो के उत्थान के लिए 15000 हजार करोड़ रुपए की घोषणा की है जो अबतक कांग्रेस सरकार ने नहीं किया। रेलवे विस्तारीकरण कार्य के लिये मनमोहन सिंह की सरकार मे पहले 500 करोड़ मिलती थी। परंतु मोदी जी की सरकार मे इसे बढ़ाकर 11000 हजार करोड़ रुपए किया जो अबतक की सबसे बड़ी बजट है।

सिंह ने राज्य की हेमंत सरकार की नाकामियों की चर्चा बैठक मे कार्यकताओं से किया। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने विषय वस्तु पर चर्चा कर पिछले कार्यक्रमों की सफलता पर भाजपा कार्यकर्ताओं की शबासी दी,वही भावी कार्यक्रमों की रुप रेखा सुनिश्चित किया। बैठक मे जिला प्रभारी मनोज मिश्रा के द्वारा वृत लिया गया। वही भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू के द्वारा राजनीतिक प्रस्ताव लाया गया। जिसे जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार तिंकू व बजरंग उरांव ने समर्थन किया। बैठक में ओम प्रकाश सिंह, मनोज मिश्रा, श्रीचन्द प्रजापति, ब्रज बिहारी प्रसाद,राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, अजय पंकज, हर्षनाथ महतो, सामेला भगत, बालकृष्णा सिंह, अनिल उरांव, जगनन्दुंन पौराणिक, ओम गुप्ता, नजीर आलम खान, धनंजय तिवारी, भारती सिन्हा, कलावती देवी, भृगुनंदन तिवारी, सुदामा प्रसाद, सुरज दशौंधी, मुकेश साहू, विवेक सोनी, अमरेश भारती, भिखराम उरांव, संजय चौधरी, मनीष शिखर, कलावती देवी, मीना बखला, विशेश्वर प्रसाद दीन, धीरज प्रसाद, श्रवण मुंडा, मोहन साहू, विनोद राय, सुधांसु कुमार, यदुनंन्दन तिवारी, सरजू साहू, लाल गौरी नाथ शहदेव इत्यादी काफी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता बैठक मे उपस्थित थे ।

## जय श्रीराम महिला समिति का विस्तार, इंदिरा प्रधान बनीं अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जय श्रीराम महिला समिति की बैठक राणा चौक स्थित अग्रसेन भवन में महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष राजीव रंजन, कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से महिला समिति विस्तार को लेकर खास चर्चा हुई। जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक- समेला भगत, मीना बाखला,कमला देवी को बनाया गया। वही अध्यक्ष - इंदिरा प्रधान, कार्यकारी अध्यक्ष - संगीता देवी, महामंत्री- बिंदिया देवी एवं गौरी देवी, उपाध्यक्ष- अनीता देवी एवं पूर्णिमा देवी, वार्ड 4 अध्यक्ष - रीता देवी, वार्ड 5 अध्यक्ष- निर्मला देवी, वार्ड 6 अध्यक्ष- राजमनी देवी,वार्ड 7 अध्यक्ष - सुनीता देवी, महामंत्री - सरस्वती देवी, उपाध्यक्ष - अनीता देवी, वार्ड 18 अध्यक्ष - रेखा देवी, वार्ड 21 अध्यक्ष - रूपा देवी को बनाया गया। इसके अलावा कुडू प्रखंड अध्यक्ष- विनीता देवी, कैरो प्रखंड अध्यक्ष - विलाश देवी को बनाया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समेला भगत मीना बाखला कमला देवी ने सह सम्मान माला पहना कर स्वागत की। जिलाध्यक्ष राजीव रंजन ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दिए। महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान ने कहा जिस स्थान में कमेटी गठन नहीं हुआ है उस स्थान पर जल्द कमेटी गठन कर ली जाएगी। मौके पर कांति देवी,ममता देवी, बेली दाम, विनीता देवी, अनुराधा देवी, मीना देवी, निशा कुमारी, रेखा कुमारी, रेखा देवी, मुन्नी देवी, प्रभावती देवी, शोभा देवी, कलस देवी, ललिता देवी, प्रेमा देवी समेत काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## NEWS इन ब्रीफ

### देश को नई दिशा प्रदान करेगा भारत जोड़ो यात्रा : श्याम

**मेदिनीनगर।** स्थानीय बाईपास रोड स्थित सत्कार भवन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी शिक्षा विभाग के तत्वाधान में प्रमंडल स्तरीय एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राहुल गांधी द्वारा चलाए गए भारत जोड़ो यात्रा के महत्व पर विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ अजय शाहदेव ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा देश में संप्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक समरसता को बनाए रखने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक लगभग 4 हजार किलोमीटर की पदयात्रा कर एक अविस्मरणीय कार्य किया है। मौके पर सुप्रसिद्ध विचारक के.डी सिंह, चंद्रशेखर शुक्ला, मिथिलेश सिंह, अलख निरंजन चौबे, रामशीष पांडे, बिमला कुमारी, शमीम अहमद राईन, सुधीर चंद्रवंशी, रविन्द्र चौबे, मो. सत्येंद्र सिंह, इदरीश खान, मीना कुमारी, मालती देवी, दिनेश पासवान, सुधीर सिंह, अवधेश सिंह, पृथ्वीनाथ पाण्डेय, गणेश रवि, विनोद तिवारी, विद्या सिंह चेरो, गोपाल राम, गोपाल सिंह, अर्जुन सिंह, मुन्ना खान सहित कई कांग्रेस के लोग उपस्थित थे।

### 26 फरवरी को झारखंड पत्रकार संगठन मनायेगा वार्षिकोत्सव

**मेदिनीनगर।** झारखंड पत्रकार संगठन 26 फरवरी दिन रविवार को वार्षिकोत्सव मनायेगा । इस बाबत रविवार को संगठन की एक बैठक पांकी रोड चरखी भटा के निकट बैठक हुई। बैठक में सदस्यों ने प्रस्ताव लाया की कोरोना के पहले संगठन जैसे वार्षिक उत्सव मनाया करता था । उसी प्रकार का रंगारंग कार्यक्रम इस वर्ष पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भी मनाया जायेगा। बैठक में प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि झारखंड पत्रकार संगठन का आई कार्ड की वैधता समाप्त हो गई है । इसलिए नया कार्ड फिर से बनवाया जायेगा।

### संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती मनी

**सतबरवा।** प्रखंड के बारी गांव अंबेडकर चौक में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती रविवार को धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत संत शिरोमणि रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिप सदस्य सुधा कुमारी व मुखिया निरोतमा कुमारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संत शिरोमणि रविदास का जन्म आज ही के दिन उत्तर प्रदेश वाराणसी के गोवर्धनपुर में हुआ था। संत शिरोमणि रविदास कवि और संत थे । रविदास के कार्यों को देख कर समाज ने उन्हें संत की उपाधि दी। उनका कहा हुआ कथन आज भी चरितार्थ है, मन चंगा तो कठौती में गंगा। इसका मतलब यह है कि अगर हम तन मन से ईश्वर को याद करते हैं तो वह सदैव मेरे पास रहते हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ,सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अजय उरांव, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष ज्योति कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, नंदू राम, विष्णु राम, बिसोई राम समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### जमीन विवाद में पांच घायल

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के महुअरी पंचायत के अहमदनगर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें पांच लोग घायल हो गये। घायलों में संतोष मेहता, लल्लू मेहता, सूर्यदेव मेहता, शांति देवी बचनी देवी का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। जानकारी के अनुसार दोनो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर तू- तू मैं-मैं व गाली गलौज के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गई। जिसकी सूचना हुसैनाबाद थाना को दी गई । पुलिस मामले की

# पलामू में आस्था के साथ माघ पूर्णिमा व संत रविदास जयंती मनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में माघ पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को श्रद्धालुओं ने स्थानीय कोयल नदी के घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। पलामू के आस पास के प्रखंडों में भी नदी घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया और ब्राह्मणों को उचित दान-दक्षिणा दी। इसके साथ ही मंदिरों में जाकर पूजा पाठ भी किया। सुबह से ही स्थानीय कोयल नदी के घाटो पर पुरूष और महिलाओं की भीड़ रही। पलामू में पूजा और व्रत का शुरू से ही महत्व रहा है। पुरोहित ओम पाठक ने बताया कि धार्मिक मान्यता है कि पूर्णिमा के दिन देवी-देवता धरती पर आते हैं। ऐसे में इस दिन पूजा-पाठ करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। हर माह की पूर्णिमा का अपना अलग-अलग महत्व होता है। ऐसे में इस माह माघ में पड़ने वाली पूर्णिमा को माघी पूर्णिमा या माघ पूर्णिमा कहा जाता है। माघ माह में जिन लोगों ने पूरे माह स्नान, दान, तप, मंत्र जप इत्यादि कर्म किए हैं, उनके लिए माघ पूर्णिमा विशेष दिन होता है। माघ पूर्णिमा में गंगा स्नान का भी विशेष महत्व होता है। इस दिन कुछ लोग अपने एक महीने के तप की पूणार्हुति करते हैं। इसके अलावा जिन लोगों ने पूरे माह माघ स्नान नहीं किया है। वे भी पूर्णिमा के एक दिन पवित्र नदियों में स्नान कर अपने शुभ पुण्य कर्मों में वृद्धि कर सकते हैं। माघ मास की पूर्णिमा को धर्म ग्रंथों में माघी पूर्णिमा कहा गया है और इस दिन गंगा स्नान कर विष्णु भगवान की पूजा करने और इसके पश्चात पितरों का श्राद्ध करने का विधान है। **वही,** पलामू में संत रविदास की जयंती भी पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। संत शिरोमणि रविदास पर पूरे जिले में धूम रही। इस अवसर पर रविवार को पूरे जिले में कई जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई जगहों पर स्थापित रविदास मंदिर में पूजा अर्चना की गई। प्रातीय रविदास महासभा के जिला इकाई के तत्वावधान में स्थानीय बेलवाटिका स्थित संत रविदास भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। संत रविदास मध्यकाल के सर्वप्रमुख कवि थे। उन्होंने भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के इकाई की प्राप्ति के तीन रास्ते बताए हैं। इसमें ज्ञान मार्ग, कर्म मार्ग और भक्ति मार्ग हैं। रविदास समाज में व्याप्त ऊंच-नीच की भावना व ईश्वर के नाम पर किए जाने वाले विवाद को निरर्थक बताया है। मौके पर सचिव सुरेश्वर राम, संजय राम, मिठू राम, मोती राम, कन्हाई राम, संजीत कुमार, धनश्याम दास, लव कुमार, नारद राम समेत कई लोग मौजूद थे।

### संत नरहरि को किया गया याद



पलामू के स्वर्णकार संघ के द्वारा संत नरहरि दास की जयंती भी धूमधाम से मनाई गई। स्थानीय जैन मंदिर रोड में नगीना ज्वैलर्स के बगल के गली में संत नरहरि दास की तस्वीर पर स्वर्णकार समाज के लोगों के द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष युगल किशोर शरण ने बताया कि संत नरहरि दास जी स्वर्णकारों के कुलगुरु माने जाते है। माघ पूर्णिमा को उनकी जयंती स्वर्णकारों के द्वारा मनाई जाती है। पलामू जिला स्वर्णकार संघ के सभी स्वजाति ने संत नरहरि दास को याद किया। पलामू सहित आस पास के प्रखंडों में भी स्वर्णकार समाज के लोगों के द्वारा संत नरहरि दास की जयंती मनाई गई।

### राज्य की जनता के साथ सौतेला व्यवहार :मन्नत

**मेदिनीनगर।** केंद्र सरकार ने जो बजट पेश किया उससे राज्य की जनता को कुछ नहीं मिला। झामुमो युवा नेता मन्नत सिंह बग्गा ने इस बजट को घोर निराशाजनक बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने एक बार फिर झारखंड की जनता के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए उनको ठगा है । उन्होंने कहा जनता खुद अगले चुनाव में इस बात का माकूल जवाब देगी । इसमें न ही नौकरी और न रोजगार पर कोई बात हुई । कृषि उत्पादों पर मिलने वाले एमएसपी को बढ़ाने पर भी कोई चर्चा हुई ।

### पत्रकार को भ्रातृ शोक, इलाके में शोक की लहर

**छतरपुर।** पत्रकार रिंकू सिंह के छोटे भाई पिंटू सिंह 26 वर्ष का असामयिक निधन से इलाके में शोक की लहर है। इलाके के समाजसेवी सह नगर के पूर्व अध्यक्ष पद प्रत्याशी अरविंद गुप्ता ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पिंटू फुटबॉल व क्रिकेट के एक बेहतरीन खिलाड़ी थे। शोक संवेदना व्यक्त करनेवालों में इलाके के समाजसेवी सह व्यवसायी राजन कुमार सिंह, रवि शंकर सिंह उर्फ बबुआ , चुन्नू बाबू, सुनील , राहुल सिन्हा व्यास, मुन्ना विश्वकर्मा, पप्पू सिंह, रितेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह शिक्षक आदि वहीं पत्रकारों में बुद्धिनारायण सिंह, अश्विनी कुमार, राजीव सिन्हा, ने भी अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## धनबाद के जोगता जंगल में बम विस्फोट की चपेट में तीन बच्चे गंभीर रूप से जख्मी

**धनबाद।** जोगता थाना क्षेत्र स्थित सिजुआ छह नम्बर में रविवार की शाम जंगल में बम विस्फोट की चपेट में आकर तीन बच्चे घायल हो गए हैं। सभी को इलाज के लिए धनबाद स्थित जालान अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बच्चों में से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश करने में जुटी है। बताया जाता है कि सिजुआ छह नंबर स्थित जंगल में कुछ बच्चे बेर तोड़ने गए हुए थे। इसी दौरान एक बच्चे ने बेर के पेड़ पर पत्थर चलाया, जो नीचे आकर झाड़ियों में छिपा कर रखे गए एक देशी बम पर गिरा, जिससे बम फट गया, जिसकी चपेट में वहां मौजूद शोहराब, समर और शशांक आ गए। बम की आवाज पर वहां पहुंचे स्थानीय लोगों और बच्चों के परिजनों ने तत्तकाल तीनो बच्चों को इलाज के लिए धनबाद के जालान अस्पताल में भर्ती कराया, जहां समर और शशांक की गम्भीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर स्थित मिशन अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं शोहराब के दोनों पांव में चोटे आई है। वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है। सभी बच्चों की उर्म 10 से 12 साल के बीच बताई जा रही है।

### बानो चीक बड़ाईक समाज प्रखंड कमिटी की बैठक

**बानो।** धर्मशाला बानो चीक बड़ाईक समाज की प्रखण्ड कमिटी की बैठक सचिव रंजीत बड़ाईक की अध्यक्षता में हुई।बैठक में मुख्य रूप से समाज के लोगो के बीच समाज के प्रति जागरूक करने , पंचायत स्तर पर कार्यक्रम कर समाज के बारे जानकारी देना।जाति प्रमाण पत्र बनाने में होने वाली परेशानियों के बारे में चर्चा की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि जो व्यक्ति धर्म परिवर्तन कर लिया हो उन्हें बड़ाईक समाज की जाति प्रमाण पत्र नही दिया जायेगा। प्रखण्ड में सामाजिक मिलन समारोह कार्यक्रम के आयोजन करने के सम्बंध में चर्चा करते हुए समाज के लोगो के बीच एकजुटता लाने के बारे में चर्चा की गई। रूपेश बड़ाईक ने कहा युवाओं को समाज के कार्य के आगे आना होगा। प्रखण्ड में आयोजित कार्यक्रम को लेकर अगली बैठक 2मार्च दिन गुरुवार को निश्चित किया गया है।धन्यवाद ज्ञापन देते हुए फिरू बड़ाईक ने कहा हमे खुशी हुई कि समाज के प्रति कमिटी का बिचार बढ़िया है।इसके लिए समाज संगठित करना अति आवश्यक है। हमें सभी को अपने दायित्व को निभाना होगा। बैठक में प्रखण्ड अध्यक्ष शिवनंदन बड़ाईक, संरक्षक पीयूष बड़ाईक, बिश्वनाथ बड़ाईक, ,ललित बड़ाईक, रामचंद्र बड़ाईक, दशरथ बड़ाईक कमल बड़ाईक, मंगल बड़ाईक, लीलावती देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### कम मजदूरी की शिकायत पर जताई नाराजगी

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के दुमकी पंचायत के कोरोंजो जनता घाट शंख नदी में बन रहे पुल के ग्रामीण मजदूरों ने कोरोंजो बिजाडीह में बैठक कर ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का के पास अपनी समस्याओं को रखते हुए कहा कि हमें सरकारी मानक के अनुसार न्यूनतम दैनिक मजदूरी नहीं मिल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मजदूरी बढ़ाने की बात कहने पर साईट इंचार्ज काम बंद करके बाहर से मजदूर लाने की धमकी देते हैं।ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री एक्का ने कहा कि संवेदक और साइट इंचार्ज मजदूरों के साथ अत्याचार कर रहे हैं, मजदूरों को न्याय मिलना चाहिए और सम्मानजनक सरकारी मानक के अनुसार दैनिक मजदूरी मिलना चाहिए अन्यथा हम कॉर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

### चोरी की पांच बाइक के साथ छह चोर गिरफ्तार

**दुमका।** मुफस्सिल पुलिस चोरी की पांच बाइक के साथ छह चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस चोरों के पास से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपितों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव निवासी जियाउल अंसारी, पत्थरपानी गांव के तेजामुल अंसारी, नगर थाना क्षेत्र के रसिकपुर राखाबानी निवासी विकास कुमार सिंह, मोचीपाड़ा निवासी सुरेंद्र राम , रामगढ़ थाना क्षेत्र के डाहुजोर निवासी रोबिन कुमार मंडल और दोंदिया गांव निवासी सुनीराम मरांडी है। एसपी अंबर लकड़ा ने रविवार को प्रेसवार्ता में बताया कि चोरी की घटना पर लगाम लगाने को लेकर एसडीपीओ, सदर मो नूर मुस्तफा के नेतृत्व में टीम गठित हुई। टीम छापेमारी कर रामगढ़ से वर्तमान में कड़बिंधा गांव से रोबिन के ठिकाने पर छापेमारी कर अपाची बाईक और दो मोबाईल जब्त की।

## महादलित मुसहर परिवारों का जिला सम्मेलन सम्पन्न




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर महादलित मुसहर परिवारों का जिला सम्मेलन रविवार को टाउन हॉल में किया गया। दिहाड़ी मजदूर यूनियन के बैनर तले आयोजित सम्मेलन के पूर्व शहर में रैली निकाली गयी। जिसमें पलामू जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए दलित व मुसहर समाज के लोग हजारों की संख्या में शामिल हुए। टाउन हॉल कैंपस से जुलूस निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए अंबेडकर पार्क में बाबा साहब और भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पुनः टाउन हॉल पहुंचकर समाप्त हो गई। महादलित मुसहर समाज के जिला सम्मेलन की शुरूआत पलामू इप्टा के कलाकारों ने जनगीत के साथ किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मौजूदा दौर में संत रविदास के विचार और उनकी प्रासंगिकता तब और बढ़ जाती है जब जातिवाद व भेदभाव चरम सीमा पर है। सम्मेलन में अखिल भारतीय किसान सभा के केडी सिंह, इप्टा से शैलेन्द्र कुमार, प्रगतिशील लेखक संघ के जिला अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव, माले नेता रविन्द्र भुईयां, छात्र नेता प्रदीप कुमार, जोगिंदर मुसहर, रानी मुसहरिन, हरि मुसहर, विरोनिका केरकेट्टा आदि ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता तंजीमुल अंसार कमेटी के जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने किया। मुसहर समाज के पलामू जिला कमिटी का संयोजक जोगेंद्र मुसहर को बनाया गया है। विस्तारित कमिटी की घोषणा बाद में की जाएगी। मौके पर तंजीमुल अंसार कमिटी के संरक्षक जियाउद्दीन अंसारी, नसीम खान, दिहाड़ी मजदूर यूनियन के अफजल अंसारी, जमालुद्दीन, निरंजन कमलापुरी, इप्टा के महासचिव उपेंद्र मिश्रा, शब्बीर अहमद, आलोक वर्मा, प्रोफेसर डॉ राम सुभाग सिंह, मृत्युंजय शर्मा, प्रेम प्रकाश, संजू ठाकुर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## एकाग्रता से ही लक्ष्य की प्राप्ति सम्भव है : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के संत मरियम स्कूल के आवासीय परिसर में शनिवार को तनावमुक्त परीक्षा विषय पर संस्कारशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिले के उपायुक्त श्री ए ढोड्डे इस में शामिल हुए। सर्वप्रथम आवासीय परिसर के विद्यार्थियों ने अपने चैयरमैन के साथ पुष्प वर्षा और गुलाब के साथ उपायुक्त का अभिनंदन किया। गर्मजोशी से किए गए स्वागत से अभिभूत होकर मुख्य अतिथि मंचासीन हुए । उपायुक्त ने विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव एवं प्राचार्य कुमार आदर्श ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर सायंकालीन संस्कारशाला का उद्घाटन किया। तत्पश्चात विद्यालय के संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडे के निर्देशन में विद्यार्थियो ने स्वागत गान प्रस्तुत किया।



विद्यालय के चैयरमैन द्वारा शॉल और बुके देकर मंच पर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि उपायुक्त श्री ए ढोड्डे ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा की परीक्षा के दौरान आप सभी तनाव ना ले कि परीक्षा कैसे जायेगी। इसके प्रत्युत्तर में उपायुक्त ने कहा कि मन को अपने नियंत्रण में रखें। परेशानियों से डरे नहीं बल्कि डट कर उसका सामना करें ,निश्चित तौर पर आप उस परेशानी से बाहर निकल जायेंगे। आगे उपायुक्त ने कहा कि मैंने भी एक साधारण परिवार में जन्म लिया । पूरी एकाग्रता के साथ लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर ही हमने आज उपायुक्त तक का सफर तय किया है । उक्त मौके पर विद्यालय के 2 छात्रों द्वारा अपने हाथों से तैयार उपायुक्त को स्केच तस्वीर भेंट की । मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहें।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में पश्चिमी टीम ने मारी बाजी

**मेदिनीनगर।** हैदरनगर में टीम सूर्या के बैनर तले प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत रविवार को टीम सूर्या हैदरनगर पश्चिमी और टीम सूर्या हैदरनगर पूर्वी के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें टॉस जीतकर पश्चिमी पंचायत के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और पूर्वी को 75 रनो का लक्ष्य दिया । पूर्वी के खिलाड़ियों ने 6 विकेट से मैच को जीत लिया । टीम सूर्या की ओर से सभी खिलाड़ियों को जर्सी और दोनो टीमों को क्रिकेट की सामग्री दिया गया। टीम सूर्या द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के खिलाड़ियों में खासा उत्साह दिखा। मेन ऑफ दी मैच का खिताब लड्डू गुप्ता को दिया गया।

## जय श्रीराम समिति ने मनाई संत रविदास जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक शांति नगर स्थित देवस्थल में नगर अध्यक्ष दीपक साहू की अध्यक्षता में की गई । आयोजित बैठक में जिला संरक्षक अजय सोनी कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव,प्रदीप साहू सह कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार एवं संत रविदास जयंती को लेकर चर्चा हुई। कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू ने संत रविदास जी के जयंती पर प्रकाश डालते हुए पूरे जिले वासियों को शुभकामनाएं दी। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा समाज, धर्म, संगठन की मजबूती के लिए सभी लोगों को आगे आने की आवश्यकता है लोगों के दिलों में आस्था जगाना बहुत ही जरूरी है जिसके लिए समिति हर वक्त प्रयासरत है आगे कहा आज देव स्थल की प्रसिद्धि दूर-दूर तक होती है यहां के लोगों ने बहुत ही तन मन से आस्था की अलख जगाने का कार्य किए थे इसके लिए मैं यहां के लोगों को दिल से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपना कीमती वक्त दिया। संत रविदास का जीवन समाज में एक नई ऊर्जा एवं प्रेरणा देती है। संत रविदास जी के बताए मार्गो पर चलकर हम उनके सपनों को पूरा करें यही हमारा लक्ष्य है। बैठक के पश्चात संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। मौके पर अरुण वर्मा, चंद्रिका यादव, अरविंद वर्मा, अभिमन्यु उरांव, संजय साहू, संजय महतो, महेंद्र प्रसाद, श्याम साहू, दिलीप यादव, गुड्डू साहू आदि लोग मौजूद थे।

## मंत्री मिथिलेश से मिले एनआरएचएम के अनुबंध पर कार्यरत कर्मी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ एवं झारखंड राज्य अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ के संयुक्त तत्वावधान के अनुबंध पर कार्यरत एनआरएचएम के एएनएम, जीएनएम, फर्मासिस्ट, एक्सरे टेक्नीशियन, लैब टेक्नीशियन आदि का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। रविवार को झारखंड राज्य एनआरएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ के गढ़वा जिला अध्यक्ष संगीता कुमारी के नेतृत्व में कर्मियों ने गढ़वा के कल्याणपुर स्थित मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर पहुंच कर उनसे मुलाकात कर मांग पत्र



सौंपा। साथ ही पेयजल व स्वच्छता मंत्री से एनआरएचएम के अनुबंध पर कार्यरत कर्मियों के नियमितीकरण के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष इस मामले को उठाने की मांग की। कर्मियों ने कहा कि अपनी सेवा को नियमित करने की मांग को लेकर 16 जनवरी 2023 से ही जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जबकि 24 जनवरी 2023 से राज्यस्तरीय धरनास्थल पर कुछ कर्मी आमरण अनशन पर हैं। उन्होंने कहा कि एनआरएचएम के अनुबंध पर कार्यरत कर्मी 16-17 वर्षों से अल्प मानदेय में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने मंत्री से अपने स्तर से पहल करने की मांग की।

### एंबुलेंस चालक ने मानवता का दिया परिचय

## एंबुलेंस में पड़े एक लाख रुपये मरीज को लौटाये



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्राइवेट एंबुलेंस ड्राइवर ने मानवता का परिचय दिखाते हुए एक मरीज का एक लाख रुपया इमानदारी पूर्वक वापस लौटाया। जानकारी के अनुसार प्राइवेट एंबुलेंस चालक मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कुंड मोहल्ला का निवासी जावेद अंसारी है। इस संबंध में एंबुलेंस ड्राइवर जावेद अंसारी ने बताया कि वह रविवार को सदर अस्पताल से एक मरीज को लेकर लातेहार गया था। लातेहार में मरीज को छोड़कर जब मेदिनीनगर पहुंचा तो देखा कि मरीज का एंबुलेंस में कुछ सामान छुट्टा हुआ है और एक बैग भी है, बैग को जब वह खोलकर देखा तो उसमें एक लाख रुपए थे। एंबुलेंस ड्राइवर जावेद ने मरीज के परिजन को फोन कर बताया कि एंबुलेंस में उसके कुछ सामान छूट गए हैं और एक बैग भी है जिसमें एक लाख रुपए पड़ा हुआ है।

**प्रयास** बरवाडीह-अम्बिकापुर रेल लाइन निर्माण तैयार हो रहा है

# सांसद के प्रयास से रेल लाइन सर्वे के लिए 20 करोड़ का प्रावधान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद वीडी राम के प्रयास से रेल मंत्रालय ने गया-शेरघाटी, डालटनगंज वाया रफीगंज एवं बरवाडीह-चिरिमिरी अम्बिकापुर रेल लाइन की स्वीकृति प्रदान कर दी है। गया-शेरघाटी, डालटनगंज वाया रफीगंज रेल लाइन निर्माण हेतु सर्वे के कार्य के लिए 20 करोड़ रूपए का बजट में प्रावधान कर दिया है। बरवाडीह-चिरिमिरी-अम्बिकापुर रेल लाइन निर्माण के लिए तो डीपीआर तैयार हो रहा है। उसके अनुमोदन के पश्चात वांक्षित राशि आवंटित की जाएगी। इसके अलावा रेल मंत्रालय को इस बार के बजट में सर्वाधिक राशि 2.40 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है। यह 2013-14 के आवंटन से 9 गुना अधिक है। रेलवे के इस बजट से झारखंड राज्य की विभिन्न योजनाओं के लिए 5271 करोड़ राशि उपलब्ध करायी गयी है। धनबाद मंडल के अंतर्गत निम्नांकित कार्य योजनाओं की स्वीकृति मिली है । जिसमें गया-



शेरघाटी, डालटनगंज वाया रफीगंज रेलवे लाइन के लिए 20 करोड़ वही, रमना-सिंगरौली डबलिंग के लिए 309 करोड़ रूपए,गढ़वा रोड़-रमना 32.32 किलोमीटर डबलिंग के लिए 4 करोड़ रूपए,गढ़वा में आओबी का निर्माण 90 करोड़ रूपए,अमृत भारत स्टेशन योजना के अतर्गत स्टेशनों को उन्नयन/सौद्र्यीकरण हेतु पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत धनबाद मंडल के डालटनगंज, गढ़वा रोड़, गढ़वा टाउन, नगर उंटारी एवं पंड़ित दीन दयाल उपाध्याय मंड़ल के अंतर्गत जपला, मुहम्मदगंज, एवं हैदरनगर रेलवे स्टेशनों का चयन किया गया है। इसके साथ-साथ झारखंड के 31,141 गांव को रेल नेट से जोड़े जाएंगे और 1,616 गांव जहाँ फोर जी का कनेक्शन उपलब्ध नहीं है। 31, 141 गांव जहाँ इंटरनेट की सुविधा नहीं है। वहां भारत नेट प्रोजेक्ट से नेट की सुविधा पहुचाएं जायेंगे। इसके लिए सांसद ने अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री को धन्यवाद ज्ञापन किया है।

## चयनित अभ्यर्थियों ने मेधा सूची निकालने व योगदान कराने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला समादेष्टा कार्यालय के विज्ञापन संख्या एक 2010 में चयनित अभ्यर्थियों की मेधा सूची निकालने और योगदान कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का प्रतिनिधिमंडल जिले के उपायुक्त से मिलकर मांग पत्र सौंपा । जिसमें कहा गया कि जिला समादेष्टा कार्यालय प्रमुख द्वारा गृह रक्षकों की नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया 2010 में की गई थी। लेकिन मेधा सूची अभी तक प्रकाशित नहीं की गई है । जिसके कारण बेरोजगारों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं झारखंड के कई जिलों में मेधा सूची प्रकाशित कर रक्षकों की नियुक्ति भी कर दी गई है। लेकिन पलामू में अभी तक मेधा सूची नहीं बन पाई है । अभ्यर्थियों का 12 बरस बीत जाने के बाद भी मेधा सूची प्रकाशित नहीं की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से चयनित अभ्यर्थियों का योगदान करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वाले ने शिवपूजन मेहता, बैकुंठ यादव , सौरभ दुबे ,अजीत पासवान , कई लोगों का नाम शामिल है।

**ज्ञान की बात**

**कृष्ण को देखें। उन्होंने विवाह तो रुक्मिणी, सत्यभामा और जाम्बवती से ही किया; किन्तु प्रेम तो उन्होंने गोपियों को भी दिया । उन्होंने भौमासुर के दुर्ग से मुक्त कराई गई असंख्य स्त्रियों को सामाजिक मर्यादा दिलाने के लिए उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया। जिन अभागिनों को उनके अपने पति, पिता और भाई स्वीकार नहीं कर रहे थे, उन्हें कृष्ण ने अंगीकार किया, सारा कलंक अपने माथे पर लिया ....क्योंकि उनका प्रेम सीमित नहीं है, संकुचित नही है। वह असीम है, अनंत है। - *ठाकुर जी***

# सर्तकता हटी, दुर्घटना घटी

***पिछले** दिनों धनबाद* के हाजरा अस्पताल की घटना के बाद फिर यहां एक बड़ी घटना घट गयी। आशीर्वाद अपाटमेंट में लगी आग से 15 लोगों की जान चली गई। इस प्रकार दोनों घटनाओं में मरने वालों की संख्या 19 हो गयी है। कोई भी हादसा हो तो बहुत दुख होता है। साथ ही आक्रोश भी। कारण कोई घटना एक सीख जरूर देती है। लेकिन हम उससे कुछ सीखना नहीं चाहते हैं। आशीर्वाद अपाटमेंट इसका उदाहरण है। आज भी लोग जीवन और मौत से यहां जूझ रहे हैं। यह घटना काफी दर्दनाक है। लेकिन यह जानना और समझना जरूरी है कि क्यों हमारे दरवाजे पर ऐसी घटनायें घटती हैं। हम विवश क्यों हो जाते हैं। अब इसी घटना को देखा जाये तो यह अपार्टमेंट 12 मंजिला है। हालांकि आग चौथी मंजिल पर लगी थी। लेकिन इसे बुझाने में दमकल कर्मियों और पुलिसकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बहरहाल हाल के दिनों में बहुमंजिली इमारत बनाने का प्रचलन बढ़े हैं। यह वर्तमान समय का तकाजा भी है। लेकिन ज्यादातर जगहों में इमारतें भवन प्लान एवं निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन कर बनाई जाती हैं। जो हादसों के बाद अधिक जोखिम भरी होती हैं। तंग गलियों एवं घनी आबादी वाले बेतरतीब बसे मुहल्लों में बहुमंजिली इमारत बनाने से यहां पहुंच पाना आसान नहीं होती है। आग की घटना होने पर दमकल वहां आसानी से नहीं पहुंच पाते। अपाटमेंट बनाते समय तय नियमों का पालन नहीं किया जाता है। यही कारण है कि आग पर काबू पाना मुश्किल होता है। ऐसे में सजगता जरूरी है। ऐसे में सवाल उठता है कि इतनी बड़ी घटना कैसे घटती चली जा रही है। यही कारण है कि झारखंड हाईकोर्ट ने धनबाद के आशीर्वाद टावर और हाजरा क्लीनिक में आग लगने से 19 लोगों की मौत की घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को सख्त निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने सरकार को राज्य के सभी शहरों में अपार्टमेंट्स और ऊंची बिल्डिंग्स का फायर सेफ्टी ऑडिट कराकर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। कोर्ट ने राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों और नगर निगमों के आयुक्तों को आदेश दिया है कि वे अग्निकांड से निपटने की तैयारियों, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता और उनके उपयोग, बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार अग्निशमन के प्रबंध आदि पर रिपोर्ट उपलब्ध कराये। घटना की जांच एजेंसियां रही हैं। ऐसा हर बार होता है। लेकिन इस बार कोर्ट के संज्ञान लेने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। बहरहाल हम सब एक ऐसी मंजिल की तरफ बढ़ रहे हैं जहां निरंतर पड़ाव दर-पड़ाव है। जो भी हालात हैं उसे समझना होगा कि हमारे दरवाजे पर बार-बार क्यों और घटनायें दस्तक देने पर आमादा हैं।

**अपाटमेंट बनाते समय तय नियमों का पालन नहीं किया जाता है। यही कारण है कि आग पर काबू पाना मुश्किल होता है। ऐसे में सजगता जरूरी है। ऐसे में सवाल उठता है कि इतनी बड़ी घटना कैसे घटती चली जा रही है।**

# कामयाब 'भारत जोड़ो यात्रा' से कांग्रेसियों में है उत्साह



निशिकांत ठाकुर



***वर्ष** 2023–24 भारतवर्ष के लिए अभूतपूर्व होगा, जिसकी शुरूआत हो चुकी है। जिस तरह कड़कती ठंड, वर्षा और बर्फबारी के बावजूद भव्यता के साथ श्रीनगर के ऐतिहासिक लालचौक पर भारतीय तिरंगा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और संसद राहुल गांधी ने फहराया, वह अद्भुत और आह्लादित करने वाला था। यहां श्रीनगर में 4,080 किलोमीटर की 'भारत जोड़ो यात्रा' का 30 जनवरी को औपचारिक समापन हुआ। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की छवि और काबिलियत को, जिसे सत्तारूढ़ ने नकार दिया था, उसे सकारात्मक बनाने में राहुल गांधी को जी-तोड़ मेहनत भले करनी पड़ी, लेकिन उनकी इस दूरदर्शिता का लाभ कांग्रेस सहित देश को भविष्य में बखूबी मिलेगा। 7 सितंबर से अब तक देश के हर कोने में यही बात गूंजती रही है कि क्या कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की कांग्रेस की यह दुरूह भारत जोड़ो यात्रा सही-सलामत श्रीनगर पहुंच जायेगी? और, यही तो यात्रा के समापन के दौरान गृहमंत्री अमित शाह को चुनौती देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर के हालात सही हैं, तो वह जम्मू से श्रीनगर तक की पदयात्रा क्यों नहीं करते? सच में यह लंबा सफर बहुत ही कठिन था, लेकिन पार्टी की एकजुटता, जनसमर्थन और शीर्ष नेतृत्व ने इस पहली यात्रा को सफल बना दिया। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने इस यात्रा की व्याख्या करते हुए बताया कि 'भारत जोड़ो' यात्रा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा शुरू किया गया एक जनांदोलन है, जिसका उद्देश्य नई दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कथित विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ देश को एकजुट करना है। इसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री मुथुवेल करुणानिधि स्टालिन द्वारा 7 सितंबर, 2022 को कन्याकुमारी में प्रायोजित किया गया था। इसे मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, राजनीतिक केंद्रीकरण और विशेष रूप से 'भय और कट्टरता' की राजनीति और 'नफरत के खिलाफ लड़ने के लिए बनाया गया था'। तिरंगा फहराने के बाद श्रीनगर में मीडियाकर्मियों से बातचीत में राहुल गांधी ने विपक्षी एकता पर किये गये प्रश्न के उत्तर में कहा कि विपक्षी एकता बातचीत और दृष्टिकोण के बाद आती है और यह कहना सही नहीं है कि विपक्ष बिखरा है। उन्होंने स्वीकार किया कि मतभेद तो हैं, लेकिन वह विपक्ष साथ खड़ा होगा और लड़ेगा; क्योंकि एक तरफ कांग्रेस का नजरिया है और दूसरी तरफ भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का अहंकार तथा नफरत का नजरिया है। यात्रा का लक्ष्य भारत को जोड़ने का था। यह यात्रा नफरत और हिंसा के खिलाफ थी। उधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने कश्मीर में ऐसा माहौल बना दिया है कि हर भारतीय वहां आसानी से झंडा फहरा सकता है। राहुल गांधी के नेतृत्व में की जा चुकी इस यात्रा में कई विपक्षी पार्टियों को बुलाया गया था, जिसमें से कई दलों ने यात्रा से दूरी बनाने का फैसला किया। वहीं, यात्रा के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मैंने इस यात्रा से बहुत कुछ सीखा है और लोगों ने अपार समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कोई भाजपा नेता इस तरह से नहीं चल सकता, क्योंकि वे डरे हुए हैं। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती राहुल की इस यात्रा के समापन कार्यक्रम में भी शामिल हुईं। उन्होंने बर्फबारी के बीच लोगों को संबोधित किया और राहुल गांधी की खूब प्रशंसा की। मुफ्ती ने कहा कि राहुल ने यात्रा में कहा था कि वे कश्मीर में अपने घर आ गये हों, ऐसा लगता है, लेकिन यह उनका घर ही है। पीडीपी नेता ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि गोडसे की विचारधारा ने जम्मू-कश्मीर से जो छीन लिया, वह इस देश से वापस मिल जायेगा और राहुल गांधी में देश आशा की किरण देख रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण 2 अक्टूबर से शुरू हो सकता है। कांग्रेस ने यात्रा के पहले चरण की सफलता के बाद दूसरे चरण की तैयारी शुरू कर दी है। योजना के मुताबिक राहुल 2024 चुनाव से ठीक पहले गुजरात से शुरू होने वाली यात्रा को अरुरणाचल प्रदेश में खत्म करेंगे। राहुल गांधी ने 7 सितंबर, 2022 को कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की थी, जो 30 जनवरी को श्रीनगर में खत्म हो गई, लेकिन उसके पहले ही यात्रा से मिले जनसमर्थन से उत्साहित कांग्रेस ने दूसरे चरण की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ने इस बाबत चर्चा शुरू कर दी है कि दक्षिण से उत्तर तक भारत भ्रमण करने वाले राहुल गांधी अब पश्चिम से पूर्व की तरफ भी वैसी ही यात्रा करें। भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण 2 अक्टूबर से शुरू हो सकता है। यात्रा गुजरात से अरुणाचल प्रदेश जायेगी। गुजरात के पोरबंदर या साबरमती आश्रम से शुरू होकर यह यात्रा लगभग 3100 किमी चलेगी, जबकि पहला चरण 4080 किमी का था।

**तिरंगा फहराने के बाद श्रीनगर में मीडियाकर्मियों से बातचीत में राहुल गांधी ने विपक्षी एकता पर किये गये प्रश्न के उत्तर में कहा कि विपक्षी एकता बातचीत और दृष्टिकोण के बाद आती है और यह कहना सही नहीं है कि विपक्ष बिखरा है।**

## इन दिनों

रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि धारा–370 समाप्त होने की वजह से ही राहुल गांधी ने शांति से श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया। भाजपा प्रवक्ता और पूर्व केंदीय मंत्री

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें भगवान श्री कृष्ण की कहानी*

**(गतांक से आगे)**

इस पर भी उसका उपहास करता रहा किंतु सुदामा उसकी बातों पर जरा भी क्रोध नहीं करता। द्वारिका के निकट पहुंच कर मुरारी ने अपनी बैलगाड़ी प्राचीन मंदिर के पीछे रोक लिया और सुदामा को कहा - 'विप्रवर अब आपकी और मेरी राह अलग है, अब आप द्वारिका प्रस्थान कीजिए और मैं अपने व्यापार के लिए आगे बढूं।' ऐसा कहते हुए दोनों अपनी राह अलग-अलग चुन ली। सुदामा कुछ दूर गया ही होगा कि वह धन्यवाद और उससे कहां रहता है जानने के लिए मंदिर के पीछे आया, किंतु वहां कोई नहीं था और ना ही बैलगाड़ी या उसका कोई नामोनिशान। सुदामा आश्चर्यचकित और स्तब्ध रहा उसके समझ में कुछ नहीं आ रहा था। अभी वह एक क्षण पहले मुरारी के साथ बातचीत कर रहा था दूसरे क्षण वहां कोई नहीं है। वह समझ गया यह अवश्य ही उसके मित्र छलिया श्री कृष्ण की कोई लीला होगी। वास्तव में ऐसा ही था जब दोनों की मुलाकात हुई तो मुरारी की घटना पर दोनों मुस्कुरा रहे थे।

----------

*श्रीकृष्ण का बाल्यकाल हो या फिर युवावस्था, उन्होंने हर कालखंड में लोगों को मोहा है। श्री नारायण के अवतार श्रीकृष्ण एक तरफ जहां माखनचोरी करने से बाज नहीं आते, वहीं दूसरी तरफ वह कंस का वध करने में भी पीछे नहीं रहते। चूंकि नारायण स्वयं ही अवतार लेकर आए हैं, लिहाजा वह प्रणय निवेदन करते हैं, रास भी रचाते हैं, योग भी करते हैं।*

# प्रचंड संकेत: किसी के हाथ की कठपुतली बनना स्वीकार नहीं



यशोदा श्रीवास्तव

***इसे** सिर मुड़ाते ओले पड़ने जैसा नहीं कहा सकता,जब ताजा ताजा बनी प्रचंड सरकार के गृहमंत्री को पद से इस्तीफा देना पड़ा हो, उनको प्रतिनिधि सभा की सदस्यता भी गंवानी पड़ी हो और फिर उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रचंड सरकार से समर्थन वापसी की धमकी जैसी खबरें आ रही हों। नेपाल की राजनीति में गृहमंत्री रवि लामीछाने के साथ हुई इस घटना की खूब चर्चा है लेकिन इसमें प्रचंड की कोई भूमिका कहीं नहीं है। वे सिर्फ इस बात पर अड़े हैं कि प्रतिनिधि सभा की सदस्यता गंवा चुके व्यक्ति को दुबारा मंत्रिमंडल में नहीं शामिल करेंगे जबतक कि वह प्रतिनिधि सभा में चुन कर नहीं आ जाते। चूंकि ओली का दबाव है कि रवि लामीछाने को पुनः गृहमंत्री बनाया जाय लेकिन इतने मात्र से ही ओली और प्रचंड के बीच किसी मतभेद जैसा कयास निराधार है जैसा कि मीडिया में दिख रहा है। बता दें कि नागरिकता विवाद को लेकर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष और गृहमंत्री रवि लामीछाने को पद से इस्तीफा देना पड़ा साथ ही उनकी प्रतिनिधि सभा की सदस्यता भी रद हो गई। रवि लामीछाने नेपाल के साथ अमेरिका के भी नागरिक थे। अमेरिका की नागरिकता रद किये बिना वे चुनाव लड़ गये। जीत गये और समझौते में गृहमंत्री जैसा महत्वपूर्ण पद भी मिल गया। एक वकील की याचिका पर उच्च न्यायालय ने अमेरिकी नागरिकता को लेकर रवि लामीछाने की मंत्रि पद और प्रतिनिधि सभा की सदस्यता रद करने का आदेश जारी कर दिया। न्यायालय के इस आदेश से सत्ता रूढ़ गठबंधन में खलबली मच गई। आननफानन में रवि लामीछाने ने अपनी अमरीका की सदस्यता रद करवा दी और ओली की सिफारिश पर बिना देर किये उनकी नेपाली नागरिकता भी बहाल कर दी गई लेकिन प्रतिनिधि सभा में तो चुन कर ही आना होगा। भारत की तरह नेपाल में भी ऐसा प्रावधान है कि कोई व्यक्ति छ माह तक बिना किसी सदन का सदस्य रहे मंत्री बन सकता है। इसी आधार पर ओली रवि लामीछाने को पुनः गृहमंत्री बनाये जाने का दबाव बना रहे थे। प्रचंड के इनकार करने पर बात यहां तक आ गई कि रवि लामीछाने प्रचंड सरकार से अपनी पार्टी का समर्थन वापस ले लेंगे। बाद में संभावना यह बन रही थी कि रवि लामीछाने को दुबारा गृह मंत्री भले न बनाया जाय , कोई अन्य मंत्रालय जरूर दिया जाय। इस विषय पर विचार विमर्श हो पाता कि फिर न्यायालय में रिट हो गई कि किसी ऐसे सदस्य को मंत्री न बनाया जाय जो किसी सदन का सदस्य न हो। मामला कोर्ट में चले जाने से रवि लामीछाने का मंत्री पद अधर में लटक गया। नेपाल की राजनीति में इसे भूचाल या ओली प्रचंड के बीच मतभेद की दृष्टि से देखा जाने लगा और रवि लामीछाने की पार्टी के प्रचंड सरकार से समर्थन वापसी की चर्चा होने लगी। रवि लामीछाने ने प्रचंड को समर्थन वापसी की चेतावनी भी दे दी लेकिन प्रचंड पर इसका असर इसलिए नहीं पड़ा क्योंकि इस बार नाम के अनुरूप ही सरकार बहुत मजबूत स्थिति में है। यदि रवि लामीछाने की पार्टी प्रचंड सरकार से बाहर हो भी जाए तो भी सरकार पर कोई असर नहीं पड़ने वाला क्योंकि ओली भी जानते हैं कि सिर्फ उनके समर्थन से ही प्रचंड सरकार नहीं बनी है, नेपाली कांग्रेस का भी प्रचंड को भरपूर समर्थन है भले ही वह सरकार में न हो। भारी समर्थन की ताकत के बल पर ही प्रचंड के इरादे काफी मजबूत हैं, प्रधानमंत्री के रूप में वे अपने तीसरे कार्यकाल को किसी के हाथ की कठपुतली बनकर नहीं पूरा करना चाहेंगे लेकिन अपने गठबंधन सहयोगियों का सम्मान भी उनकी प्राथमिकता में है। नेपाल में केपी शर्मा ओली की पार्टी के साथ मिलकर प्रचंड का प्रधानमंत्री बनना चकित करने जैसा था। इसे लेकर तमाम कयास लगाए जाने लगे थे जिसमें एक यह भी था कि ओली से जा मिले प्रचंड फिर चीन के पाले में चले गये। लेकिन अपने मंत्रिमंडल के प्रमुख सहयोगी और गृहमंत्री रवि लामीछाने को लेकर प्रचंड के स्टैंड ने साफ कर दिया कि वे न तो ओली की कठपुतली बने हैं और न ही चीन के झांसे में ही फंसे हैं। हां नेपाल के प्रगति, खुशहाली और समृद्धि के लिए यदि वे भारत और चीन के बीच संतुलित संबंध बनाये रखते हैं तो यह कहीं से गलत नहीं है। कोई भी राष्ट्राध्यक्ष अपने देश के लिए ऐसा ही करेगा। उन्होंने बतौर प्रधानमंत्री अपनी पहली विदेश यात्रा भारत की करने का भी एलान किया है जो प्रचंड के स्वभाव में बड़े बदलाव का संकेत है ही,प्रचंड और भारत को लेकर किसी शंका आशंका की गुंजाइश को भी खारिज करती है। चुनाव के कुछ माह पहले अमेरिका से आए नेपाली मूल के नागरिक व टीवी पत्रकार रवि लामीछाने ने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी नामक एक राजनीतिक पार्टी का गठन किया, प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ा और अच्छी खासी सीटें जीत कर नेपाल की राजनीति में धमाकेदार इंट्री की।

**भारत की तरह नेपाल में भी ऐसा प्रावधान है कि कोई व्यक्ति छ माह तक बिना किसी सदन का सदस्य रहे मंत्री बन सकता है। इसी आधार पर ओली रवि लामीछाने को पुनः गृहमंत्री बनाये जाने का दबाव बना रहे थे।**

## राजनीति

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

Hemant Soren
@HemantSorenJMM

पूर्व में भाजपा ने अपने किसी भी सीएम को 5 साल पूरा नहीं करने दिया। पूरा किया वो जो छत्तीसगढ़ से आये थे। इन्हें अपनी पार्टी में राज्य के लोगों पर भी विश्वास नहीं है। यह नहीं चाहते झारखण्ड का आदिवासी-मूलवासी आगे बढ़े इसलिए हमें भी परेशान करने की कोशिश में लगे हैं। हम भी डटे हैं।

## फेसबुक वॉल से

Sanju Jha
2 d

ये वाकई अमृतकाल का अमृतयोग है, जब एक DGP और पत्रकार जैसे ना जाने कई ऐसे महामानव हैं जो अपने पेशे से मुख मोड़ कर संत बन जाते हैं। अब इसी में फायदा है गुरु।





# नष्ट हो रहे आदमगढ़ में मानव के उद्भव चिह्न



आत्माराम यादव

***मध्य** प्रदेश में होशंगाबाद नामक धुंध का घना कोहरा छंटते ही अब नर्मदापुरम आलोकित है। नर्मदापुरम में प्रागैतिहासिककाल के निशान मौजूद हैं। यहां के चप्पे-चप्पे में मानव उद्भव और उसकी विकास यात्रा के शिलालेख बिखरे हैं। वर्ष 1921 में तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर मनोरंजन घोष ने इस पर काफी शोध किया। उनके आग्रह पर केंद्रीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तत्कालीन अधीक्षक पंडित हीरानन्द शास्त्री ने सर्वेक्षण कराया। 1922 में पहली बार आदमगढ़ की पहाड़ियों में छिपे प्रागैतिहासिक काल ने पुरातत्ववेत्ताओं का ध्यान खींचा। 100 साल पहले कराये गये सर्वेक्षण में यहां 18 विराट शिलालेख और विभिन्न प्रकार की आकृतियों के 335 शिलाश्रय पाये गये। यह वह दौर था जब यहां उत्खनन जोरों पर था। सच मायने में इन शिलाओं में मानवजाति की प्रारम्भिक जीवन यात्रा की विशद कहानी छिपी है। यह शैलाश्रय इस बात की पुष्टि करते हैं कि नर्मदापुरम जिला प्रागैतिहासिक काल का साक्षी रहा है। डॉक्टर सांकलिया आदमगढ़ के लघु पाषाण अस्त्रों से बने इन शैलचित्रों का रचनाकाल 10000 से लेकर 4000 ई. पूर्व के बीच का माना है। 14 जून, 1959 के धर्मयुग के अंक में छपे डॉ.वी.एस.वाकणकर और मनोहर लाल मिश्र के लेखों इस पर विस्तृत प्रकाश डाला गया है। मिश्र ने इन शैलचित्रों को दो वर्गों में बांटा है। साथ ही इनका संबंध प्राचीन प्रस्तरयुग, नवीन प्रस्तर युग एवं ऐतिहासिक युग से किया है। डॉ. वाकणकर हाथी के धुधंले चित्र को सर्वाधिक प्राचीन माना है। मैंने चार दशक तक आदमगढ़ की पहाड़ियों के इन शैलचित्रों को चरवाहों की मदद से देखा है। वर्ष 1985 से 1995 तक यहां जमकर खनन हुआ है। कुछ लोग इन चित्रों को महाभारतकाल से जोड़ते हैं। नवंबर 2022 में वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी शिवकुमार अवस्थी की मदद से सिवनी-मालवा के घने जंगलों में बसे पिपलिया की पहाड़ी (बोररानी क्रमांक 1 व 2) में गहरे कत्थई रंग की रेखानुकृति वाले चित्रों के अलावा जानवरों, योद्धाओं, एवं घुडसवारों के चित्र देखने को मिले। लोधागढ़ और ग्राम पीपलगोटा के पथरीले रास्तों पर भी ऐसे शैलाश्रय बिखरे पड़े हैं। पुरातत्व विभाग निष्क्रियता से यह नष्ट हो रहे हैं। नर्मदापुरम जिले के बोरी अभ्यारण, आदमढ़, पचमढ़ी, सतपुड़ा उद्यान आदि में तब 56 स्थानों पर हुए पुरातत्व सर्वेक्षण में चिह्नित शिलालेखों (3546 शैलचित्र और मानव उद्भव इतिहास के 3546 शैलचित्र) में से आधे से ज्यादा नष्ट हो चुके हैं। पचमढ़ी के आसपास भी प्रागैतिहासिककाल की प्रस्तर शिलाएं देखी गई हैं। डॉ. जीआर हंटर ने 1932 में एक यात्रा के दौरान इनको देखा था। हंटर ने अंग्रेज अफसर डीएच गार्डन को यह जानकारी दी। इसके बाद सर्वेक्षण हुए। और 1935 में इंडियन केव पेंटिंग शीर्षक से इंग्लैंड के अखबारों में इनका जिक्र हुआ। एक अखबार ने हेडिंग लगाई-द रॉक पेंटिंगसल आर्फ महादेव हिल्स। गार्डन के प्रयास से 1950 में पुस्तक छपी। वीएस वाकणकर ने 1956-57 में राक शैल्टर्स इन मध्य प्रदेश, डॉ. जगदीश गुप्त ने वर्ष 1960 में भारतीय कला के पदचिह्न, 1966 में प्रागैतिहासिक भारतीय चित्र कला, डॉक्टर पूर्णिमा मसीह ने 1996 में मध्यप्रदेश की प्रागैतिहासिक चित्रकला के नाम से किताब लिखकर यहां के महत्व को रेखांकित किया है। अफसोस यह है कि देखरेख के अभाव में आदमगढ़, पचमढ़ी, लश्करिया खोह, बाजार केव, निम्बू भोज, इमली खोह, माढ़ादेव, बनियाबेरी, ईशान श्रंग, मान्टेरोजा, छोटे महादेव, बी.डेमकेव, जम्बूद्वीप, खटखटा पुतली लेन, चिल्ड्रेन केव, काइट्स क्रेग, रजत प्रपात, मैसी केव, , काजरी, नागद्वारी, आगमद्वार, नीमगिरी, चित्रशाला, चुरनागुंडी, भुरकुम लेन, त्रिशूल नाला, झुनकर नाला, शेरगुफा, भीमकाल नाला, देवखला, धापडी, चितराकातरी, डोडलपानी, बेलखंदार, काकोटिया नाला, बोररानी, बूढ़ीमाई, लोधागढ़, शेरनाला, मामा भांजा, धनाबोई, नीमधान, गजपत्थर, लम्बीझीत, टुन्ड्राआम नाला, आमवाली काप, हवालेन, कनमार, बींदनी पत्थर, कुरालेंन, भगरा लेन, मिनकापाठा, खड़ाधार, भुरभुरी लेन और डोराथी डीप आदि में बिखरे यह शिलालेख सहेजे न जाने के अभाव में नाममात्र के ही रह गये हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण 25 रुपये प्रति व्यक्ति टिकट की दर पर यहां का भ्रमण कराता है। मगर वह देखरेख को लेकर इतना संजीदा नहीं दिख रहा।

**नर्मदापुरम जिले के बोरी अभ्यारण, आदि में तब 56 स्थानों पर हुए पुरातत्व सर्वेक्षण में चिह्नित शिलालेखों (3546 शैलचित्र व मानव उद्भव इतिहास के 3546 शैलचित्र) में से आधे से ज्यादा नष्ट हो चुके हैं।**

## दुनियादारी

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं:** BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## NEWS इन ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में 20 लोग हुए घायल

**दक्षिण दिनाजपुर।** दक्षिण दिनाजपुर जिले के बाउल इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 512 पर रविवार सुबह हुई सड़क दुर्घटना में तकरीबन 20 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बालुरघाट सुपरस्पेशलिटी अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि कई अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। मामले की सूचना बालुरघाट थाने में दी गई जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से बात की और उनके इलाज की जानकारी ली।

### बीरभूम विस्फोट मामला : मुख्य आरोपी सहित छह गिरफ्तार

**बीरभूम।** बीरभूम विस्फोट मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित सहित छह लोगों को धर दबोचा है। यह गिरफ्तारियां शनिवार देर रात विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर की गई है। इस मामले में मुख्य आरोपित का नाम शुजाउद्दीन है। उल्लेखनीय है कि माड़ग्राम अस्पताल जंक्शन पर शनिवार रात करीब दस बजे बम धमाका हुआ था। बम विस्फोट में तृणमूल पंचायत प्रमुख भुट्टो शेख के भाई लाल्टू शेख गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि उनके साथी न्यूटन शेख की मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस की प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह बात सामने आई है कि लाल्टू और न्यूटन को लक्ष्य कर बम मारे गए थे। जिसमें न्यूटन की मृत्यु हो गई। इसे सुनियोजित हमला माना जा रहा है। पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर और जानकारी हासिल करने का प्रयास कर रही है।

### शिवराज आज करेंगे 'सुरक्षित सीहोर अभियान' का शुभारंभ

**भोपाल।** केन्द्र सरकार की 'प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना' एवं 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना' से जिले के सभी नागरिकों का बीमा सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रवीण सिंह की पहल पर 'सुरक्षित सीहोर अभियान' प्रारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार, 06 फरवरी को दोपहर 12.00 बजे इस अभियान का वर्चुअली शुभारंभ करेंगे।

### लालू यादव 10 फरवरी को लौटेंगे स्वदेश

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव 10 फरवरी को सिंगापुर से दिल्ली लौटेंगे। यह जानकारी राजद के पूर्व सांसद मो. अली अशरफ फातमी ने ट्वीट करके दी है। अली अशरफ फातमी ने ट्वीट कर लिखा है कि रविवार को लालू यादव से सिंगापुर में करीब तीन घंटे तक मुलाकात की। इस दौरान उनकी बड़ी बेटी और राज्यसभा सांसद बहन मीसा भारती और रोहिणी आचार्या भी मौजूद रहीं। उन्होंने लालू प्रसाद सहित उनकी बेटियों मीसा भारती और किडनी डोनेट करने वाली रोहिणी आचार्या के साथ फोटो भी सोशल मीडिया पर डाली है। सोशल मीडिया पर डाली गयी तस्वीर में लालू प्रसाद और रोहिणी आचार्या दोनों ऑपरेशन के बाद स्वस्थ दिख रहे हैं। लालू प्रसाद हाफ सफेद शर्ट पहने हुए हैं और रोहिणी आचार्या भी सफेद कुर्ती में हैं। लालू प्रसाद के चेहरे पर चमक भी दिख रही है।

### अडानी पर ललन सिंह ने कहा : दाल में काला है

**पटना।** जदयू अध्यक्ष ललन सिंह ने अडानी समूह के संदर्भ में सामने आई बातों पर ट्विट करते हुए कहा है कि 'दाल में काला' है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कारण अडानी समूह में एलआईसी का निवेश हुआ और अब आम लोगों का हजारों करोड़ रुपये डूब गया है। इसके बाद भी मोदी सरकार इन मुद्दों पर बात करने को तैयारी नहीं है। ललन सिंह ने रविवार को ट्वीट किया: अबतक जो सच्चाई उभरकर सामने आयी है, वह बताती है कि सत्ता का संरक्षण प्राप्त एक कॉरपोरेट घराने ने अबतक का सबसे बड़ा 81,000 करोड़ रुपये का आर्थिक घोटाला करके देश की अर्थव्यवस्था को ध्वस्त कर ही दिया है।

# माघ मेला : संगम की रेती पर एक माह के कल्पवास का हुआ समापन

**एजेंसी। प्रयागराज**

माघी पूर्णिमा के अवसर पर गंगा, जमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में लाखों श्रद्धालुओं ने रविवार को आस्था की डुबकी लगाई। माघी पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ ही तीर्थराज प्रयाग में संगम की रेती पर चल रहे माघ मेले का अनौपचारिक समापन हो गया और कल्पवास भी आज खत्म हो गया। वैसे मेला 18 फरवरी को पड़ने वाले महाशिवरात्रि के पर्व तक जारी रहेगा। हिन्दू पंचांग के अनुसार माघी पूर्णिमा की शुरूआत 04 फरवरी की रात 09:29 मिनट पर शुरू हुई और इसका समापन 05 फरवरी रात 11:58 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार माघी पूर्णिमा 05 फरवरी को ही है। हिन्दू धर्म में पूर्णिमा का काफी खास महत्व होता है। पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु भी इस दिन गंगा नदी में वास करते हैं।




दिन में धूप निकलने के बाद श्रद्धालुओं का रेला संगम की ओर तेजी से बढ़ा। मेला प्रशासन के अनुसार लाखों लोगों ने संगम समेत गंगा के 15 घाटों पर स्नान किया। स्नान के बाद लोगों ने घाटों पर पूजन-अर्चन किया और दान भी दिया। समाचार लिखे जाने तक मेला क्षेत्र और स्नान घाटों से किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं थी।

माघी पूर्णिमा स्नान के साथ ही संगम तट पर मास पर्यंत चल रहा कल्पवास का अनुष्ठान भी आज समाप्त हो गया। पौष पूर्णिमा से यहां जमे कल्पवासी माघी पूर्णिमा स्नान के बाद अपने घर को प्रस्थान करने लगते हैं। आस पास के कल्पवासी स्नान कर देर रात तक घर वापस जायेंगे। अधिकतर कल्पवासी सोमवार की सुबह घर लौटेंगे, जबकि कुछ कल्पवासी त्रिजटा पर्व का स्नान कर मेला क्षेत्र छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस विभाग द्वारा पुलिस लाइन, यातायात पुलिस लाइन, थाने, जल पुलिस थाना, फायर स्टेशन, पुलिस चौकियां और वायरलेस ग्रिड स्थापित किये गये हैं। पूरे मेला क्षेत्र को दो जोन और छह सेक्टरों में बांटा गया है। आतंकवादी गतिविधियों के मद्देनजर मेला क्षेत्र के मुख्य स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। पुलिस बल के अलावा मेला क्षेत्र में पीएसी और रैपिड एक्शन फोर्स की भी कई कंपनियां लगाई गयी हैं। मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए प्रशासन ने ड्रोन कैमरों की भी व्यवस्था की है। श्रद्धालुओ पर फूलों की वर्षा भी हुई। प्रमुख स्नान पर्वों पर एक दिन पहले ही मेला क्षेत्र में यातायात प्रतिबंधित कर दिया जाता है। भीड़ नियंत्रण के लिए कंट्रोल रुम को अत्याधुनिक रुप दिया गया है।

**क्या है कल्पवास**

संगम की रेती पर कायाकल्प हेतु किया जाने वाला तप कल्पवास कहलाता है। यह व्रत पौष पूर्णिमा के साथ ही शुरू हो जाता है। इस दिन गंगा स्नान के बाद श्रद्धालु कल्पवास का विधि विधान से संकल्प लेते हैं। वे तीर्थ पुरोहितों के आचार्यत्व में मां गंगा, नगर देवता वेणी माधव और पुरखों का स्मरण कर व्रत शुरू करते हैं। महीने भर जमीन पर सोते हैं। पुआल और घास-फूस उनका बिछौना होता है। बदन पर साधारण वस्त्र और हाथों में टीवी के रिमोट की जगह धार्मिक पुस्तकें होती हैं। तीर्थपुरोहितों के आचार्यत्व में मंत्रोच्चार के बीच मां गंगा, वेणी माधव एवं पूर्वजों का स्मरण कर त्याग-तपस्या के 21 नियमों को पूरी निष्ठा से निभाते हैं। साथ ही मेला क्षेत्र में बने अपने अस्थाई झोपड़ी या तम्बू के दरवाजे के पास ये कल्पवासी बालू में तुलसी का बिरवा लगाते हैं और जौ बोते हैं। सुबह स्नान के बाद यहां जल अर्पित करते हैं। सुबह और शाम को यहां दीपक भी जलाते हैं। कल्पवास समाप्त होने के बाद वापस जाते समय वह इसे प्रसाद स्वरूप अपने घर लेकर जाएंगे। कल्पवास करने वाले श्रद्धालु महीने भर रोज तीन बार गंगा स्नान और मात्र एक बार भोजन करते हैं। किसी का दिया हुआ कुछ भी ग्रहण नहीं करते। दान, यज्ञ-पूजा अनुष्ठान और प्रवचन करने व सुनने का व्रत आरंभ हो जाता है। गंगा की रेती पर मास पर्यन्त कठोर तपस्या के बाद माघी पूर्णिमा का स्नान कर ये कल्पवासी (श्रद्धालु) अपने घर वापस लौटते हैं।

# वोट बैंक के लिए नहीं होतीं सरकारी योजनाएं : योगी



**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार की योजनाएं वोट बैंक के लिए नहीं होती हैं। सरकार की योजनाओं की मंशा समाज के स्वावलंबन की होती है। समाज को स्वावलंबी बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार प्रदेश में कई तरह की योजनाएं चला रही है। हमारी सरकार ने ऐसी कई स्कीम प्रारंभ की है जो छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने में बड़ी मदद कर सकती है। बालिकाओं के लिए प्रदेश के अंदर कन्या सुमंगला योजना चालू की गई है। बालिका के जन्म लेने के समय यदि उसका रजिस्ट्रेशन हो गया तो उसके नाम पर उसके परिवार के पास सरकार की तरफ से एक निश्चित राशि पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि अक्सर बालक और बालिकाओं के बीच में भेद किया जाता है, बालिका के साथ भेदभाव ना हो इसके लिए हमने मिशन इंद्रधनुष शुरू किया।

### कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप की अपार संभावनाएं

सीएम योगी रविवार को भाऊराव देवरस सेवा न्यास के महामना शिक्षण संस्थान बालिका प्रकल्प के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने संत रविदास की 646वीं जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि बालक और बालिकाओं के लिए हमने अभ्युदय कोचिंग का शुभारंभ किया, जिससे बच्चों को फिजिकली और वर्चुअली फ्री में कोचिंग मिल रही है, जिसमें हमारे कम्पटीशन से निकले योग्य अभ्यर्थी पढ़ रहे हैं। इस बार यूपी लोकसेवा आयोग में 43 बच्चे ऐसे थे, जो अभ्युदय से जुड़े थे और उनका चयन हुआ। हम गरीब बच्चों को टेबलेट और स्मार्टफोन भी दे रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि शिक्षण संस्थानों और समाज को जागरूक होना होगा। यूपी में कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप की अपार संभावनाएं हैं, हमें युवाओं को तैयार करना है। एमएसएमई यूपी का सबसे बड़ा बेस रखता है, यूपी के निर्यात को शासन ने थोड़ा प्रोत्साहन दिया और आज वह फिर से चलने लग गया और अब 1.60 लाख करोड़ रुपए का सालाना निर्यात यूपी से हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्किल मिशन का चतुर्थ चरण प्रारम्भ होने जा रहा है, हमें अपने युवाओं को इसके लिए तैयार करना होगा। सारी योजनाओं को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना अनिवार्य है ताकि डिग्री लेने के बाद युवाओं को यहां वहां भटकना ना पड़े।

### अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की दी सलाह

सीएम योगी ने कहा कि सरकार और समाज जब अनुशासन के साथ आगे बढ़ता है तो परिणाम भी उसी रूप में सामने आते है। उदाहरण के रूप में आज दो महापुरुषों से जुड़े पवित्र संस्थान के भूमि पूजन के कार्यक्रम के साथ हम जुड़े हैं। पहले डॉक्टर भाऊराव देवरस जिन्होंने लखनऊ में रह कर छात्रसंघ की राजनीति में सक्रिय हुए और देश की आजादी के आंदोलन में अपना योगदान एक युवा और नागरिक के रूप में किया। उसके उपरांत समाज के साथ जुड़ कर उसके लिए काम किया, जो आज भी हमारा मार्गदर्शन करता है। दूसरा नाम है भारत रत्न पंडित महामना मदन मोहन मालवीय का है, जो स्वतंत्र संग्राम सेनानी थे। वह आजादी के आंदोलन के दौरान न्यायालय जा कर क्रांतिकारियों की पैरवी भी करते थे। महामना मालवीय एक समाज सुधारक भी थे। पवित्र गंगा को रोकने का प्रयास जब हुआ तब उन्होंने गंगा महासभा के माध्यम से आवाज उठाई। उन्होंने भारतीय परंपरा के अनुसार एक स्वतंत्र भारत में कैसा भारत हमें चाहिए उसके लिए कार्य किया और काशी हिंदू विश्वविद्यालय जैसा संस्थान प्रारम्भ किया।

### गुलामी के कालखंड में हमारे स्वाभिमान को कुचला गया

सीएम योगी ने कहा कि भारत की परम्परा सदैव स्वावलंबन की रही है। इसके पीछे यहां का समाज रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की बात वास्तविकता है। पहले हमारे गांव और समाज आत्मनिर्भर थे। शासन पर उनकी निर्भरता न्यूनतम थी, जब समाज आगे चलेगा और सरकार उसके पीछे होगी तो समाज आत्मनिर्भर और स्वावलंबी होगा। वहीं जब सरकार आगे और समाज पीछे होगा तो समाज परावलंबी बनेगा। सरकार से हर चीज के लिए उम्मीद करेगा। उन्होंने कहा कि गुलामी के कालखंड में हमारे गौरव के बोध को समाप्त करने के प्रयास किए गए। यही कारण थे कि हमारे बड़े-बड़े आस्था और शिक्षण के केंद्र तोड़े गए। भारतीय समाज खुद पर गौरव की अनुभूति न कर सके इसके लिए हमारे स्वाभिमान को कुचला गया। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव पहला ऐसा राष्ट्रीय पर्व है जिसे पूरे देश ने मनाया और उसके साथ जुड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक आह्वान पर देश की 140 करोड़ की आबादी ने इस महोत्सव पर अपने-अपने घर पर तिरंगा लगाया और भारतीयता का एहसास दिलाया। यही भारतीयता का एहसास सदी की सबसे बड़ी महामारी कोविड के दौरान भी देखने को मिली, जब इतनी बड़ी आबादी ने टीमवर्क के रूप में कार्य किया, दुनिया का सबसे अच्छा कोरोना प्रबंधन का उदाहरण भारत ने दिया।

### शिक्षकों और विद्यार्थियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में सीएम योगी ने संस्थान के तीन शिक्षकों और 12वीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए अपने पहले प्रयास में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान सीएम ने शिक्षकों को शाल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। वहीं छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाया। उसके बाद सीएम योगी ने प्रकल्प की प्रथम स्मारिका का विमोचन किया। महामना मदन मोहन मालवीय के जीवन पर आधारित इस स्मारिका में देश के मूर्धन्य विद्वानों के लेख हैं। न्यास की अर्धवार्षिक पत्रिका सेवा चेतना का भी सीएम योगी ने विमोचन किया।

# क्या बिहार में बड़ा उलटफेर होने वाला है?

### एक खास डील को लेकर क्या कहना चाहते हैं कुशवाहा



जनता दल (यूनाइटड)

कार्यालय- 07, जंतर मंतर रोड, नई दिल्ली- 110001.

प्रिय साथी,

हमारी पार्टी अपने आंतरिक कारणों से रोज ब रोज कमजोर होती जा रही है। महा गठबंधन बनने के बाद हुए विधानसभा उप चुनावों के परिणाम आने के समय से ही मैं पार्टी की स्थिति से मा.मुख्यमंत्री जी को लगातार अवगत कराते आ रहा हूं। समय-समय पर पार्टी की बैठकों में भी मैंने अपनी बातें रखीं हैं। विगत एक-डेढ़ महिने से मैंने हर संभव तरीके से कोशिश की है कि दिनानुदिन अपना अस्तित्व खोती जा रही पार्टी को बचाया जा सके।मेरी कोशिश आज भी जारी है। परन्तु तमाम प्रयासों के बावजूद मा.मुख्यमंत्री जी की ओर से मेरी बातों की न सिर्फ अनदेखी की जा रही है बल्कि उसकी व्याख्या भी गलत तरीके से की जा रही है।मेरी चिंता और जहां तक मैं समझता हूं आप सभी की चिंता भी इस बात को लेकर है कि अगर जदयू बिखर गया तो उन करोड़ों लोगों का क्या होगा जिनके अरमान इस दल के साथ जुड़े हुए हैं और जिन्होंने बड़े बड़े कष्ट सहकर और अपनी कुर्बानी देकर इसके निर्माण में अपना योगदान किया है।

साथ ही राजद की ओर से "एक खास डील" और जद (यू.) का राजद के साथ विलय की चर्चा ने न सिर्फ पार्टी के निष्ठावान नेताओं/ कार्यकर्ताओं बल्कि आम जन मानस को भी झकझोर कर रख दिया है| ऐसी परिस्थिति में हम सबके समक्ष राजनीतिक शून्यता की स्थिति बनती जा रही है|

अत: आज आवश्यकता इस बात की आ गई है कि हम सब मिलकर उक्त विषय पर विमर्श करें। इस हेतु आप से आग्रह है कि अपने साथियों के साथ निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार उपस्थित हो कर चर्चा में भाग लेने का कष्ट करेंगे।

कार्यक्रम का विवरण:-

बैठक की तारीख:- 19 एवं 20 फरवरी 2023.

समय:- 11 बजे से

स्थान:- सिन्हा लाईब्रेरी, पटना। (बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के बगल में)

आपका,

(उपेन्द्र कुशवाहा)

राष्ट्रीय अध्यक्ष

पार्लियामेंट्री बोर्ड, जद (यू.)

सेवा में,

जनता दल (यू.) के प्रमुख साथी,

पूर्व में रालोसपा के साथ काम कर चुके प्रमुख साथी,

महात्मा फुले समता परिषद् के प्रमुख साथी।

**एजेंसी। पटना**

बिहार की राजनीति में एक बार फिर बड़ा उलटफेर देखने को मिल सकता है। सत्तारूढ़ महागठबंधन के खिलाफ जदयू के पार्लियामेंट्री बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने जदयू के प्रमुख नेताओं, अपनी पुरानी पार्टी रालोसपा के साथियों और महात्मा फुले समता परिषद के प्रमुख लीडर्स को मीटिंग करने के लिए बुलाया है। ये मीटिंग पटना में 19 और 20 फरवरी को रखी है। इस संबंध में उपेंद्र ने एक चिट्ठी जारी की है, जिसमें उन्होंने जदयू के बिखरने को लेकर चिंता जताई है। चिट्ठी में उपेंद्र का दर्द भी छलका। उन्होंने कहा: मैं डेढ़ महीने से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस बारे में बता रहा हूं, लेकिन वो ध्यान नहीं दे रहे हैं और गलत तरीके से व्याख्या कर रहे हैं। आज बैठक कर चर्चा की जरूरत आ गई है। गौरतलब है कि महागठबंधन में आरजेडी और जनता दल यूनाइटेड के बीच पिछले कुछ दिन से रस्साकशी और बयानबाजी देखने को मिलती रही है। पहले सुधाकर सिंह और चंद्रशेखर के विवादित बयान चर्चा में रहे। उससे लगातार यह सवाल खड़े हुए कि क्या नीतीश कुमार एक बार फिर से पलटी मार सकते हैं और क्या वह बीजेपी के संपर्क में है?

इस बीच, जनता दल यूनाइटेड संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के बयानों ने गुटबाजी को और हवा दे दी। उपेंद्र के बयानों पर सीएम नीतीश ने दो टूक कह दिया और पार्टी छोड़कर जाने के संकेत दे दिए। हालांकि, उपेंद्र ने साफ कहा कि वो पार्टी नहीं छोड़ेंगे। इसमें उनकी भी उतनी ही हिस्सेदारी है, जितनी नीतीश की। ये विवाद अभी थमा नहीं था कि एक बार फिर उपेंद्र कुशवाहा ने चिट्ठी जारी कर राजनीतिक गलियारों में उथल-पुथल मचा दी।

रविवार को उपेंद्र कुशवाहा ने जदयू कार्यकताओं के नाम एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने पार्टी नेताओं को 19 और 20 फरवरी को पटना के सिन्हा लाइब्रेरी में बैठक करने की सूचना दी है और आमंत्रित किया है। ऐसे में सवाल उठने लगा है कि नीतीश कुमार या फिर जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह यादव, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा से इतर उपेंद्र कुशवाहा ने पार्टी की दो दिवसीय बैठक बुलाई है? क्या उपेंद्र कुशवाहा जनता दल यूनाइटेड को तोड़ने की फिराक में हैं?

### ये लिखा है चिट्ठी में

हमारी पार्टी अपने आंतरिक कारणों से रोज कमजोर हो रही है। महागठबंधन बनने के बाद विधानसभा उपचुनाव के परिणाम आने के समय से ही मैं नीतीश कुमार को पार्टी की स्थिति से लगातार अवगत कराते आ रहा हूं। मैं कोशिश कर रहा हूं कि दिन-प्रतिदिन जेडीयू जिसका अस्तित्व खोता जा रहा है उसको बचाया जा सके। तमाम कोशिशों के बावजूद भी नीतीश कुमार ने मेरी बातों को अनदेखा किया। मुख्यमंत्रीजी की ओर से मेरी बातों की न सिर्फ अनदेखी की जा रही है बल्कि उसकी व्याख्या भी गलत तरीके से की जा रही है। राजद के साथ एक खास डील और जेडीयू का आरजेडी के साथ विलय की चचाओं ने पार्टी के निष्ठावान नेताओं और कार्यकताओं को झकझोर कर रख दिया है। ऐसी स्थिति में हम सबके सामने राजनीतिक शून्यता की स्थिति बनती जा रही है। ऐसी परिस्थिति में पार्टी समय आ गया है कि हम इस मुद्दे पर विमर्श करें।

समाधान यात्रा के 19वें दिन

# कटिहार पहुंचे नीतीश के विरुद्ध लोगों ने की नारेबाजी

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को समाधान यात्रा के 19वें दिन कटिहार में थे। उन्होंने बिहार सरकार की सरकारी योजनाओं की समीक्षा की और विकास कार्यों का भी जायजा लिया। समाधान यात्रा से लौटते वक्त डिघरी में लोगों ने मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की और जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। लोगों की नाराजगी मुख्यमंत्री से न मिल पाने के चलते थी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब मुख्यमंत्री लोगों से मिल ही नहीं रहे हैं तो किस बात का समाधान कर रहे हैं। पब्लिक से मिलेंगे तभी तो समस्या का समाधान निकालेंगे। बिना मिले किस बात का समाधान कर रहे हैं, यह समझ से परे हैं। कुछ लोगों का कहना था कि जो घूसखोर है उसी से मुख्यमंत्री मिल रहे हैं लेकिन हमलोगों से बिना मिले ही लौट रहे हैं। इसी बात को लेकर लोग नाराज हैं।

गुस्साए लोगों ने कटिहार कोढ़ा मुख्य मार्ग के डिघरी चौक पर समाधान यात्रा के दौरान लगाए पोस्टर को फाड़ डाला और उसे आग के हवाले कर दिया। इस दौरान लोगों ने कटिहार समाहरणालय के पास माले विधायक की गाड़ी को रोक दिया। इस भीड़ में युवक भी शामिल थे। युवकों का कहना था कि पढ़-लिखकर नौकरी नहीं मिलेगी तब पढ़ने से क्या फायदा? पढ़-लिखकर लोग चाय और सब्जी बेच रहे हैं और कोई खेती कर रहा है। किसी को भी नौकरी नसीब नहीं हो पा रही है। क्या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यही समाधान निकाल रहे हैं।

# जी-20 मेहमानों को आकर्षित करेगा 'वेस्ट टू वंडर पार्क'

**योगी सरकार की मंशा के अनुरूप ताजनगरी में चल रही जी-20 की तैयारी**

**आगरा नगर निगम ने वेस्ट मेटेरियल से बनाया अनोखा पार्क**



**2-3 दिन में तैयार होगा पार्क**

**एजेंसी। आगरा**

योगी सरकार के जी-20 देशों के मेहमानों के स्वागत सत्कार में कोई कोर कसर नही छोड़ना चाहती है। जी-20 समिट में भाग लेने के लिए आने वाले विदेशी मेहमानों के स्वागत सत्कार के लिए शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। इसी कड़ी में आगरा नगर निगम ने वीआईपी रोड कहे जाने वाले माल रोड पर 'वेस्ट टू वंडर पार्क' तैयार किया है। इस पार्क के जरिये आगरा नगर निगम द्वारा यह दशार्ने की कोशिश की गई है कि वेस्ट मेटेरियल का इस्तेमाल करके भी शहर को स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक बनाया जा सकता है।

### वेस्ट का अनोखा प्रयोग

आजकल वेस्ट मेटेरियल से बहुत ही आकर्षक वस्तु बनाई जा रही है। कुछ यही उपयोग आगरा नगर निगम की ओर से भी किया गया है। वेस्ट मेटेरियल से आगरा नगर निगम द्वारा माल रोड पर 'वेस्ट टू वंडर पार्क' तैयार किया जा रहा है। दरअसल डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, सफाई व अतिक्रमण अभियान के दौरान जो वेस्ट मेटेरियल आगरा नगर निगम को मिलती है। अब आगरा नगर निगम उनको उपयोग में ला रहा है। उसको इस पार्क के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

### आगरावासी कर रहे सराहना

आगरा नगर निगम द्वारा मंडलायुक्त कार्यालय के समीप बनाए जा रहे वेस्ट टू वंडर पार्क में आपको शेर, बंदर, हिरण, घोड़ा, बिच्छू और मगरमच्छ दिखाई दे जाएंगे। इन जानवरों की आकर्षक आकृतियों को नगर निगम के कबाड़ में पड़ी वस्तुओं से तैयार किया गया है। इन आकर्षक आकृतियों को बनाने में खराब टायर, कबाड़ हो चुके स्ट्रीट लाइट के खंभे और लोहे के सरिया और पाइपों को आकार देकर बनाया गया है। माल रोड से गुजर रहे लोग अब इनके साथ खड़े होकर सेल्फी भी ले रहे हैं। वेस्ट टू वंडर पार्क देख रहे लोगों को विश्वास ही नहीं हो रहा कि वेस्ट वस्तुओं से इस तरह की आकर्षक और खूबसूरत आकृतियां बनाई जा सकती है। लोगों ने आगरा नगर निगम के इस प्रयास की सराहना कर रहे है।

**करियर**

### प्रो. संजय द्विवेदी ने किया जम्मू कैंपस का दौरा, कहा

# स्किल्स अपनाएं, अपने कल को बेहतर बनाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने संस्थान के जम्मू कैंपस के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समय अपनी गति के अनुसार बढ़ रहा है और सब कुछ उसी के साथ अपग्रेड हो रहा है। शिक्षा का स्तर भी आगे बढ़ता जा रहा है। आने वाले समय में कंपनियों की डिमांड भी बढ़ेंगी और वे नए नए ढंग से उम्मीदवारों का चुनाव करेंगी। कुछ स्किल्स को अपनी शिक्षा में शामिल कर आप अपने करियर में आने वाली हर चुनौती का सामना कर पाएंगे। इस अवसर पर आईआईएमसी के जम्मू परिसर के क्षेत्रीय निदेशक प्रो. राकेश गोस्वामी, प्रो. अनिल सौमित्र, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. विनीत उत्पल एवं श्री विश्व सहित संस्थान के समस्त संकायों के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। .



प्रो. द्विवेदी ने कहा कि जम्मू परिसर के छात्रों की क्षेत्रीय और भाषाई विविधता से सामाजिक जीवन जीने की कला सीखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि मीडिया के क्षेत्र में आप अपनी रुचि के कारण आए हैं और यदि इन पाठ्यक्रमों की अल्प अवधि के दौरान आपने अपने कौशल का विकास कर लिया, तो आठ-दस वर्ष के बाद आप आप पाएंगे कि आपने जो दिल से सोचा था, वो ठीक ही सोचा था।

आईआईएमसी के महानिदेशक के अनुसार जम्मू कैंपस में डिजिटल मीडिया और हिंदी पत्रकारिता का यह पहला बैच है। ऐसे में परिसर के विकास में विद्यार्थियों की भूमिका अहम है। परिसर की साफ-सफाई पर ध्यान दें, प्रकृति का संरक्षण करें, लाइब्रेरी में समय दें और एक अच्छे माहौल का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि आप नई पीढ़ी के हैं, नया नजरिया है, ऐसे में जम्मू परिसर को ऐसा बनाएं, जिससे आने वाले बैच का ध्यान इस परिसर की ओर हो। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहां से आये हैं। आप खुद लायक बनें और परिवार, समाज एवं राष्ट्र को लायक बनाएं।

मीडिया के छात्रों से संवाद करते हुए प्रो. द्विवेदी ने कहा कि एक संचारक के तौर पर हमारी जिम्मेदारी है कि एक सामान्य से नागरिक को समर्थ बनाएं। वर्तमान समय में ऑर्डिनरी पोजीशन में रहकर भी एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी पोजीशन में पहुंचा जा सकता है।

### सब्जी विक्रेता व उसकी पत्नी और दो बच्चों की जलने से मौत

**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के देवकली गांव में शनिवार की देर रात सब्जी विक्रेता, उसकी पत्नी व दो बच्चों की जलने से मौत हो गई। रविवार सुबह कमरे से धुआं उठता देख आसपास के लोग दरवाजा तोड़ कर अंदर गए तो चारो का शव एक ही बेड पर पड़ा था। सूचना पर पहुची पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस ने चारों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव के लोग पारिवारिक कलह की बात कर रहे हैं। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार गांव के 42 वर्षीय इंद्र बहादुर मौर्य बाजार में सब्जी की दुकान लगाते है। गांव के लोगों का कहना है कि उनका पत्नी के साथ अक्सर विवाद होता रहता था। रविवार की सुबह उनके घर से धुंआ निकल रहा था। अगल बगल के लोगों ने फाटक तोड़कर देखा तो इंद्र बहादुर, उनकी 38 वर्षीय पत्नी सुशीला देवी, 10 वर्षीय पुत्री चांदनी और 8 वर्षीय पुत्र आर्यन का जला हुआ शव एक ही बेड पर पड़ा था।

## NEWS इन ब्रीफ

### सेनेगल ने अल्जीरिया को हराया

**अलजीयर्स।** सेनेगल ने अफ्रीकन नेशंस चैंपियनशिप (चान 2022) जीत लिया है। पूरे समय तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकी, जिसके बाद पैनल्टी शूटआउट हुआ। पेनल्टी शूटआउट में मेजबान अल्जीरिया को सेनेगल ने 5-4 से हरा दिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अफ्रीका कप ऑफ नेशंस का खिताब जीतने के ठीक एक साल बाद यह जीत सेनेगल की पहली चान ट्रॉफी है। घरेलू धरती पर हारने के बावजूद, डेजर्ट फॉक्स के प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। अल्जीरिया पहली बार फाइनल में पहुंची थी।

### दुबई कैपिटल्स का नेतृत्व करेंगे युसूफ

**दुबई।** दुबई कैपिटल्स ने रविवार को भारत के पूर्व हरफनमौला युसूफ पठान को डीपी वर्ल्ड आईएलटी-20 के बाकी मैचों के लिए अपनी टीम का कप्तान नियुक्त किया, जो वर्तमान में यूएई में आयोजित हो रहा है। दुबई कैपिटल्स रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के अपने आखिरी लीग मैच में एमआई अमीरात से भिड़ेगी। टीम फिलहाल पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर है।

### आईटीबीपी ने तीसरी बार नेशनल आइस हॉकी चैंपियनशिप जीती

**नई दिल्ली/लेह।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की केंद्रीय आइस हॉकी टीम ने आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित पुरुषों की राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप-2023 जीत ली है। लेह, लद्दाख में आयोजित इस प्रतियोगिता का यह 12वां संस्करण था। जानकारी के मुताबिक, आईटीबीपी की टीम ने फाइनल में लद्दाख स्काउट्स को 1-0 के स्कोर से हराया।

### आशु ने जाग्रेब ओपन में कांस्य पदक जीता

**जाग्रेब।** ग्रीको-रोमन पहलवान आशु ने जाग्रेब ओपन 2023 रैंकिंग सीरीज में पुरुषों के 67 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने कांस्य प्ले-ऑफ में लिथुआनिया के एडोमास ग्रिगलियुनस को 5-0 से हराया। शनिवार देर रात रेपचेज में प्रवेश करने के लिए क्वालिफिकेशन राउंड में ईरान के रेजा महदी अब्बासी के हाथों आशु को 0-9 से हार का सामना करना पड़ा था।

### लुइस ने ग्रेमियो के लिए दागा गोल

**ब्राजील।** पूर्व लिवरपूल और बार्सिलोना के स्ट्राइकर लुइस सुआरेज ने एइमोर पर 3-0 की घरेलू जीत में दो गोल कर ब्राजील के ग्रेमियो के लिए अपना शानदार फॉर्म जारी रखा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 36 वर्षीय स्ट्राइकर ने हेडर के साथ अपना खाता खोला और फिर एक गलत डिफेंडर पास का फायदा उठाते हुए गोल किया।

# टेस्ट सीरीज में अच्छी फील्डिंग करना जरूरी : राहुल द्रविड़

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टीम के तैयारी शिविर में क्षेत्ररक्षण और कैच पकड़ने पर दिया गया जोर**

**एजेंसी। नागपुर**

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले टीम के तैयारी शिविर में क्षेत्ररक्षण और कैच पकड़ने पर जोर दिया गया है। उन्हें लगता है कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान यह काफी महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, हर कोई वास्तव में अच्छी स्थिति में दिख



रहा है। टेस्ट टीम को फिर से एक साथ लाना अच्छा है। पिछले एक महीने में हमारे पास बहुत अधिक सफेद गेंद वाली क्रिकेट थी। उनमें से कुछ लड़के, सफेद गेंद से लाल गेंद की सीरीज में शिफ्ट हो रहे हैं। यह उनके लिए अच्छा है कि नेट्स में वे खूब पसीना बहा रहे हैं।

द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, टेस्ट मैचों में क्षेत्ररक्षण भी वास्तव में महत्वपूर्ण रहा है। क्षेत्ररक्षण श्रृंखला का वास्तव में महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रहा है। कैचिंग, स्लिप फील्डिंग में बहुत जोर दिया जा रहा है। भारत वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से पहले नागपुर के वीसीए स्टेडियम में अभ्यास कर रहा है। द्रविड़ ने आगे कहा कि एक महत्वपूर्ण श्रृंखला की तैयारी के लिए टेस्ट टीम के पास एक सप्ताह का समय होना बहुत अच्छा है।

उन्होंने कहा, हमारे पास वास्तव में कुछ दिन अच्छे रहे हैं। हमारे पास वास्तव में कुछ लंबे सत्र रहे हैं। मुझे लगता है कि एक कोचिंग स्टाफ के रूप में यह रोमांचक है क्योंकि हम जितना क्रिकेट खेलते हैं, आपको इस तरह का समय नहीं मिलता है। आपको वास्तव में एक कैंप करने के लिए समय नहीं मिलता है या आप समय की एक विस्तारित अवधि प्राप्त कर सकते हैं जहां आपको खिलाड़ियों के साथ काम करने और टेस्ट श्रृंखला के लिए तैयारी करने का मौका मिलता है।

# एशिया कप को लेकर बौखलाया पाकिस्तान, दी गीदड़ भभकी!




**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में इस साल होने वाले एशिया कप पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने उससे मेजबानी छिनने का मन बना लिया है। बहरीन में शनिवार (चार फरवरी) को एसीसी की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान एशिया कप को लेकर चर्चा की गई। मेजबानी को लेकर अंतिम निर्णय मार्च में लिया जाएगा। उससे पहले ही पाकिस्तान बौखला गया है।

समाचार एजेंसी एएनआई ने एसीसी के सूत्र के हवाले से बताया है कि पाकिस्तान ने मेजबानी छिनने के डर से धमकी दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने यह धमकी दी है कि अगर उससे मेजबानी छिन ली जाती है तो वह टूर्नामेंट से हट सकता है। साथ ही इस साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से भी हटने का फैसला कर सकता है।

एक सूत्र के अनुसार, 'पीसीबी इस सोच से खुश नहीं है कि एशिया कप को किसी तटस्थ स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। संयुक्त अरब अमीरात का नाम सूची में शीर्ष पर है। यूएई को फिर से मेजबानी मिल सकती है लेकिन अगर ऐसा होता है तो पाकिस्तान 2023 आईसीसी विश्व कप के लिए भारत का दौरा नहीं करेगा।'

एशियाई क्रिकेट परिषद की इस बैठक में सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया था। एसीसी के घोषित कार्यक्रम में खुद को मेजबान के रूप में न दर्शाए जाने पर पीसीबी के चेयरमैन नजम सेठी की मांग पर यह बैठक बुलाई गई थी। उन्होंने यह आरोप लगाया था कि कार्यक्रम की घोषणा से पहले उनसे कोई राय नहीं ली गई थी। एसीसी ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया था। तब एसीसी ने कहा था कि दिसंबर 2022 में कैलेंडर को पाकिस्तान बोर्ड सहित सभी सदस्यों के साथ साझा किया गया था, लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हालांकि, कुछ अन्य सदस्यों ने कैलेंडर पर अपनी राय शेयर की थी।

इस साल सितम्बर में होनेवाले एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को सौंपी गई थी, लेकिन एसीसी के चेयरमैन जय शाह ने अक्तूबर में कहा था कि भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। ऐसा माना जा रहा है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तीन स्थलों दुबई, अबुधाबी और शारजाह में आयोजन हो सकता है लेकिन फिलहाल फैसले को स्थगित रखा गया है। पाकिस्तान से बाहर कराने के पीछे एक तर्क यह भी है कि वहां डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपया बहुत तेज गिर रहा है। ऐसे में एसीसी को वहां इस टूर्नामेंट के आयोजन में काफी खर्च करना होगा।

# अंडर-19 महिला टी-20 विजेता टीम से हमें मिली प्रेरणा : हरमनप्रीत कौर

**अंडर-19 विश्व कप में टीम की जीत को देखकर टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित**

**12 फरवरी को केपटाउन में कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा भारत**

**एजेंसी। केपटाउन**

दक्षिण अफ्रीका में महिला टी-20 विश्व कप शुरू होने में सिर्फ एक हफ्ते का समय बाकी है। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी टीम महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप में टीम की जीत को देखकर टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित है। 29 जनवरी को, महिला क्रिकेट में पहली बार विश्व खिताब के लिए भारत का शानदार अभियान रहा, जब शेफाली वर्मा की अगुआई वाली टीम ने पोटचेफस्ट्रूम में पहले



आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हरा दिया।

उस विजयी टीम से, शेफाली और ऋचा घोष 10 से 26 फरवरी तक होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के लिए हरमनप्रीत की अगुवाई वाली टीम में शामिल हो गई हैं। भारत ने पिछली बार 2020 महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने एमसीजी में जीता था। उन्होंने कहा : अंडर-19 विश्व कप देखने के बाद, हम अच्छा करने के लिए प्रेरित हुए हैं। यह हम सभी के लिए एक बहुत ही खास पल था और अंडर-19 देखने के बाद कई लड़कियां भी क्रिकेट खेलना चाहेंगी और हमारा हमेशा यही उद्देश्य रहता है कि युवा लड़कियों को प्रेरित किया जाए जो आकर क्रिकेट खेल सकें।

भारत 12 फरवरी को केपटाउन के न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड में कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी-20 विश्व कप में अपने ग्रुप बी अभियान की शुरुआत करेगा। पाकिस्तान की कप्तान बिस्माह मारूफ का मानना है कि यह टूर्नामेंट उनकी टीम के लिए दूसरी मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को परखने का मौका है।

## महिला टी-20 विश्व कप का काफी समय से था इंतजार : मेग

**एजेंसी। केपटाउन**

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लैनिंग ने कहा है कि उनकी टीम कुछ समय से तीसरे महिला टी-20 विश्व कप खिताब का इंतजार कर रही है। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका में 10 से 26 फरवरी तक होने वाली प्रतियोगिता में खिताब का प्रबल दावेदार है। उन्होंने कहा, यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हम कुछ समय से इस टूर्नामेंट का इंतजार कर रहे थे। हमने यहां की परिस्थिति से अभ्यस्त होने के लिए कुछ दिन बिताए हैं। यहां बहुत गर्मी है और अनुभव करने के लिए कुछ अद्भुत चीजें हैं। कैप्टन्स डे कार्यक्रम के दौरान मेग ने कहा, हम यहां आने के लिए उत्साहित थे। विश्व कप का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं और हम अपने पूल में हर टीम के लिए खुश हैं और उम्मीद है कि अच्छा खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया 11 फरवरी को पार्ल के बोलैंड पार्क में ट्रांस-तस्मान प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

# तेज गेंदबाज हेजलवुड पहले टेस्ट मैच से बाहर



**एजेंसी। बेंगलुरू**

तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भारत के खिलाफ नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया के पहले टेस्ट से चोट के कारण बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की चोटों की सूची में हेजलवुड अब मिशेल स्टार्क (उंगली की चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर) और ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन (उंगली में चोट के कारण गेंदबाजी करने की संभावना नहीं) के साथ शामिल हो गए हैं। साथ ही हेजलवुड का नई दिल्ली में (17 से 21 फरवरी) भी खेलना संदिग्ध बना हुआ है। उनकी चोट का मतलब है कि तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड विदेश में अपना पहला टेस्ट खेल सकते हैं, जहां अनकैप्ड तेज गेंदबाज लांस मॉरिस भी एक विकल्प हो सकते हैं।

क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने हेजलवुड के हवाले से कहा कि, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड के आउटफील्ड में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों के खिलाफ गेंदबाजी करने के लिए दौड़ते समय गीले पैच के कारण उन्हें चोट लग गई थी। बोलैंड ने एमसीजी में एशेज में बॉक्सिंग डे टेस्ट में अपनी शुरूआत के बाद से ऑस्ट्रेलिया के लिए छह टेस्ट मैच खेले हैं और 12.21 की औसत और 33.2 की स्ट्राइक रेट से 28 विकेट झटके हैं। पूरी संभावना है कि नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के बाहर उनका पहला टेस्ट मैच होगा।

# पीवीएल : कोलकाता थंडरबोल्ट्स ने बेंगलुरु टॉरपीडोज को हराया

**एजेंसी। बेंगलुरु**

मौजूदा चैंपियन कोलकाता थंडरबोल्ट्स ने प्राइम वॉलीबॉल लीग सीजन 2 में अपने अभियान की शुरुआत बेंगलुरु टॉरपीडोज को 15-11, 15-11, 15-14, 10-15, 14-15 के स्कोर के साथ यहां कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में तीन सीधे सेटों में हराकर की। कोलकाता थंडरबोल्ट्स के कप्तान अश्वल राय ने टीम को दो महत्वपूर्ण अंक दिलाए और फिर अपने सुपर सर्व के साथ टीम को बढ़त दिलाई, जिससे उन्हें पहला सेट सुरक्षित करने में मदद मिली और टीम जीत गई।



दीपेश सिन्हा, जिन्होंने अपनी लगातार दो स्पाइक्स के साथ दूसरे सेट में कोलकाता थंडरबोल्ट्स के साथ मैच में 2-0 की बढ़त बनाकर अपनी टीम को फिर से नियंत्रण में ला दिया, सेट को 15-11 से जीतकर टीम के प्रदर्शन से खुश थे। उन्होंने कहा, पहला मैच जीतना पूरी लीग के लिए सही शुरूआत है। टीम अच्छा खेली और कभी हार नहीं मानी। हम केवल आज के खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे और अपना सौ प्रतिशत दे रहे थे। लेकिन हम हमेशा अपने खेल में विश्वास करते थे और जानते थे कि अगर हम घबराए नहीं और सिर्फ प्रदर्शन करते हैं, तो परिणाम हमारे पक्ष में होगा। कोलकाता थंडरबोल्ट्स के टीम निदेशक सुमेध पटोदिया ने भी सकारात्मक शुरूआत के बारे में बताया। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट को सकारात्मक शुरू करना हमेशा अच्छा होता है। टीम असाधारण रूप से अच्छा खेली और मुझे उम्मीद है कि हम अपने अगले गेम में जीत की गति को जारी रख सकते हैं।

## भारोत्तोलक मार्टिना की नजरें राष्ट्रीय रिकॉर्ड पर

**नई दिल्ली।** मार्टिना देवी पहले ही खेलो इंडिया यूथ गेम्स के इतिहास में सबसे बड़ी सुपरस्टार बन चुकी हैं। पिछले साल पंचकूला में, मणिपुरी भारोत्तोलक ने कुल आठ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए और उनके प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी। मध्य प्रदेश में केआईवाईजी में, मार्टिना खेलो इंडिया यूथ गेम्स में लगातार चौथी बार भाग लेने के लिए तैयार है। इस बार और अधिक रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा है। लखनऊ में भारतीय खेल प्राधिकरण में प्रशिक्षण लेने वाली मार्टिना ने कहा, मैं इस बार केआईवाईजी में बेहतर करना चाहती हूं और अधिक रिकॉर्ड बनाना चाहती हूं। केआईवाईजी पंचकुला में एक शानदार अभियान के बाद, मार्टिना ने पिछले साल हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ मोदी नगर में खेलो इंडिया यूथ एंड वूमेन नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट के दौरान रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने नागरकोइल, तमिलनाडु में वेटलिफ्टिंग नेशनल के दौरान नए रिकॉर्ड भी स्थापित किए।

**महिला टी-20 विश्व कप** | **भारत की दिग्गज बल्लेबाज मिताली राज ने कहा**

# भारत की संभावना शीर्ष क्रम पर करेगी निर्भर

**एजेंसी। केपटाउन**

भारत की दिग्गज बल्लेबाज मिताली राज का मानना है कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम के लिए महिला टी-20 विश्व कप जीतने की संभावना काफी हद तक शीर्ष क्रम के फॉर्म पर निर्भर करेगी। मिताली ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, भारत की संभावना काफी हद तक शीर्ष क्रम पर निर्भर करेगी। स्मृति मंधाना अच्छा खेल रही हैं और मैच विजेता हैं। हरमनप्रीत कौर भी अच्छी फॉर्म में दिख रही हैं, लेकिन हमें ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को हराना है, आपको बड़ी टीमों के खिलाफ जीतने के लिए अन्य बल्लेबाजों की जरूरत है। भारत 12 फरवरी को केपटाउन के न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड में कट्टर



प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी-20 विश्व कप में अपने ग्रुप बी अभियान की शुरूआत करेगा। पाकिस्तान के अलावा, वे प्रतियोगिता के ग्रुप चरण में 2009 के चैंपियन इंग्लैंड, 2016 के विजेता वेस्टइंडीज और आयरलैंड से भी भिड़ेंगे।

मिताली ने यह भी महसूस किया कि अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में विजेता भारतीय टीम की सदस्य युवा शेफाली वर्मा और ऋचा घोष को दक्षिण अफ्रीका की परिस्थितियों में टूर्नामेंट खेलने के बाद अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए और गेंदबाजों को इस अवसर पर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि शेफाली वर्मा और ऋचा घोष का भी विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन होगा क्योंकि उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में परिस्थितियों का इतना अनुभव प्राप्त किया है। गेंदबाजी का परीक्षण किया जाएगा और यहीं हमें सुधार देखने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा, मैं कुछ युवा खिलाड़ियों के आने से उत्साहित हूं और अंडर-19 टीम में निश्चित रूप से कुछ प्रतिभा हैं, जिसे मुझे पहले आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में खेलते हुए देखने का मौका मिला था। मिताली ने कहा कि मेग लैनिंग के नेतृत्व में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया महिला टी-20 विश्व कप खिताब की हैट्रिक पूरी करने के लिए प्रबल दावेदार है।

### भारत में महिला प्रीमियर लीग एक बड़ा कदम

पिछले साल खेल से संन्यास लेने वाली भारत की दिग्गज बल्लेबाज मिताली राज ने पहले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को देश में खेल के लिए एक बड़ा कदम करार दिया है। इस साल मार्च में होनेवाले पहले टूर्नामेंट में मिताली गुजरात जाइंट्स की मेंटर और सलाहकार होंगी। उन्होंने कहा, मुझे बिल्कुल भी आश्चर्य नहीं है कि हम इस मुकाम पर पहुंच गए हैं। भारत में महिला प्रीमियर लीग एक बहुत बड़ा कदम है। मुझे वर्षों से इस बारे में सवाल मिल रहे हैं कि यह कब शुरू होगा, इसलिए मुझे उम्मीद है कि हमें एक सफल उद्घाटन वर्ष मिलेगा और वह भविष्य में इसका विस्तार देखें। मिताली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा कि जबकि मैं नहीं खेलूंगी, मैं गुजरात जायंट्स के लिए एक संरक्षक और सलाहकार के रूप में सेवा करने के लिए काफी भाग्यशाली रहूंगी। इस बारे में कोई निराशा नहीं है कि मैं इसमें खेलने से चूक गई। एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा अलग थी और मैं खेल के विकास में अपनी भूमिका निभाने में सक्षम थीं।



NEWS इन ब्रीफ

### ओएनजीसी तेल एवं गैस अन्वेषण का काम तेज करेगी

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी ओएनजीसी के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने कहा है कि कंपनी खोज या अन्वेषण कार्यों में तेजी लाने के लिए चार-आयाम वाली रणनीति पर चल रही है। सिंह ने कहा कि ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने खोजे गए संसाधनों को उत्पादन स्तर तक तेजी से पहुंचाने, मौजूदा तेल-गैस क्षेत्रों से उत्पादन बढ़ाने और उत्पादन में गिरावट के रुझान पर काबू पाने के लिए विशेषज्ञों के साथ सहयोग बढ़ाने की रणनीति अपनाई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की अग्रणी तेल एवं गैस खोज फर्मों को गहरे समुद्र जैसे मुश्किल इलाकों में रणनीतिक भागीदार बनाने की भी मंशा है। इसके अलावा ओएनजीसी मुंबई हाई जैसे पुराने क्षेत्रों से उत्पादन बढ़ाने में मदद के लिए भी जानकारों को अपने साथ जोड़ने की योजना बनाई है।

### सोने और चांदी के दाम में दर्ज की गई बढ़त

**नई दिल्ली।** भारत में पुराने वक्त से ही सोने चांदी में निवेश को बहुत लाभकारी माना जाता है। आज भी लोन सोना खरीदना बहुत पसंद करते हैं।अगर आप भी सोने और चांदी में निवेश की प्लानिंग कर रहे हैं तो हम आपको भारतीय सराफा मार्केट के पूरे हफ्ते के हाल के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन यानी आईबीजीए की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक 30 जनवरी से 3 फरवरी, 2023 के बीच के बिजनेस वीक में सोने के भाव में 729 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी देखी गई है। कारोबारी सप्ताह की शुरूआत में 24 कैरेट सोने का प्राइस 57,078 रुपये पर था।

### न्यू टैक्स रिजीम के तहत अपना इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल कर सकते हैं

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का आम बजट पेश किया। इस बार के बजट में कई बड़े ऐलान किए गए हैं। बजट में सरलीकृत टैक्स व्यवस्था के तहत नए आयकर स्लैब और दरों का प्रस्ताव दिया गया। हालांकि, नई व्यवस्था के तहत नए टैक्स स्लैब और दरों की घोषणा ने वरिष्ठ नागरिकों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मन में कई सवाल खड़े किए हैं। वरिष्ठ नागरिक ओल्ड टैक्स रिजीम या न्यू टैक्स रिजीम के तहत अपना इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। जब वे असेसमेंट ईयर 2023-24 के लिए आईटीआर दाखिल करने जाएंगे तो दोनों ऑप्शन उपलब्ध होंगे। इस संबंध में कोई बदलाव नहीं है। हालांकि न्यू टैक्स रिजीम ई-फाइलिंग वेबसाइट पर डिफॉल्ट रिजीम के रूप में दिखाई देगी।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरे कच्चे तेल के दाम

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव में एक बार फिर गिरावट देखने को मिल रही है। ब्रेंट क्रूड ऑयल बीते सप्ताह से 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे है, जो जनवरी में 85 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था, लेकिन भारत में लंबे समय से पेट्रोल और डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश भर में 22 मई को केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में कमी की थी।

### रेपो दर में चौथाई प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है रिजर्व बैंक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर आने वाले दिनों में कुछ हद तक उदार रुख अपना सकता है। खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी के संकेत दिखने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा अपनी प्रमुख ब्याज दर में बढ़ोतरी की गति को धीमा करने से ऐसे संकेत मिल रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस सप्ताह अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में केंद्रीय बैंक रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की मामूली वृद्धि कर सकता है।

# टॉप 9 कंपनियों का पूंजीकरण बाजार 1.88 लाख करोड़ बढ़ा



एजेंसी। नई दिल्ली

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1.88 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में आईटीसी रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,510.98 अंक या 2.54 प्रतिशत के लाभ में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज को छोड़कर शीर्ष 10 कंपनियों में अन्य के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया। शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सामूहिक रूप से 1,88,366.69 करोड़ रुपए बढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 43,321.81 करोड़ रुपए बढ़कर 4,72,353.27 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 34,043.38 करोड़ रुपए बढ़कर 6,72,935.25 करोड़ रुपए रही। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 32,239.66 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 6,02,749 करोड़ रुपए पर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का 26,143.92 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 12,74,026.80 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 23,900.84 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 9,25,188.45 करोड़ रुपए तथा भारती एयरटेल का 10,432.23 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 4,42,015.45 करोड़ रुपए रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 7,988.61 करोड़ रुपए बढ़कर 6,21,678.35 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी की बाजार हैसियत 6,503.28 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 4,92,313.07 करोड़ रुपए रही। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 3,792.96 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 4,85,900.49 करोड़ रुपए रहा। हालांकि, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 5,885.97 करोड़ रुपए घटकर 15,75,715.14 करोड़ रुपए रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी, एसबीआई, आईटीसी और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

## भारत का मोबाइल निर्यात रिकॉर्ड ऊंचाई पर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत पिछले कुछ वर्षों से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में बड़ा हो रहा है और दिसंबर 2022 में, एप्पल एक महीने में 1 बिलियन अमरीकी डालर के स्मार्टफोन का निर्यात करने वाली देश की पहली कंपनी बन गई। दिसंबर 10,000 करोड़ रुपए से अधिक के मोबाइल फोन निर्यात के साथ उद्योग के लिए रिकॉर्ड महीना था। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि 2023 के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण भारत से शीर्ष 10 निर्यात श्रेणी में आने वाले खंड के साथ मोबाइल फोन निर्यात करना है। राजीव चंद्रशेखर ने एक साक्षात्कार में कहा कि सरकार देश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सभी उपाय करेगी। 2023 में, सरकार मोबाइल फोन निर्माण से परे विनिर्माण आधार को व्यापक बनाने पर विचार करेगी। चंद्रशेखर ने कहा, 2023 के लिए पीएम नरेंद्र मोदी जी का विजन 1 लाख करोड़ रुपए के मोबाइल फोन का निर्यात है, जिसमें शीर्ष 10 निर्यात श्रेणी में मोबाइल फोन शामिल हैं। भारत से मोबाइल फोन का निर्यात लगभग 45,000 करोड़ रुपए का था जिसमें एप्पल और सैमसंग का दबदबा था। मंत्री ने कहा कि सरकार मोबाइल फोन से परे इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को व्यापक बनाने के लिए काम कर रही है ताकि पहनने योग्य और पहनने योग्य खंड, आईटी हार्डवेयर, इलेक्ट्रॉनिक घटक आदि में वैश्विक हिस्सेदारी बढ़ाई जा सके। इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मेकर्स बॉडी एछउक्छअ के एक अध्ययन के अनुसार, 2020-21 में कंपोनेंट्स की मांग लगभग 70 बिलियन अमेरिकी डॉलर (5.8 लाख करोड़ रुपए) के उद्योग के लिए 32 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2.65 लाख करोड़ रुपए) थी और इसमें से बमुश्किल यूएसडी 10 बिलियन (82,000 करोड़ रुपए) स्थानीय स्तर पर निर्मित किया गया था और वह भी अधिकांश आयातित कच्चे माल के साथ।

## पेज एक के शेष

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन...

कि मैं चाहता हूं कि 1932 खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू हो।

**सवाल : तो सीएम गेम को पलटना चाहते हैं?**

जवाब : हां, और इसमें सफल भी हुए हैं जनता के बीच। लेकिन ये सफलता तात्कालिक है। मुख्यमंत्री लंबी रेस का घोड़ा नहीं हैं। इन्होंने लंबा फेंक दिया है। अब आप इसे समेटने की कोशिश कीजिए। आप समेटिएगा कि इससे जितना आपको लाभ मिलना था, मिल गया। शेर की सवारी लगातार नहीं की जा सकती, शेर की पीठ से जैसे ही उतरेंगे खा जाएगा। अपनी तरफ से मैंने इनको बताया था।

**सवाल : इन पर देवघर में दोतरफा हमला हुआ है। पहले बाबूलाल मरांडी ने हमला किया फिर अमित शाह ने बहुत गंभीर बात कह दी कि देश में अगर कहीं सबसे करप्ट शासन है तो वह है झारखंड में। मरांडी ने कहा कि ये तो जगह-जमीन सब लूट ले रहे हैं, बालू लूट ले रहे हैं....?**

**जवाब:** इससे कोई असहमत नहीं हो सकता है। अमित शाह जी ने जो कहा, बाबूलाल जी ने जो कहा और जो तथ्य सामने आए हैं, मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि ने जैसा आचरण किया और जेल गए आजतक वे विधायक प्रतिनिधि हैं। किसी भी विधायक प्रतिनिधि को ताकत तो विधायक से ही मिलती है। दूसरा एक और बात है। पहले भी कई बार कह चुका हूं और भारतीय जनता पार्टी के लोगों से भी कहता हूं कि ठीक है हेमंत सोरेन की सरकार सबसे करप्ट सरकार है, मगर हेमंत सोरेन पर आप करप्शन के जो आरोप लगा रहे हैं और जांच में ईडी जा रही है जहां वो तो रघुवर दास की सरकार थी। उस समय से मामले चल रहे हैं। खान के मामले उस समय शुरू हुए, रेलवे रैक से पत्थरों की अवैध लोडिंग उस समय से शुरू हुई है। मनरेगा घोटाले में रघुवर दास ने पूजा सिंघल को क्लीन चिट दे दिया था। प्रेम प्रकाश नाम का जीव वह रघुवर दास सरकार की उपज है। अब मुझे लगता है कि हेमंत सोरेन को किसी ने कहा होगा, अब नए लोगों का क्या प्रयोग करेंगे? जो पहले से आजमाए हुए लोग हैं उन्हीं लोगों को ले लेते हैं अपने गिरेबां में। पूजा सिंघल, प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल ...ये सारे के सारे का इतिहास पहले की सरकार में भी यही सब करते थे जो हेमंत सोरेन की सरकार में कर रहे हैं। अंतर सिर्फ इतना ही है कि पहले इनकी गतिविधियों को राजबाला वर्मा पूरी तरह से नियंत्रित करती थी रिंग मास्टर के तौर पर, चीफ सेक्रेटर रहते। जब हेमंत सोरेन के साथ ये लोग आए तो इन पर कोई लगाम नहीं रही, बेलगाम हो गए। ये बेलगाम होना ही कारण बना जो अमित शाह जी या बाबूलाल जी ने जो बातें कहीं। इनको यह ध्यान रखना चाहिए कि भ्रष्टाचार के मामले में अपना पराया करेंगे, भगवा और हरा रंग देखेंगे तो बातें जनता के बीच आएगी ही। नियोजन नीति प्रतिक्रिया का परिणाम है। जो शुद्ध मन से की हुई नहीं है। इनको लगा कि हम इसी हथियार से भारतीय जनता पार्टी का सामना कर सकते हैं और अपनी सरकार को सुरक्षित रख सकते हैं।

भाजपा के लोगों ने भी गलत किया। सरकार गिराने का प्रयास नहीं करना चाहिए था। मैंने पहले भी कहा था इन लोगों से कि सरकार बहुमत में है और कांग्रेस की जो बनावट है विधायकों के नाते उसमें से कभी भी 10 से ज्यादा आपके साथ आ ही नहीं सकते। इसलिए सरकार चलने दीजिए। सरकार गलत काम कर रही है तो जनता की प्रतिक्रिया होगी।

**सवाल : चार साल निकल गए। अगले साल चुनाव है। तमाम करप्शन के चार्जेज को एक तरफ रख दें और ईमानदारी से विवेचना करें कि पिछले चार साल में झारखंड कहां से कहां बढ़ा, तो एक ईमानदार टिप्पणी क्या होगी?**

**जवाब :** झारखंड एक अच्छा प्रदेश है, सरकार कुछ भी काम नहीं करेगी तब भी यहां प्रगति होगी। यहां संसाधान हैं, केंद्र सरकार के ग्रांट मिलते हैं। तो यहां के किसी सरकार में संसाधनों की कमी नहीं है। हां, यह है कि संसाधन को ईमानदार प्रयास से बढ़ाया जा सकता है। आज जितना संसाधन सरकार को मिलता है, राजस्व के रूप में डबल किया जा सकता है। संसाधन ही इनका विचलन हो जा रहा है। ये संसाधन इकट्ठा करनेवालों के जेब में चले जाते हैं या सरकार ने इसे एक आय का स्त्रोत मान लिया है। बजट में पांच रुपये खर्च होना है तो इसे हम आठ रुपये बनायें। तीन रुपये हमारी जेब में जाए। मैंने इस बारे में हेमंत सोरेन जी से कई बार कहा था कि इस तरह की व्यवस्था चलती नहीं है। आपकी सरकार में जो व्यवस्था चल रही है, उससे तो आपका ही नियंत्रण खत्म हो जाएगा शासन से। आपको पता ही नहीं चलेगा कि आपकी तरफ से जो लोग दलाली कर रहे हैं या पैसे उगाह रहे हैं उसमें अपने पास कितना रख रहे हैं और आपके यहां कितना पहुंचा रहे हैं। स्पष्ट तौर पर मैंने उन्हें कहा था कि मुख्यमंत्री के पद पर बैठा हुआ व्यक्ति बेईमानी नहीं करेगा तो ईमानदार तरीके से भी पर्याप्त पैसे आ जाएंगे कि वह चुनाव लड़ सके और पार्टी चला सके। अगर यह नहीं होता तो राज्य में विकास की गति और तेज होती। और ये होने के कारण न विकास शिथिल हुआ है, बल्कि गुणवत्ता घट गई है। जो भी निर्माण के कार्य हैं उनकी गुणवत्ता घट गई है। भ्रष्टाचार लोगों के नस-नस में समा गया है। जब सचिव स्तर के पदाधिकारी नियंत्रित करेंगे कि इतने में इतना पैसा आना चाहिए, इसको ठेका देना है-इसको नहीं देना है, दबाव डालेंगे तो यही सब चीजें होती हैं। सभी के सभी लोग इसमें ही लग जाएंगे तो विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ही। मगर यह भी काम हेमंत सोरेन की सरकार में शुरू नहीं हुआ। ये भी रघुवर दास जी के समय में ही हो गया था और उस समय ही यह कार्य नियंत्रित हो गया था। चाहे भवन निर्माण हो, पथ निर्माण हो, स्वास्थ्य विभाग हो सभी में यह चल रहा है।

**सवाल : हेमंत सरकार ने हाल के दिनों में ताबड़तोड़ डिसीजन लिए हैं। ओल्ड पेंशन लागू करने सहित अन्य चीजों पर बातचीत चल रही है। यह प्रेशर में हैं या इनका कोई एजेंडा है...?**

**जवाब :** देखिए कोई एजेंडा नहीं है। हमारी खाट जितनी लंबी होगी, हम उतना ही पैर पसारेंगे। इन सभी को जोड़ दीजिए तो सरकार के पास संसाधन कहां हैं कि ये काम को कर सकें। और यह भी प्रतिक्रिया का ही परिणाम है कि हम जनता के हित का निर्णय ले रहे हैं और उन्होंने निर्णय लिया है। इससे वह वर्ग प्रसन्न है और हेमंत सोरेन की व्यक्तिगत ताकत बढ़ी है। वह एक मजबूत नेता के रूप में स्थापित हुए हैं। विपक्ष महसूस नहीं करेगा और हवा में सिर्फ लाठी भांजते रहेगा, विश्लेषण नहीं कर सकेगा तो नुकसान होगा ही। सबसे ज्यादा नुकसान इसमें कांग्रेस को हुआ है। कांग्रेस का जो वोट बैंक है अल्पसंख्यक सहित अन्य 100 प्रतिशत हेमंत सोरेन की ओर चले गए हैं। बाकी वोट भारतीय जनता पार्टी की ओर खिसक जाएंगे।

**सवाल : जांच एजेंसियों ने जिस तरीके से मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए हेमंत सोरेन को ग्रिल करने की कोशिश की है, उसे आप किस तरह लेते हैं?**

**जवाब:** लालू प्रसाद को भी सीबीआई ने बुलाया था। सीबीआई को मैंने सलाह दिया था कि मुख्यमंत्री को अपने ऑफिस में मत बुलाइए। लालू जी मुख्यमंत्री थे और उनसे पूछताछ की जब बात आई तो उस समय मिस्टर यूएन विश्वास सीबीआई के डायरेक्टर थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से समय मांगा कि आपसे पूछताछ करनी है। मैं या सीबीआई आपके यहां आकर पूछताछ करना चाहता हूं। वैसे ही, संवैधानिक पद की मर्यादा के अनुरूप समन भेज कर ईडी को मुख्यमंत्री से समय मांगना चाहिए था। संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को अपराधी की तरह पूछताछ के लिए बुलाएं यह भी ठीक नहीं है। स्वस्थ वातावरण प्रशासन का, राजनीति की हो। जांच होनी चाहिए। सबसे अधिक नुकसान उसी का हुआ है इस मामले में। कार्य संस्कृति में भी भारी गिरावट आई है चाहे वो जांच एजेंसियां हों या सरकार में बैठे लोग हों। यह मुख्य कारण हमें लगता है इस राज्य में अस्थितरता का वातावरण बन गया है।

**सवाल : 2000 से लेकर 2023 हो गया, मात्र एक सरकार अभी तक अपना कार्यकाल पूरा कर पाई है। इसके पीछे का मुख्य कारण क्या हो सकता है?**

**जवाब:** बाबूलाल की सरकार से ही शुरू करते हैं। वो साझा सरकार थी और उस समय समता पार्टी के कुछ लोगों ने अनुचित दबाव डालना शुरू किया, तो उन्होंने स्टैंड लिया कि मैं यह काम नहीं करूंगा। इसके बाद अलग-थलग करने का फैसला हुआ और बाबूलाल बदले गए। फिर अर्जुन मुंडा आए। अर्जुन मुंडा की सरकार अल्पमत की सरकार थी। उस समय थोड़ा झंझट सुदेश महतो का हुआ। हाटगम्हरिया से बराईबुरू तक रोड को लेकर अलग हो गए और कांग्रेस ने इनको तोड़ लिया। इसी तरह अस्थिरता आती रही। कुशल प्रबंधन होना चाहिए। साधारण सरकार चलाने के लिए उसका कोई प्रबंध नहीं हुआ। मैज्योरिटी होने के बाद भी संतुलन कायम नहीं रख सके। शिबू सोरेन आए, चुनाव हार गए, फिर सरकार बदली। बीच-बीच में राष्ट्रपति शासन लगता रहा। लोगों की महत्वकांक्षाएं बढ़ती रही और अकुशल प्रबंधन के कारण यह होता रहा। वाजपेयी जी 23 दलों की सरकार चलाते रहे। उनकी सरकार एक वोट से गिर गई। उन्होंने इसे एक्सेप्ट भी किया। रघुवर दास मुख्यमंत्री हुए तो किसी दल से मतलब नहीं था। पूर्ण बहुमत और डबल इंजन की सरकार थी। उसके कारण अहंकार पैदा हो गया और अहंकार के कारण वह सरकार दोबारा नहीं आई।

**सवाल: आप उस सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। वो कौन सा लम्हा था कि आपने यह तय किया कि आप मुख्यमंत्री के ही अगेंस्ट चुनाव लड़ेंगे?**

**जवाब:** जो मतभेद थे, वो अपनी जगह थे और मतभेद को लेकर मैंने भाजपा के बड़े नेताओं को बताया था कि निर्णय सही नहीं हो रहा। मुझे लगता है कि कैबिनेट में मैंने कई मुद्दे जो सरकार के विरोध में उठाए उससे सरकार को कम से कम 400 से 500 करोड़ रुपये की बचत हुई। इससे मतभेद बढ़ते गया। रघुवर दास पहले भी हमें मंत्री नहीं रखना चाहते थे। केंद्र के लोगों के दवाब डालने पर मुझे मंत्री बनाया गया। अब इन्होंने सब जगह यह कहना शुरू किया कि इनको इस बार टिकट नहीं लेने दूंगा। बात मुझ तक पहुंची। फिर मैंने राष्ट्रीय नेताओं से बात की। फिर 04 अगस्त 2017 को समय लेकर प्रधानमंत्री जी से मिलने गया। उनको भी मैंने कहा कि जिस सरकार में मैं मंत्री हूं उसमें तल्खी इतनी बढ़ गई है के मुझे रोज शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। इसलिए मैं चाहता हूं कि मंत्री पद मैं छोड़ दूं। आपके यहां दरख्वास्त लेकर इसलिए आया हूं कि जिसे रघुवर दास मंत्री नहीं बनाना चाहते थे, आपलोगों ने बनवाया। फिर अचानक मैं मंत्री पद छोड़ूंगा तो आप कहेंगे कि हमलोगों ने मंत्री बनवाया और आप मंत्री पद छोड़ दिए। इसलिए यहां मैं इस बात को कहने आया हूं। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि कैबिनेट छोड़ने के बारे में सपने में भी नहीं सोचना चाहिए। मैं अमित भाई से बात करता हूं। उन्होंने अमित शाह से बात की फिर 15 दिन बाद मेरी अमित शाह से टेलीफोन पर बात हुई। अमित शाह ने मेरी बातों को ध्यान से सुना और कहा कि 15, 16 और 17 सितम्बर 2017 को मैं रांची आऊंगा और तीन दिन रहूंगा। मैं सारे मामले सुलझाऊंगा। आने के बाद उन्होंने मामले को सुलझाया भी, काफी हद तक मामला ठीक भी रहा लेकिन फिर दिसम्बर के बाद से वैसा ही होने लगा। मैं संसदीय कार्य मंत्री था और मेरा दायित्व था कि विधानसभा चले और पक्ष-विपक्ष में समन्वय रहे, विकास के काम हों। विपक्ष तैयार भी हो जाता था तो सरकार या मुख्यमंत्री के तरफ से ही ऐसा कोई भाषण हो जाता था कि विपक्ष बिदक जाता था। विधानसभा चलाने में दिक्कत होती थी। राज्यपाल ने कुछ चीजें संवैधानिक मुद्दे उठाए। मुझे बुलाया गया। मैंने लिख कर और मौखिक तौर पर भी कहा कि राज्यपाल का कहना है कि जहां आदिवासियों की बहुलता है, वहां आदवासी मामलों का मंत्री होता है। यहां नहीं है। मैंने मुख्यमंत्री से बात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लुईस मरांडी हैं। राज्यपाल ने लुईस मरांडी को भी बुलाया और मुझे भी बुलाया और बात की। राज्यपाल ने लुईस मरांडी से कहा कि आप आदिवासी मामलों के मंत्री नहीं हैं, यह विभाग आपके साथ है। आदिवासी कल्याण की मंत्री हैं, मगर आदिवासी मामलों का अलग मंत्री हो और वह 10 विभाग रखे कोई बात नहीं। इस बात पर मैंने दबाव डाला, ये सब चीजें पसंद नहीं आने लगी। फिर इन्होंने कहना शुरू किया कि टिकट नहीं लेने देंगे। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मैं अमित शाह से मिलने गया, लेकिन भेंट नहीं हो पाई। फिर मैंने चिट्ठी लिख कर कहा कि 28 फरवरी तक इस मामले का समाधान नहीं होता है तो मैं 01 मार्च को राज्यपाल के यहां जाकर त्यागपत्र दे दूंगा। उसके बाद 25-26 फरवरी के आसपास संगठन महामंत्री रामलाल जी आए मैंने उनसे बात की, रघुवर दास जी ने भी बात की। मामला नहीं सुलझ पा रहा है तो उन्होंने आग्रह किया कि लोकसभा चुनाव आ रहा है। चुनाव से पहले ऐसा कुछ भी नहीं करना चाहिए कि सरकार के खिलाफ वातावरण बने। मैं तैयार हो गया। मैं राज्यपाल से समय ले चुका था। राज्यपाल के यहां गया भी, मैंने उनको सारी चीजें बतायी। लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद विधानसभा का चुनाव शुरू हुआ तो फिर वही राग अलापना उन्होंने शुरू किया कि टिकट नहीं लेने देंगे। फिर मैंने प्रभारी ओम माथुर से बात की और कहा कि बचपन के दिनों से संघ में रहा हूं और काम किया। अगर आपको लगता है कि मुझे टिकट नहीं देना है तो आप पहले बता दीजिए कि आपको हमलोग टिकट नहीं देंगे। मैं खुद ही रांची जाकर ऐलान कर दूंगा कि मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है। इस पर उन्होंने कहा कि नहीं ऐसा कैसे होगा कि आप चुनाव नहीं लड़ेंगे। फिर सह प्रभारी नंदकिशोर से सारी बातें बतायी। आप कार्यकर्ता के नाते कार्यालय के कमरे में मुझसे झाड़ू लगवा लीजिए, पैर दबवा लीजिए मैं कर दूंगा, मगर अपमानित करने का प्रयास आप कीजिएगा तो यह मुझसे बर्दाश्त नहीं होता है। संसदीय बोर्ड की बैठक में भी मैंने बात की और कहा कि टिकट आप मुझे नहीं देंगे और अपमानित करेंगे तो मैं इसी आदमी के खिलाफ चुनाव लड़ूंगा। राजनाथ सिंह ने संसदीय बोर्ड की बैठक में इस बात को रखा भी। प्रधानमंत्री का कमेंट था कि ऐसे लोगों के नाम पर क्या विचार करना है, सब करिए और आगे बढ़िए। उस समय एक गलतफहमी थी अमित शाह को कि मना करने के बाद इन्होंने नीतीश कुमार से किताब का विमोचन कराया। मगर उनको यह ध्यान नहीं रहा कि मैंने दिसम्बर में किताब का विमोचन कराया था नीतीश कुमार से। अगस्त में लालू को छोड़कर नीतीश ने फिर बीजेपी के साथ मिलकर सरकार बना ली। फिर भी लोगों ने तय किया कि लड़ेंगे तो लड़ेंगे। रघुवर दास ने कहा कि 5-7 हजार वोट मिलेगा। मेरा टिकट तो नहीं काटा गया। पेंडिंग रह गया था। दूसरी मीटिंग हुई तो मैंने डायरेक्ट फोन किया और पूछा कि बता दो। जवाब आया, नहीं भाईसाहब। हम देखते हैं। दूसरी-तीसरी मीटिंग में भी पेंडिंग रह गया। फोर्थ लिस्ट निकलनी थी और एक ही सीट बाकी थी और एक दिन बाद नॉमिनेशन का लास्ट डेट था। फोर्थ लिस्ट निकल गया और मेरा पेंडिंग था। तब मैंने ऐलान किया कि भाजपा से टिकट नहीं लूंगा और निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा और अपने क्षेत्र में नहीं इसी आदमी के यहां जाकर चुनाव लड़ूंगा। इतना अपमानित होने के बाद मैंने निर्णय लिया। मैंने कहा भी था अपमान मैं बर्दाश्त नहीं करता हूं। पहले ही दिन बोल दिए थे कि नहीं टिकट दूंगा, मामला खत्म हो गया था।

**सवाल : चर्चा चल रही है कि बीजेपी में आप वापसी करेंगे?**

**जवाब :** लोगों में चर्चा चलती रहती है। इसमें अभी तक कहीं कोई पहल नहीं है। न मेरी तरफ से कोई पहल है और न भाजपा की तरफ से। इस पर कोई बातचीत किसी से नहीं हुई है। इसलिए ऐसा नहीं है कि मैं शामिल होने जा रहा हूं।

**सवाल: बीजेपी का नुकसान हो रहा है आपके नहीं रहने से।**

**जवाब:** बीजेपी को जो नुकसान हुआ 2019 के चुनाव में भी, महसूस तो करना चाहिए कि किस व्यक्ति के कारण नुकसान हो रहा है? मेरे चुनाव लड़ने से नुकसान हो गया कि उस परिस्थिति से नुकसान हुआ जिसमें चुनाव नहीं लड़ने देना था और सुदेश महतो से समझौता नहीं करना था? जो उस समय कहते थे हम 65+ सीट लाएंगे, तो बीजेपी ने कभी यह इशारा किया है कि आपलोगों के कारण यह नुकसान हो गया? उसे आत्मविश्लेषण तो करना चाहिए। आमतौर पर धारणा है कि मैं विद्रोही हो गया, चुनाव लड़ गया इसलिए बीजेपी को नुकसान हो गया। विद्रोही मैं नहीं हुआ मुझे विवश किया गया। ठेलते-ठेलते मुझे दीवार के पास ले जाएंगे उसके आगे तो ठेल नहीं सकते हैं, फिर मैं भी तो हाथ-पांव चलाउंगा। मैंने प्रमाण के साथ दिया कि रघुवर दास की सरकार में भ्रष्टाचार हुआ। रघुवर दास भी उसमें शामिल थे। पुस्तकें मैंने दो-तीन लिखी, उस पर कहीं कोई भाजपा में विचार नहीं हो रहा है। विचार होगा तो मेरा फिर से बीजेपी में जाकर और उसी तरीके से चुनाव लड़ जाऊंगा और जीतने की गारंटी हो जाएगी। कोई एमएलए-एमपी का चुनाव लड़ लीजिए, यह महत्वपूर्ण नहीं है। भाजपा को जिन्होंने नुकसान पहुंचाया, पता नहीं उनके बारे में भाजपा सोचती है या नहीं सोचती है। जिस समय दिसम्बर 2014 में रघुवर दास मुख्यमंत्री बने आप पूरे 2015 का अखबार देख लीजिए। कोई हफ्ता ऐसा नहीं होता था कि रघुवर दास शिबू सोरेन के घर नहीं जाते थे। यही कहते थे असली बेटा मैं ही हूं। हेमंत असली बेटा नहीं हैं। 15 अगस्त 2015 या 2016 में उन्होंने हरी पगड़ी पहन कर झंडा फहराया। ये तो मानते थे कि शिबू सोरेन को साथ लेकर चलेंगे, ये सब उन्होंने किया पता नहीं इन सब चीजों के लिए कहां से सैंक्शन था उनको। मैं तो कैबिनेट में उन्हीं बातों को उठाता था जिसमें भ्रष्टाचार दिखता था, फिजुलखर्ची दिखती थी। रामगढ़ और पतरातू की सड़क बननी थी। प्रस्ताव आया था कि इस्टिमेट को 150 करोड़ या 125 करोड़ से बढ़ा दिया जाए। मैंने विरोध किया। कैबिनेट ने तय किया कि विकास आयुक्त जांच करेंगे। उस समय अमित खरे विकास आयुक्त थे। जब यह आदेश मिला तो अमित शाह ने कहा कि एक कंपनी बनी है कंस्ट्रशन की उसके अध्यक्ष चीफ सेक्रेटरी हैं। चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता वाली कंपनी को विकास आयुक्त कैसे जांच करेंगे। मामला यह हुआ कि उसका पेमेंट आजतक नहीं हुआ। ऐसे कई मामले हमने उठाए जो पसंद नहीं आए। आज जो शराब में घोटाला हो रहा है, उसकी शुरुआत तो उसी समय हुई थी। जब राजबाला वर्मा रिटायर होने लगीं तो प्रशस्ति पत्र पास किया कैबिनेट ने। राजबाला वर्मा को ईमानदार, कर्मठ, सक्षम बताया गया। मैंने और सीपी सिंह ने भी विरोध किया। इसके बावजूद वह कैबिनेट से पास हो गया। ऐसे अनेक मामलों पर मैं विरोध करता था।

**सवाल: 2024 में चुनाव लड़ेंगे आप?**

**जवाब:** चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय हमने नहीं किया है। मैं जमशेदपुर में हूं। जितने कार्यक्रम सार्वजनिक करता हूं, उनकी फोटो देख लिजिएगा। सभी में दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीरें लगा कर रखी हैं। मैं भाजपा से अलग हो गया लेकिन विचारधारा अभी भी संघ वाला ही है और मैं उसपर कायम हूं। अपनी धारा है अलग रह कर जो भी पुरूषार्थ होगा उसके हिसाब से तय करेंगे। जमशेदपुर की जनता भी तय करेगी और मैं हमेशा से यही कहता हूं कि चुनाव मैंने नहीं जीता है। चुनाव जमशेदपुर की जनता ने जीता है। मुझे जिताया नहीं बल्कि रघुवर दास को हराया है। आज भी वही जनता है और उसी जनता को तय करना है। इसलिए मैं नीचे कमेटी भी नहीं बनाता हूं, क्योंकि जनता ने ही पिछली बार 15 दिनों में कमेटियां बना दी थी। इस बार भी वही लोग करेंगे जिसको जिताना होगा जिता देंगे। जनता सोचेगी जिस परिस्थिति में मैंने रघुवर दास को हराया मुझे जिताया आज भी वही परिस्थिति कायम है या नहीं। मेरे मन में कोई दुविधा नहीं है। मैं सीधी रेखा की राजनीति करता हूं और जो सीधी रेखा की राजनीति नहीं करते उन्हें लगता है कि मैं ही तिरछी रेखा की राजनीति करता हूं। कोई भी ऐसा चीज नहीं है जिसे मैं दबा कर, छुपा कर अपनी बात कहूं, मैं तो सार्वजनिक तौर पर बात करता हूं। चुनाव लड़ेंगे तो जमशेदपुर पूर्वी से ही चुनाव लड़ेंगे।

**सवाल: कहते हैं, हेमंत सोरेन के प्रति आपके मन में सॉफ्ट कॉर्नर है?**

**जवाब:** बिल्कुल है। मैं सार्वजनिक तौर पर भी कह चुका हूं कि वह इज्जत देने की कला जानते हैं। उनमें राजनीति के गुण हैं। वह बहुत आगे जा सकते हैं। बस, जो करप्शन के छींटे पड़ते हैं, उनसे उन्हें खुद और अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों को बचना-बचाना पड़ेगा।

**- (ट्रांसक्रिप्शन : रौशन कुमार)**

### झारखंड से गायब...

हुआ कि कैसे उसे सहकारिता विभाग में लाया जाए, ताकि उपयोग तो केंद्र सरकार करे, लेकिन हित किसी व्यक्ति विशेष का हो।

भट्टाचार्य ने पूछा कि अमित शाह, हेमंत सोरेन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे थे। झामुमो भाजपा और अमित शाह से पूछा रहा है कि अडाणी के खिलाफ क्या किया जा रहा है। अडाणी के कारण एसबीआई और एलआईसी की स्थिति पर असर पड़ रहा है तो भाजपा नेता आखिर चुप क्यों हैं? पिछले एक साल से हम ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का नाम सुन रहे हैं, तो आज यह जांच एजेंसियां क्यों खामोश हो गई हैं।

भाजपा नेता के देवघर दौरे को लेकर बाबाधाम में भक्तों को हुई परेशानी को भी झामुमो ने उठाया। उन्होंने कहा कि तीन-चार घंटे पहले से ही मंदिर को बंद कर दिया गया। इससे भक्तों को काफी परेशानी हुई। तो क्या हम यह मान लें कि अब बाबा भी प्राइवेट लिमिटेड बन जाएंगे ? क्या देवों के देव महादेव को भी बंदी बना दिया जाएगा?

### भगवान एक, वर्ण...

जितने भी बुद्धजीवी हुए, उन सभी का कहने का तरीका कुछ भी हो, लेकिन मकसद हमेशा एक रहा- धर्म से जुड़े रहो। हिन्दू और मुसलमान सभी एक ही हैं। धर्म को विद्वेष नजर से ना देखो, गुनी बनो। काशी का मंदिर टूटने के बाद शिवाजी महाराज ने औरंगजेब को पत्र लिखा और कहा- हिन्दू हो या मुस्लिम, हम सभी एक ही ईश्वर के बच्चे हैं। अगर यह आपको अमान्य होगा तो उत्तर में आपसे युद्ध करने के लिए आना पड़ेगा। समाज में आज जो बेरोजगारी बढ़ रही है, उसमें भी काम को लेकर बड़ा-छोटा समझना भी एक बड़ी वजह है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### इंजीनियरिंग छात्र ने की आत्महत्या, सदमे से वार्डन की भी मौत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में इंजीनियरिंग के एक छात्र ने छात्रावास में आत्महत्या कर ली। उसके बाद सदमे के कारण वार्डन की भी मौके पर ही मौत हो गई। गुडुरु के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में वाईएसआर कडप्पा जिले के रहनेवाले छात्र धहरनेश्वर रेड्डी (20) ने शनिवार को छात्रावास में फांसी लगा ली। वह सीएसई द्वितीय वर्ष का छात्र था। घटना के बारे में जानने के बाद, छात्रावास के वार्डन बी श्रीनिवासौलू नायडू, कॉलेज के प्रिंसिपल और अन्य स्टाफ सदस्य उस जगह पर पहुंचे, जहां छात्र ने आत्महत्या की थी। छात्र को फांसी पर लटका देख श्रीनिवासुलु नायडू (54) सदमे में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### यूरोपीय संघ, जी7 ने रूसी पेट्रोलियम उत्पादों पर मूल्य सीमा तय की

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) के साथ मिलकर शनिवार को समुद्री रूसी पेट्रोलियम उत्पादों के लिए कीमतों की सीमा निर्धारित कर दी है। यह जानकारी यूरोपीय आयोग (ईसी) की एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने ईसी के हवाले से कहा कि तेल की कीमत 45 डॉलर प्रति बैरल है। डीजल, मिट्टी के तेल और गैसोलीन जैसे 'प्रीमियम-से-कच्चे' पेट्रोलियम उत्पादों के लिए मूल्य सीमा 100 डॉलर प्रति बैरल निर्धारित की गई है, जबकि कच्चे पेट्रोलियम उत्पादों, जैसे ईंधन तेल और नाफ्था के लिए सीमा निर्धारित की गई है।

### ऋषि सुनक के लिए चुनौतियां बढ़ी

**लंदन।** ब्रिटिश इतिहास में सबसे कम अवधि तक प्रधानमंत्री के रूप में काम करनेवाली लिज ट्रस ने रविवार को अपने उत्तराधिकारी ऋषि सुनक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। द संडे टेलीग्राफ अखबार में 4,000 शब्दों के एक लेख में उन्होंने सुनक द्वारा निगम कर को 19 से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने को आर्थिक रूप से हानिकारक बताया। उन्होंने लिखा - वर्तमान प्रधानमंत्री की अर्थव्यवस्था को संभालने की एक अचूक आलोचना में कि वह खुद प्रधानमंत्री के रूप में चीजों को बदलना चाहती थीं। ट्रस ने कहा कि 45 बिलियन पाउंड के अनफंडेड मिनी-बजट के बाद ब्रिटेन में आर्थिक संकट आया।

# अडाणी मुद्दे पर एकजुट विपक्ष जेपीसी की मांग पर अड़ा

### क्या अगले सप्ताह चल पाएगी संसद?

### 31 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण से बजट सत्र की हुई शुरुआत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के अंदर और बाहर, आमतौर पर बिखरा नजर आनेवाला विपक्ष अडाणी के मुद्दे पर एकजुट होता नजर आ रहा है। विपक्षी दलों की एकजुटता की वजह से संसद के बजट सत्र के पहले चरण में अभी तक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा तक नहीं शुरू हो पाई है। विपक्ष हिंडनबर्ग और अडाणी समूह की जांच के लिए जेपीसी की मांग पर अड़ा हुआ है और दोनों सदनों में हंगामे की वजह से बजट सत्र के पहले सप्ताह में कोई कामकाज नहीं हो पाया है। इस बार बजट सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण से हुई। उसी दिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। अगले दिन एक फरवरी को वित्त मंत्री ने सदन में बजट पेश किया।

### जेपीसी की मांग से पीछे हटने को तैयार नहीं विपक्ष

**फिलहाल** विपक्षी दल, जेपीसी की मांग से पीछे हटने को तैयार नजर नहीं आ रहे हैं, वहीं सरकार की तरफ से भी यह साफ किया जा चुका है कि सरकार का इससे कोई लेना देना नहीं है। विपक्ष बिना किसी मतलब के इसपर हंगामा कर रहा है क्योंकि वह सदन में चर्चा करना ही नहीं चाहता है। सरकार की तरफ से यह भी तर्क दिया जा रहा है कि एसबीआई और एलआईसी पूरी तरह सुरक्षित है।



### विपक्षी हंगामे की वजह से धन्यवाद प्रस्ताव पर शुरू नहीं हो पाई चर्चा

**संसदीय** परंपरा के अनुसार बजट पेश करने के अगले दिन यानी दो फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो जानी चाहिए थी लेकिन दो और तीन फरवरी, दोनों दिन विपक्षी हंगामे की वजह से ऐसा हो नहीं पाया। ऐसे में बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि क्या अगले सप्ताह भी सदन में कोई कामकाज हो पायेगा? क्या सोमवार को सुबह 11 बजे भी दोनों सदनों में हंगामा ही देखने को मिलेगा? क्या जेपीसी की मांग को लेकर सरकार और विपक्ष में जारी गतिरोध जारी रहेगा या समाधान का कोई रास्ता निकल पाएगा?

### विपक्षी दलों को एकजुट करने का जिम्मा संभाल रहे हैं खड़गे

कांग्रेस की तरफ से इस बार जहां विपक्षी दलों को एकजुट करने और बनाए रखने का जिम्मा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संभाल रहे हैं वहीं भाजपा की तरफ से यह कहा जा रहा है कि देश में पहली बार राष्ट्रपति बनी एक आदिवासी महिला ने अपना पहला अभिभाषण दिया है और विपक्ष इस पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा से भाग रहा है। ऐसे में सरकार अपने स्टैंड से बिल्कुल भी पीछे हटने को तैयार नहीं है लेकिन उसका यह भी मानना है कि सोमवार तक समाधान का कोई रास्ता निकल सकता है ताकि सदन में चर्चा शुरू हो सके।

# कश्मीर पर टूलकिट हुआ बेनकाब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान कंगाल होने की कगार पर है, महंगाई आसमान पर है और वहां के लोगों को खाने के लाले पड़े हुए हैं। ऐसे हालात में भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने कश्मीर पर पाकिस्तान की बड़ी साजिश का खुलासा किया है। इस साजिश के तहत वो दुनिया भर में मौजूद अपने पाकिस्तानी मिशनों के साथ मिलकर कश्मीर पर झूठा नैरेटिव फैलाना चाहता है। इसके लिए बाकायदा एक टूलकिट भी तैयार किया गया है। पाकिस्तान का एक और काला सच कश्मीर को लेकर सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक उसने सोशल मीडिया पर कश्मीर मुद्दे को लेकर फेक नेरेटिव फैलाने और दुनिया भर में अपने मिशनों के जरिए प्रदर्शन कराने का प्लान बनाया है। दरअसल पाकिस्तान ने पांच फरवरी के दिन कश्मीर सोलिडेरिटी डे के नाम पर भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने के लिए बड़ी प्लानिंग की है।

आईएएनएस के हाथ लगे एक सीक्रेट नोट से पता चला है कि सोशल मीडिया पर कश्मीर मुद्दे पर फर्जी कहानी और प्रचार फैलाने के लिए पाकिस्तान की तरफ से एक विस्तृत टूलकिट तैयार किया गया है। इस्लामाबाद में स्थित पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की तरफ से दुनिया भर में मौजूद सभी पाकिस्तानी मिशनों को भेजे इस सीक्रेट नोट में भारत के खिलाफ कश्मीर पर साजिश को कैसे अंजाम देना है, उसके लिए टूलकिट शेयर किए गए हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने 26 जनवरी से 3 फरवरी के बीच अपने पाकिस्तानी मिशनों को फैक्स और ईमेल के जरिए ये बताया है कि किस तरीके से कश्मीर में तैनात भारतीय सुरक्षाबलों के खिलाफ झूठे मानवाधिकार हनन के मामलों को सामने रखना है जिससे भारत के खिलाफ दुनिया को गुमराह किया जा सके।



### झूठे नैरेटिव को बेहतर कवरेज के लिए प्लानिंग बनाने के लिए कहा गया

**सूत्रों** के मुताबिक दुनिया भर के देशों की मीडिया में इस झूठे नैरेटिव को बेहतर कवरेज मिले इसके लिए भी प्लानिंग बनाने के लिए कहा गया है। पाकिस्तान सरकार ने कश्मीर पर जिस टूलकिट को तैयार किया है, उसमें कश्मीर को लेकर कई गलत फैक्ट और फेक वीडियो का सहारा लिया गया है। इन फर्जी वीडियो में ये बताया गया है कि कश्मीर के लोगों के पास आजादी नहीं है, उन्हें घरों में बंद कर दिया गया है और भारतीय सुरक्षाबल आम कश्मीरियों पर अत्याचार करते हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान इस वक्त बहुत बड़े आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। पड़ोसी देश में हालात इतने बदतर हैं कि वहां खाने के लिए लोगों के घरों में आटा भी नहीं है।

# साम्प्रदायिकता फैलाने की कोशिश कर रही हैं कुछ पार्टियां : एनसीपीसीआर

### असम में बाल विवाह के खिलाफ कड़ा रुख अपना रही हिमंता बिस्वा सरमा सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

असम में बाल विवाह के खिलाफ हिमंता बिस्वा सरमा सरकार कड़ा रुख अपना रही है। बाल विवाह को लेकर यहां बवाल मचा हुआ है। वहीं इससे जुड़े मामलों में पुलिस का एक्शन भी जारी है। इसको लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने असम सरकार के कदम को सही ठहराया है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक पार्टियां बयानबाजी कर बाल विवाह के नाम पर साम्प्रदायिकता फैलाने की कोशिश कर रही हैं।

आईएएनएस से बातचीत करते हुए एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा कि असम सरकार की ये पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हम अन्य राज्यों से भी इसी तरह के कदम उठाने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा कि जो एक



स्थानीय पार्टी राज्य द्वारा कानून नहीं बनाने के बारे में बात कर रही है, वो मूर्खतापूर्ण बात है और ऐसे लोगों को राजनीति में रहने की जरूरत नहीं है। बाल विवाह रोकथाम अधिनियम और पोक्सो जैसे केंद्रीय कानून सभी जगह लागू होते हैं और उसी अनुरूप कार्यवाही की जा रही है।

प्रियंक कानूनगो ने ओवैसी को भी नसीहत देते हुए कहा कि बच्चों के मामले में नेताओं और राजनीतिक दलों को संवेदनशील होना चाहिए। नाबालिग बच्चियों का शोषण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनसीपीसीआर और सरकार के पास बच्चों के पुनर्वास को लेकर रोडमैप है। मुझे समझ नहीं आता कि लोग कितने बेहूदे राजनीतिक बयान देते हैं।

# संघ के साथ बातचीत जारी रखने के इच्छुक मुस्लिम नेता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मुस्लिम संगठनों का मानना है कि आरएसएस के साथ बातचीत जारी रहनी चाहिए और दोनों समुदायों के बीच संघर्ष का जल्द समाधान होना चाहिए। जमात ए इस्लामी हिंद ने कहा, हमारी राय है कि आरएसएस के साथ बातचीत जारी रहनी चाहिए क्योंकि सरकार पर उनका प्रभाव है।

अपने स्पष्टीकरण में उन्होंने कहा: हम संघर्ष नहीं चाहते हैं इसलिए हमें उम्मीद है कि बातचीत सकारात्मक परिणाम देगी। एक अन्य मुस्लिम बुद्धिजीवी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि गोकशी के मुद्दे पर समुदाय को विस्तृत प्रतिक्रिया देनी चाहिए, क्योंकि मामलों में मुस्लिम शामिल नहीं हैं और यह अब एक व्यावसायिक मुद्दा बन गया है।

### कारगिल के खलनायक मुशर्रफ का निधन

**इस्लामाबाद।** कारगिल के खलनायक और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का रविवार को निधन हो गया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। परिवार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 79 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति और सेनाध्यक्ष मुशर्रफ एमाइलॉयडोसिस से पीड़ित थे। उनका निधन दुबई में हुआ।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, मुशर्रफ ने 1999 में देश में मार्शल लॉ लगाने के बाद मुख्य कार्यकारी का पद संभाला और 2001 से 2008 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। देश की बागडोर संभालने के बाद मुशर्रफ पाकिस्तान के सबसे लंबे समय तक सेवा करनेवाले राष्ट्रपति बने रहे।

# अब क्वेटा में बम धमाका, 5 घायल

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में रविवार को एक पुलिस चौकी के पास बड़ा बम विस्फोट हुआ है। बचाव अधिकारियों ने कहा कि क्वेटा पुलिस लाइन्स इलाके के पास हुए विस्फोट में कम से कम पांच लोग घायल हो गए हैं। घटनास्थल पर बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे ईधी कार्यकर्ता जीशान अहमद ने पाकिस्तानी मीडिया को बताया कि घायलों को क्वेटा के सिविल अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस और आपातकालीन टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई हैं और इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।




### फैन ने शाहरुख से पूछा 'पठान' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने अपने ट्विटर हैंडल पर मजेदार आस्क एसआरके सेशन के लिए ट्विटर का इस्तेमाल कर रहे हैं। अभिनेता, जिनकी हालिया फिल्म 'पठान' ने बॉक्स-ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े हैं, आस्क एसआरके सत्र के दौरान अपने प्रशंसकों द्वारा पूछे गए सवालों के मजाकिया, विचित्र जवाब देते रहे हैं। शनिवार को, एक प्रशंसक ने शाहरुख से उनकी हालिया रिलीज के वास्तविक कलेक्शन के बारे में पूछा, पठान में दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी हैं। प्रशंसक ने ट्वीट किया, पठान का असली कलेक्शन कितना है? जवाब में, शाहरुख ने लिखा, 5,000 करोड़ प्यार। 3,000 करोड़ की सराहना। 3,250 करोड़ गले। 2 बिलियन मुस्कान और अभी भी गिनती जारी है। तेरा अकाउंटेंट क्या बता रहा है?



### सिद्धार्थ-कियारा की शादी में 'नो फोन पॉलिसी' की घोषणा

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने भी 6-7 फरवरी को होनेवाले अपने शादी फंक्शन में नो फोन पॉलिसी की घोषणा की है। कपल ने अपनी शादी में 'नो फोन पॉलिसी' का ऑप्शन चुना है, ताकि उनकी अनुमति के बिना सोशल मीडिया पर कुछ भी लीक न हो। सूत्रों के अनुसार, सिद्धार्थ और कियारा ने मेहमानों से अनुरोध किया है कि वे फंक्शन की कोई भी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट न करें। यह भी बताया जा रहा है कि सिद्धार्थ और कियारा ने होटल के स्टाफ को सख्त निर्देश देकर उन्हें 'नो फोन पॉलिसी' के बारे में जानकारी दी है। दोनों ने ऐसी विनती की है कि कोई भी शादी की तस्वीरें या वीडियो कहीं भी शेयर ना करें। शादी की तैयारियां लगभग हो चुकी हैं।

## दिल्ली दंगा: कोर्ट के फैसले पर चिदंबरम ने कहा

# मुकदमे से पहले की कर दिए कैद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत द्वारा दंगे के एक मामले में 11 लोगों को बरी किए जाने और उन्हें बलि का बकरा करार दिए जाने के बाद पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने इसे 'मुकदमे से पहले की कैद' करार दिया है। उन्होंने रविवार को ट्वीट्स की एक सीरीज में कहा, दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट ने माना है कि जामिया मिलिया इस्लामिया में 2019 में हुई हिंसा की घटनाओं से जुड़े एक मामले में शरजील इमाम और 10 अन्य को बलि का बकरा बनाया गया था। क्या आरोपियों के खिलाफ प्रथम ध्ष्टया सबूत थे? बिल्कुल नहीं।

### सुप्रीम कोर्ट को कानून के इस दैनिक दुरुपयोग को समाप्त करना चाहिए



**उन्होंने** कहा, सुप्रीम कोर्ट को कानून के इस दैनिक दुरुपयोग को समाप्त करना चाहिए। जितनी जल्दी हो उतना अच्छा। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र और कार्यकर्ता शारजील इमाम, सह-आरोपी आसिफ इकबाल तन्हा और अन्य को जामिया में दिसंबर, 2019 में हुई हिंसा की घटनाओं से संबंधित एक मामले में आरोपमुक्त करते हुए कहा कि पुलिस अपराध करने के पीछे वास्तविक अपराधियों को पकड़ने में असमर्थ रही, लेकिन निश्चित रूप से उपरोक्त आरोपियों को बलि का बकरा बनाने में कामयाब रही। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के मुद्दे पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प के बाद हिंसा भड़क गई थी। साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अरुल वर्मा ने आदेश पारित किया।

उन्होंने कहा, कुछ आरोपी लगभग तीन साल से जेल में बंद हैं। कुछ को कई महीनों के बाद जमानत मिली है। यह प्री-ट्रायल कैद है। मुकदमे से पहले नागरिकों को जेल में रखने के लिए अयोग्य पुलिस जिम्मेदार है। उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी? आरोपी ने जेल में जो महीने या साल बिताए हैं, उन्हें कौन वापस करेगा? उन्होंने कहा, आपराधिक न्याय प्रणाली जो प्री-ट्रायल कैद को झेलती है, भारत के संविधान, विशेष रूप से अनुच्छेद 19 और 21 का अपमान है।

### बल्बोआ की टीम ने 'द कपिल शर्मा' शो में मचाया हंगामा



**मुंबई।** फिल्म शिव शास्त्री बल्बोआ रिलीज के अंतिम चरण में हैं और फिल्म की टीम को जमकर मीडिया की सुर्खियां मिल रही हैं। लोगों में भी फिल्म को देखने की उत्सुकता काफी बढ़ गयी है। फिल्म के स्टारकास्ट भी हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं कि वो दर्शकों तक अपनी बात पहुंचाएं, ताकि लोग इस फिल्म पर अपना भरपूर प्यार बरसाए। जी हां, हाल ही में फिल्म की पूरी स्टारकास्ट एक साथ 'द कपिल शर्मा' शो में पहुंची और बॉक्सिंग ग्लव्स पहनकर जबरदस्त हंगामा मचाया, जिसकी तस्वीरें जमकर वायरल हो रही हैं। शो में फिल्म के कलाकार अनुपम खेर, नीना गुप्ता, जुगल हंसराज, शारिब हाशमी, नरगिस फाखरी, निर्देशक अजयन वेणुगोपालन, निमार्ता तरुण राठी, आशा वरिथ, कार्यकारी निमार्ता आशुतोष बाजपेय मौजूद थे। इन सभी ने बॉक्सिंग ग्लव्स पहने और मजेदार तस्वीरें खिंचवाईं। सभी ने अपनी आने वाली फिल्म के बारे में कपिल शर्मा के साथ कुछ दिलचस्प सवालों के जवाब देते हुए अपने प्रशंसकों के साथ मजेदार बातचीत की।

### अक्षय के वीडियो में सलमान ने किया डांस

**मुंबई।** अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर सलमान खान के साथ एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में दोनों डांस करते नजर आ रहे हैं। दोनों सुपरस्टार्स ने अक्षय की आने वाली फिल्म सेल्फी के पार्टी सॉन्ग पर मैं खिलाड़ी पर ठुमके लगाए। अक्षय कुमार ने सलमान को गाने की धुन पर नचाया और कहा कि वह जल्दी सीखते हैं। उनके सेलिब्रिटी दोस्तों और फैंस ने उनके डांस वीडियो पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, क्योंकि दोनों ने मैं खिलाड़ी का हुक स्टेप किया। अक्षय के 1994 के गीत मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी का रीमेक है। फैंस को अक्षय और सलमान की केमेस्ट्री और डांस काफी पसंद आया है। अक्षय और सलमान के फैंस में से एक ने कहा कि 'भाई ने मार डाला। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'पसंदीदा लोगों को एक साथ देखना अच्छा लगता है।'